CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 29 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 167 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 3 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द नासूर: धनखड़ पेज 2



नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में फिर शीर्ष पर खेल टाइम्स



सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा इजरायल: यूएन पेज 11



मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था: रश्मिका मंदाना बॉलीवुड

# खुलासा: कैप्टन सुमित सभरवाल ने बचाई 2000 जानें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को एयर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या हजारों में हो सकती थी। हालांकि, कैप्टन सुमित सभरवाल (56) की सूझबूझ की वजह से कई जानें बच गईं।

सूत्रों के अनुसार, कैप्टन सुमित को जब ये अहसास हो गया कि वे विमान क्रैश होने से नहीं रोक सकेंगे तो उन्होंने जानबूझकर विमान को ऐसी जगह गिराया जहां नुकसान कम से कम हो। बोइंग 787 विमान मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिरा। यह इलाका कम आबादी वाला था, लेकिन इसके चारों ओर घनी बस्ती और तीन बड़े अस्पताल हैं। विमान 3 सेकंड पहले या बाद में गिरता, तो तबाही बहुत बड़ी होती। क्रैश साइट के दाईं ओर मिलिट्री हॉस्पिटल है। आगे सिविल अस्पताल और थोड़ी दूरी पर गुजरात कैंसर सोसाइटी मेडिकल कॉलेज भी है। दुर्घटना के बाद हादसे की जगह की जांच के दौरान मौजूद एक विमानन अधिकारी ने बताया कि गिरते हुए विमान की ट्रैजेक्टरी के अनुसार यह सीधा 1200 बेड वाले सिविल हॉस्पिटल पर क्रैश होने जा रहा था। शुरुआती जांच से पता चलता है कि पायलट ने इसे कुछ सेकंड पहले ही डाउन कर दिया। इससे, यह मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की छत से फिसलते हुए पेड़ों के बीच गिरा।




**कुछ सेकंड पहले ही डाउन कर दिया था प्लेन, तीन सेकंड की देरी से बहुत बड़ी तबाही होती**

# IPS पराग जैन रॉ चीफ बने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने 1989 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस पराग जैन को देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया चीफ नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा।

वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जो 30 जून (आज) को रिटायर हो रहे हैं। पराग लंबे समय से रॉ से जुड़े हैं। उन्होंने रॉ के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल के साथ मिलकर काम किया है। वे पाकिस्तान डेस्क को संभाल रहे हैं।



**एक जुलाई से चार्ज संभालेंगे, दो साल का कार्यकाल रहेगा**

# पीओके में पाक ने फिर बनाने शुरू किए आतंकी ठिकाने

## घने जंगलों में बना रहा हाईटैक ट्रैनिंग कैम्प, 13 लॉन्चपैड डेवलप करने में दोबारा जुटा

इस्लामाबाद, वार्ता

**पाकिस्तानी** सेना, सीक्रेट एजेंसी आईएसआई और पाक सरकार मिलकर भारत के ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए आतंकी ठिकानों और ट्रेनिंग कैंप्स को फिर से बना रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तानी सेना की मदद से आतंकी संगठन अब लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास घने जंगलों में छोटे और हाई-टेक ट्रेनिंग कैंप बना रहे हैं। इनका मकसद भारतीय सेना की निगरानी और हवाई हमलों से बचना है। ये कैंप्स लुनी, पुटवाल, ताइपु पोस्ट, जमीला पोस्ट, उमरनवाली, चप्रार, फॉरवर्ड कहुटा, छोटा चक और जंगलोरा जैसे इलाकों में बनाए जा रहे हैं। इनमें थर्मल इमेजर, जंगल में निगरानी करने वाले रडार और सैटेलाइट को चकमा देने वाली तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है। पाकिस्तान पीओके में फिर से 13 लॉन्चपैड डेवलप कर रहा है। इनमें केल, शारदी, दुधनियाल, अथमुकाम, जुरा, लीपा वैली, पचिबन चमन, तंदपानी, नैयाली, जानकोट, चकोटी, निकैल और फॉरवर्ड कहुटा शामिल हैं। इसके अलावा, जम्मू सेक्टर की इंटरनेशनल बॉर्डर पर मसरूर बड़ा भाई, चप्रार, लुनी और शकरगढ़ में चार लॉन्चपैड बना रहे हैं। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पीओके में मौजूद कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। आईएसआई अब बड़े आतंकी कैंप्स की जगह छोटे-छोटे कैंप बनाने पर फोकस कर रही है। ताकि किसी हमले में नुकसान को कम किया जा सके। हर कैंप का अपनी सिक्योरिटी सिस्टम होगा, जिसमें खास तरह से ट्रेंड पाकिस्तानी सैनिक तैनात होंगे। ये सैनिक थर्मल सेंसर, लो फ्रीक्वेंसी वाले रडार और एंटी-ड्रोन तकनीक से लैस होंगे। सीक्रेट एजेंसियों ने बहावलपुर में हुई एक सीक्रेट बैठक की जानकारी भी इंटरसेप्ट की है।



**भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में तबाह किए थे** | **पाक का मकसद भारतीय सेना की निगरानी करना**

## राजनीतिक अस्थिरता के बीच धामी का कीर्तिमान

# धामी बने उत्तराखंड में भाजपा के सबसे लंबी पारी वाले सीएम

मोहम्मद शाह नजर

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को प्रदेश में भाजपा के अपने सभी पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल को पीछे छोड़ते हुए सबसे लंबे समय तक पद पर बने रहने का कीर्तिमान स्थापित कर लिया है। राज्य गठन के बाद वे दूसरे ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं जिन्होंने सबसे लंबा कार्यकाल पूरा किया है। इस सूची में शीर्ष पर अब भी कांग्रेस के दिवंगत दिग्गज नेता पंडित नारायण दत्त तिवारी हैं, जिन्होंने बतौर मुख्यमंत्री पूरा पांच वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किया था।

मुख्यमंत्री धामी ने यह उपलब्धि अपने पूर्ववर्ती भाजपा मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के अचानक पद से हटाए जाने के बाद हासिल की। उल्लेखनीय है कि त्रिवेंद्र सिंह रावत को पार्टी हाईकमान ने उनके कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने से एक सप्ताह पहले ही, 10 मार्च 2021 को, इस्तीफा देने का आदेश दिया था। उस समय ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में विधानसभा का बजट सत्र चल रहा था, और सदन में गरमागरम चर्चा के बीच यह फैसला चौंकाने वाला रहा। त्रिवेंद्र सिंह रावत आज भी कभी-कभी प्रदेश सरकार के विरुद्ध तीखे और असहज बयान देकर अपनी नाराज़गी जाहिर करते हैं। भाजपा के इस अप्रत्याशित फैसले से न केवल जनता बल्कि राजनीतिक विश्लेषक भी हतप्रभ रह गए थे। हाईकमान ने उन्हें पद से हटाने के बाद एक और चौंकाने वाला निर्णय लिया और पौड़ी गढ़वाल से सांसद -शेष पृष्ठ दो पर



अब सिर्फ एनडी तिवारी से पीछे हैं पुष्कर सिंह धामी

# अधिकारों की रक्षा को अदालतों की सक्रियता जरूरी

नागपुर, वार्ता

**देश के** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए न्यायिक सक्रियता जरूरी है। यह बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदला जा सकता।

सीजेआई ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के तीनों अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को उनकी सीमाएं दी गई हैं। तीनों को कानून के अनुसार काम करना होगा। जब संसद कानून या नियम से परे जाती है, तो न्यायपालिका हस्तक्षेप कर सकती है। सीजेआई गवई नागपुर जिला कोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां उन्होंने कुछ किस्से साझा किए। अपने माता-पिता के संघर्षों के बारे में बताया।



# शुभांशु, गाजर का हलवा ले गए थे क्या?

## पीएम मोदी ने अंतरिक्ष गए शुभांशु शुक्ला से की बातचीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्सिओम मिशन 4 पर गए भारतीय एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल पर बातचीत की। प्राइम मिनिस्टर ऑफिस ने 5.49 बजे बातचीत का वीडियो जारी किया। दोनों के बीच करीब 18 मिनट बातचीत हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां साथियों के साथ बैठकर खाया। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु दो दिन पहले 28 घंटे के सफर के बाद 26 जून की शाम 4.01 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सिओम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी।



**पूछा: इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर आपने अपने साथियों को हलवा खिलाया क्या**

## शिशु मृत्यु दर में 86 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में 'शून्य टीका' वाले बच्चों का प्रतिशत वर्ष 2023 के 0.11 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2024 में 0.06 प्रतिशत रह गया है, जिसके कारण शिशु मृत्यु दर प्रति लाख 80 दर्ज की गई है। संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्यु दर अनुमान रिपोर्ट 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की शिशु मृत्यु दर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 80 है, जो वर्ष 1990 के बाद से 48 प्रतिशत की वैश्विक कमी की तुलना में 86 प्रतिशत की गिरावट है।





## कोलकाता गैंगरेप केस

# मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि

कोलकाता, वार्ता

**कोलकाता** के लॉ कॉलेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (सीएनएमसी) में की गई थी।

कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने एक जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा कि अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है, तो क्या किया जा सकता है। घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। जबकि जैब और प्रमित कालेज के छात्र हैं।



**पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले, मारपीट की भी पुष्टि**

## एएक्स-4 चालक दल ने शोध अध्ययन को की तैयारी शुरू

**चेन्नई।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में चार सदस्यीय चालक दल ने शोध अध्ययन के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। एक्सिओम स्पेस ने 27 जून को एक अपडेट में कहा था कि एक्सिओम मिशन 4 (एक्स-4) कमांडर पैगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला 'शक्स', मिशन विशेषज्ञ स्लावोज़ 'सुवे', उज्नान्स्की-विस्निवेस्की और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापू ने आईएसएस पर अपना पहला दिन पूरा किया, जो उड़ान के तीसरे दिन का अंत था।

## 'कांटा लगा' फेम शेफाली जरीवाला का निधन

**मुंबई।** रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुई एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। शेफाली जरीवाला का अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया। यह ओशिवारा के उसी श्मशान घाट पर होगा, जहां सिद्धार्थ शुक्ला का भी अंतिम संस्कार किया गया था। अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंची और सबूत जुटाए गए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने पति पराग त्यागी का बयान घर पर लिया। अब तक चार लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। शेफाली के घर के कुक और मेड से भी पूछताछ हुई है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।



## लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ हाईवे फिर बंद

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 31 राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। यूपी-बिहार समेत देश के 27 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के सोनप्रयाग में शुक्रवार देर रात तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ते से मलबे को हटाने का काम जारी है। पुलिस ने यात्रियों को कुछ दूर पहले सुरक्षित स्थान पर ही रोक लिया है। राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई।

## छत्तीसगढ़ में 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार को कंपनी नंबर-2 के एक सक्रिय पार्टी सदस्य समेत 13 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इन सभी नक्सलियों पर कुल 23 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन सभी ने आईईडी ब्लास्ट, पुलिस पर फायरिंग, आगजनी जैसी गंभीर घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। नक्सलियों के आत्मसमर्पण कार्यक्रम में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) बीएस नेगी, डा. जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक, बीजापुर, यूलेण्डन यार्क, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मंयक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विनीत साहू, उप पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे। इन सभी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार ने योजना के तहत 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मौके पर प्रदान की।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में पहली बार 360 शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला

**लखनऊ।** यूपी में पहली बार सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला किया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई इस पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कुल 360 शिक्षकों के ऑनलाइन तबादले किए गए हैं। तकनीकी खामियों और दस्तावेजी त्रुटियों के चलते 106 शिक्षकों के तबादला आवेदन निरस्त कर दिए गए। ऑनलाइन तबादले की यह प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी की देखरेख में पूरी की गई। तबादला आदेश विभाग की आधिकारिक वेबसाइट मबंपक. मकजतंदेमितण्नचेकबण्हवअण पद पर अपलोड कर दिए गए हैं, जिन्हें संबंधित शिक्षक लॉगिन कर देख सकते हैं। यह पहला मौका है जब राज्य में एडेड विद्यालयों के शिक्षकों के लिए ऑनलाइन तबादले की प्रक्रिया अपनाई गई है।

### प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए: सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** प. बंगाल में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने राष्ट्रपति शासन लागू करने और सेना तैनात करने की मांग की है। कोलकाता में सामूहिक बलात्कार मामले में पश्चिम बंगाल के एलओपी और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति शासन या अनुच्छेद 355 लागू किया जाना चाहिए और सेना और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाना चाहिए। जब तक आप ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर नहीं करेंगे, तब तक ऐसा होता रहेगा। पूरी पार्टी बलात्कारियों, भ्रष्ट और राष्ट्र-विरोधी लोगों की है। जिसके कारण प्रदेश में अपराध पनप रहे हैं और सरकार नाकाम है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने मोदी सरकार पर बोला हमला

# जनता की जेब काटने में लगी सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ लगातार महंगाई बढ़ने से घरेलू बचत घट रही, पिछले तीन साल से यह क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार हमला करते हुए शनिवार को कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार आवश्यक वस्तुओं के आकाश छूते दामों को रोकने के उपाय करने की बजाय जनता की जेब काटने में लगी है।

खड़गे ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि महंगाई बढ़ने के कारण घरेलू बचत लगातार घट रही है और पिछले तीन साल से यह क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार भले ही 'अमृत काल' मना रही है लेकिन सच यह है कि लोगों की बचत बंद हो गई है और उसके घरेलू खर्चों पर लगाम लग गई है। उन्होंने कहा कि बचत बंद, घरेलू खर्चों पर लगाम, ये है 'अमृत काल' के परिणाम। बचत बैंक खाते पर ब्याज दर 25 वर्षों में सबसे निचले पायदान पर आ गई और घरेलू बचत 50 वर्षों में सबसे कम तो हुई थी, पिछले तीन वर्षों से लगातार गिरावट देखने को मिली। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार ने जनता की जेब काटने का ठेका ले रखा है।

### भाजपा को समानता पसंद नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मूलत: पिछड़ा वर्ग, आरक्षण तथा संविधान विरोधी है, इसलिए मध्य प्रदेश में करीब 50 प्रतिशत आबादी वाले ओबीसी समुदाय को आरक्षण नहीं दे रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रमुख डा. अनिल जयहिंद ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश की आधा आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है और सारे फैसले इस वर्ग को आरक्षण देने के पक्ष में है, इसके बावजूद भाजपा सरकार इस वर्ग के लोगों को उनका अधिकार नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह रुख दिखाता है कि वह न सिर्फ ओबीसी, आरक्षण और संविधान विरोधी है, बल्कि उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता भी पसंद ही नहीं है।

### नरसिम्हा राव को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पीवी नरसिम्हा राव को उनकी 104वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़गे ने कहा कि हम पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी सरकार की दूरगामी आर्थिक उदारीकरण नीतियों ने अभूतपूर्व राष्ट्रीय विकास के युग को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये सुधार मध्यम वर्ग के उत्थान और विस्तार में महत्वपूर्ण थे, जिसने अधिक मजबूत और लचीले भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी।

# संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द नासूर

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का आपातकाल पर बड़ा हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्दों को नासूर करार देते हुए कहा है कि इससे संविधान की आत्मा का अपमान हुआ है।

धनखड़ को शनिवार को उपराष्ट्रपति निवास में आयोजित एक समारोह में कर्नाटक के पूर्व विधायक और लेखक डीएस वीरैया द्वारा संकलित 'अंबेडकर के संदेश' पुस्तक की पहली प्रति भेंट की गई। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति ने संविधान की प्रस्तावना को बदले जाने को गंभीर विषय बताया और कहा कि प्रस्तावना वह आधार है, जिस पर पूरा संविधान टिका है। उन्होंने कहा कि अन्य किसी भी देश के संविधान की प्रस्तावना में इस तरह का बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना अद्वितीय है। भारत को छोड़कर दुनिया के किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ है और क्यों? प्रस्तावना अपरिवर्तनीय है। प्रस्तावना आधार है, जिस पर पूरा संविधान टिका है। यह उसकी बीज-रूप है। यह संविधान की आत्मा है। लेकिन भारत की इस प्रस्तावना को 1976 में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत बदल दिया गया और समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जैसे शब्द जोड़ दिए गए।



धनखड़ ने आपातकाल को लोकतंत्र का अंधकारमय दौर बताया और कहा कि इसकी कड़ी से कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपातकाल-भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय दौर था। जब लोग जेलों में थे, मौलिक अधिकार निलंबित थे। उन लोगों के नाम पर हम भारत के लोग जो खुद उस समय दासता में थे, क्या सिर्फ शब्दों का प्रदर्शन किया गया? इसकी शब्दों से परे जाकर निंदा की जानी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने इसकी प्रस्तावना को अत्यंत परिश्रम से सोच विचार कर तैयार किया होगा, लेकिन जब देश के लोगों पर आपातकाल का बंधन था उस समय इसे बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि हमें आत्मलचतन करना चाहिए। डा. अंबेडकर ने अत्यंत परिश्रम से यह कार्य किया। उन्होंने अवश्य ही इस पर गहराई से विचार किया होगा। हमारे संविधान निर्माताओं ने प्रस्तावना को सही और उचित समझ कर जोड़ा था, लेकिन इस आत्मा को ऐसे समय बदला गया जब लोग बंधन में थे। भारत के लोग, जो सर्वोच्च शक्ति का स्रोत हैं, वे जेलों में थे, न्याय प्रणाली तक पहुंच से वंचित थे। धनखड़ ने विभिन्न संविधान पीठों द्वारा संविधान की प्रस्तावना की व्याख्या का भी उल्लेख किया।

# बीजेपी-कांग्रेस दोनों के चरित्र दोहरे: मायावती

■ प्रस्तावना में छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के संविधान की प्रस्तावना पर दिए गए बयान पर अब बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि समय समय पर संविधान में गैर जरूरी परिवर्तन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल भावना प्रस्तवान में दर्शाया गया है, उसमें छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए।

मायावती ने कहा कि दोनों पार्टियों के दिल में कुछ और और जुबान पर कुछ और होता है। मायावती ने कहा कि पार्टियों को अपने संकीर्ण विचार से ऊपर उठकर संविधान से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। मायावती ने कहा कि हमें भी अपनी आवाज को देशभर में उठाना पड़ेगा। इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश के कई राज्यों में भाषा के नाम पर राजनीति ठीक नहीं है, सभी भाषाओं को सम्मान देना चाहिए। सरकार और पार्टियों में टकराव होना ठीक नहीं है। मायावती ने बिहार में वोटर लिस्ट वाले मामले पर भी कहा कि चुनाव आयोग को अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए और पार्टियों को विश्वास में लेना चाहिए।

# भाजपा ने ममता बनर्जी से मांगा इस्तीफा

## कोलकाता लॉ कालेज में छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने कोलकाता के कस्बा लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ जघन्य सामूहिक बलात्कार की घटना को राज्य सरकार के संरक्षण में हुआ अपराध करार देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफा देने की मांग की है तथा इस घटना की जांच के लिए एक चार सदस्यीय समिति गठित करने की घोषणा की है।



भाजपा के प्रवक्ता डा. संबित पात्रा ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बंगाल में जो रहा है उसको लेकर हम सब बहुत पीड़ा में हैं। बंगाल में महिलाओं के साथ इस प्रकार के क्रूर व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। हम ममता बनर्जी स्पष्टीकरण नहीं मांग रहे हैं, हम उनसे माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता के लॉ कॉलेज में हुई इस भयावह घटना से पूरा देश दुखी है। आश्चर्य की बात है कि पश्चिम बंगाल किस दिशा में जा रहा है। यह दुखद है कि बंगाल में महिलाओं के खिलाफ इस तरह के जघन्य अपराध बार-बार सामने आ रहे हैं, जबकि यहां एक महिला मुख्यमंत्री हैं। यहां महिलाओं के साथ इतनी क्रूरता क्यों हो रही है। पीड़िता के बयान से पता चलता है कि यह राज्य प्रायोजित क्रूरता है। ऐसा कहने का कारण यह है कि कथित तौर पर कॉलेज यूनियन इसमें शामिल है। वह इसी कॉलेज का छात्र है, कानून की पढ़ाई कर रहा है और साथ ही सत्तारूढ़ पार्टी के छात्र संगठन से भी जुड़ा हुआ है। डॉ. पात्रा ने कहा कि 25 जून के दिन कोलकाता के कस्बा लॉ कॉलेज में लगभग 24-25 वर्षीय हमारी एक बहन, एक छात्रा के साथ जिस प्रकार का एक जघन्य गैंगरेप का केस हुआ है, उसको लेकर आज पूरे भारतवर्ष में एक दुख का माहौल है।

# यूपी के लापरवाह अफसरों पर फिर की सरकार ने कार्रवाई

■ सात अधिकारियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक लापरवाही पर कड़ा कदम उठाते हुए एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

इस बार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2-0 के परती भूमि विकास विभाग के चार परियोजना प्रबंधकों और तीन अवर अभियंताओं को कर्तव्यहीनता के लिए उनके सेवा अभिलेखों में प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों को ऐसे मामलों की बारीकी से निगरानी करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाद भी इन अधिकारियों के आचरण में सुधार न होने पर कठोर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। परती भूमि विकास विभाग के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2-0 के लिए राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जीएस नवीन ने शुक्रवार को यहां बताया कि परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए नियमित विभागीय समीक्षा की जा रही है। हाल ही में परियोजना प्रबंधकों और अवर अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों से पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों का डीपीआर के अनुसार ब्योरा देने को कहा गया था।





**सोना रु. 97,784**
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु. 105193**
प्रति किलो



### आईआईटी बॉम्बे में अवैध रूप से प्रवेश के मामले में सुरक्षा चूक का खुलासा

**मुंबई।** आईआईटी पवई में अवैध रूप से प्रवेश के मामले में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की जांच टीम ने संस्थान की सुरक्षा टीम की ओर से लापरवाही पर चिंता जताई है और परिसर की सुरक्षा में गंभीर चूक को भी उजागर किया है। गौरतलब है कि इस मामले में कर्नाटक के मंगलुरु के एक निवासी को अवैध रूप से छात्रावास में रहने और आईआईटी मुंबई में व्याख्यान में भाग लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। यह संस्थान भारत का प्रमुख तकनीकी संस्थानों और दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। बिलाल अहमद फैयाज अहमद तेली नामक व्यक्ति ने कथित तौर पर संस्थान के भीतर जासूसी गतिविधियों को अंजाम दिया और 14 दिनों तक अवैध रूप से आईआईटी पवई के अंदर रहा, सुरक्षा कर्मियों की नजर में आए बिना लगभग आठ से 10 बार परिसर में स्वतंत्र रूप से आता जाता रहा। पुलिस को बिलाल के मोबाइल फोन पर मैसेजिंग और कॉलिंग प्लेटफॉर्म आईएमओ और सिग्नल ऐप मिले हैं।

# एमएसएमई 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रदान कर रहा आजीविका

## वित्त मंत्रालय ने दी जानकारी, विकास यात्रा को गति मिली

**नई दिल्ली।** देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान कर रहे हैं।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिए जा रहे हैं। उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपए तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं, बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम, पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख रुपए तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गई है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपए की गई है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेजी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गई है।

### इस सप्ताह सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही

**नई दिल्ली।** इस सत्ताह सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 21 जून को सोना 98,691 रुपए पर था, जो 28 जून को 95,784 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,907 रुपए कम हुई है। वहीं पिछले शनिवार को चांदी 1,06,775 रुपए पर थी, जो अब 1,05,193 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 1,582 रुपए कम हुई है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 रही, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 थी, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,420 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,300 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,470 और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350 थी।

# दाल दलहन और अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे, तेलों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शनिवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मूंग दाल, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800,



मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**धामी बने...** तीरथ सिंह रावत को प्रदेश की बागडोर सौंप दी। तीरथ सिंह रावत तकनीकी रूप से प्रदेश के 12वें और भाजपा के 5वें मुख्यमंत्री बने। इससे पूर्व वे 2007 में प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रह चुके थे, लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में उनका चयन पार्टी को जल्द ही त्रुटिपूर्ण प्रतीत हुआ। फलस्वरूप, केवल 116 दिनों के भीतर (10 मार्च से 4 जुलाई 2021) पार्टी को दोबारा नेतृत्व बदलना पड़ा। इसके बाद पार्टी ने दो बार के विधायक पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया, जिन्हें राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री रहे भगत सिंह कोश्यारी का शिष्य माना जाता है। उत्तराखंड की विषम भौगोलिक स्थितियों और दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों के समग्र विकास के उद्देश्य से 9 नवम्बर 2000 को राज्य का गठन किया गया था। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक और इतिहासकार जयसिंह रावत ने शाह टाइम्स से बातचीत में बताया, अंतरिम सरकार के रूप में भाजपा के नित्यानंद स्वामी ने पहले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली, लेकिन पार्टी के आंतरिक विरोध के चलते वे एक वर्ष भी पूरा नहीं कर पाए और केवल 354 दिनों में उन्हें पद छोड़ना पड़ा। इसके बाद, आरएसएस से जुड़े भगत सिंह कोश्यारी को 30 अक्टूबर 2001 को मुख्यमंत्री बनाया गया, लेकिन वे भी केवल 122 दिन पद पर रहे। 2002 में जब पहली बार राज्य में पूर्ण बहुमत की निर्वाचित सरकार बनी, तो कांग्रेस के पंडित नारायण दत्त तिवारी ने मुख्यमंत्री पद संभाला और तमाम आंतरिक गुटबाज़ी के बावजूद उन्होंने पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा किया, जो अब तक का रिकॉर्ड है। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने कार्यकाल में 3 वर्ष 357 दिन पूरे किए थे, जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को 3 वर्ष 358 दिन का कार्यकाल पूरा करके उन्हें पीछे छोड़ दिया है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा के सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों भुवन चंद्र खंडूरी (दो बार मुख्यमंत्री), रमेश पोखरियाल निशंक और त्रिवेंद्र सिंह रावत को कार्यकाल की दृष्टि से पीछे छोड़ दिया है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने धामी की इस उपलब्धि को उनके नेतृत्व में प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून, भू-कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून और समान नागरिक संहिता जैसे कई जनहितकारी फैसलों का परिणाम बताया है।

# बुलडोजर बन गया अन्याय का प्रतीक: सपा

## बीजेपी गोरखपुर में मेट्रो तक नहीं चला पाई: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सत्ता के बल पर जमीन कब्जा रही है और विपक्षी नेताओं को दबाने के लिए बुलडोजर का दुरुपयोग कर रही है। इसी के साथ तंज कसते हुए उन्होंने सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए।

अखिलेश यादव ने कहा कि विधानसभा में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडे और विधान परिषद में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव गोरखपुर में व्यापारियों से मिलने गए थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी। यूपी विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने आरोप लगाया कि हमने 24 जून को जिला प्रशासन को जानकारी दे दी थी, फिर भी जब हम शिवपुर चौराहे के पास पहुंचे, तो बीजेपी विधायक और मेयर ने रास्ता रोककर हंगामा कराया। पुलिस ने हमारे कार्यकर्ताओं से धक्का-मुक्की की और गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी जहां भी जमीन देखती है, उसे कब्जाने के लिए बुलडोजर का सहारा लेती है। हमारे दोनों विपक्षी नेता वहां पहुंचे, तो उन्हें रोकने के लिए बुलडोजर लगा दिया। समाजवादी पार्टी विकास के खिलाफ नहीं है, लेकिन सरकार को लोगों को बाजार दर पर मुआवजा देना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर में बीजेपी राज्य सरकार के 9 साल और केंद्र सरकार के 11 साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक मेट्रो नहीं चली। अगर गोरखपुर के लोग मुंह खोल देंगे, तो विरासत गलियारा नहीं, हिरासत गलियारा बन जाएगा। अखलिश ने कहा कि बीजेपी सरकार ने 9 साल में एक भी नया बिजली प्लांट शुरू नहीं किया, जो प्लांट चल रहे हैं, वे समाजवादी सरकार में शुरू किए गए थे। अब सरकार बिजली बेचने की तैयारी में है।

### सरकार बदलने पर ही मिलेगा आजम को न्याय

**लखनऊ।** सपा नेता आजम खान से मिलने के बाद तंजीम फातिमा के दिए गए बयान पर अब सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि उन्हें न्याय तभी मिल सकता है जब ये सरकार बदल जाए, उनके साथ अन्याय हो रहा है। हम सब भगवान और ईश्वर को मानने वाले लोग हैं, सबका भरोसा भगवान और ईश्वर पर है। न्याय सरकार बदल जाए तब मिलेगा या फिर भगवान से मिलेगा। इसके साथ ही सपा मुखिय अखिलेश यादव ने आरएसएस के बयान पर कहा कि जो लोग आरक्षण और संविधान के विरोधी हैं,जब वह सीधे-सीधे आरक्षण को खत्म करने के लिए नहीं बोल सकते हैं, तब वह समाजवादी शब्द हटाने की बात करते हैं। जिन लोगों का दिमाग नफरत और नकारात्मक राजनीति से भरा हुआ है,जो बांटकर समाज में दीवार खड़ी कर राजनीति करना चाहते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बाग के रखवाले का शव हौज में मिला

## हत्या व हादसे में उलझी पुलिस, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव रूकंदपुर में शुक्रवार की देर रात रहस्मय बाग चौकीदार की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीण सीधे-सीधे चौकीदार की हत्या होना बता रहे है।

ग्रामीणों का कहना है कि मृतक के शरीर पर कुछ निशान है जिससे हत्या की आंशका है पुलिस ने हौजी में पडे शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव रूकंदपुर निवासी गोपाल दिन के समय में बिजली का काम करता था और रात के समय में वह बाग की देखभाली करता था। बाग की देखभाली वह करीब बीस वर्षो से करता आ रहा था बीती रात वह अपने घर से खेत में पानी चलाने के लिए कहकर आया था। जब ग्रामीण सवेरे के समय बाग में पहुंचे तो पानी की होजी में सिर के बल उसका शव पड़ा हुआ देखा। गोपाल का शव देखकर जैसे ही यह खबर गांव में दी गई तो ग्रामीण मौके की ओर दौड पडे।

उधर परिवार के लोगों में गोपाल की मौत से हड़कंप मच गया। कुछ लोगों का कहना था कि मृतक के सिर पर चोटे लगी थी और किसी ने पानी की हौजी में उसको जबरदस्ती फेंका है। सूचना मिलने के बाद शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। उधर जिला पंचायत सदस्य अमरकांत भी मौके पर पहुंच गए थे उनका कहना था कि गोपाल काफी वर्षो से बाग की देखभाली का काम करता था। और कई घंटे शव पानी में पड़ा होने के कारण अकड चुका था। मृतक के बेटे रोते हुए बताया कि उसका पिता बीस वर्षो से बाग में काम करता था, लेकिन इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। कुल मिलाकर गोपाल की मौत को लेकर गांव में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



## ट्रैक्टर चलाना सीख रहे किशोरों ने बच्चे को कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** ट्रैक्टर चलाना सीख रहे किशोरों ने एक किशोर को ट्रैक्टर के नीचे कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। किशोर डर के कारण घटना को अंजाम देकर फरार हो गये वहीं मृतक किशोर के परिजनों में जबरदस्त को. हराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव परासौली में आज शनिवार की सायं लगभग 06 बजे गांव के ही कुछ किशोर एक ट्रैक्टर चलाना सीख रहे थे। इसमें गांव परासौली के ही कुरैशी, अंसारी, शेख और सैफी समाज के दर्जनों किशोर थे। जब ट्रैक्टर पर गांव के ही तीन-चार किशोर बैठे हुए थे और वे ट्रैक्टर चलाते हुए पूरा शोर शराबा कर रहे थे और ट्रैक्टर भी तेज रफ्तार पर था तो उनको उस समय कोई भी रोकने वाला नहीं था। जिसके चलते वे ट्रैक्टर पर बेठकर अपनी ही मनमानी कर रहे थे कि अचानक से इस दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और उसमे से एक बच्चा नीचे आकर गिर गया तो ट्रैक्टर का पिछला पहिया बच्चे के सिर के उपर उतर गया और बच्चे ने मौके पर ही दम तोड दिया। उधर ट्रैक्टर चलाना सीख रहे सभी किशोर चलते हुए ट्रैक्टर से एक एक करके कूदकर फरार हो गये जबकि अन्य बच्चों ने शोर मचाकर सैंकडघें लोगों को मौके पर बुला लिया। ग्रामीण घायल बच्चे को आनन फानन में गांव में मौजूद एक चिकित्सक के क्लीनिक पर लेकर आए। जिसने बच्चे को मृत बताया। उधर बच्चे की मौत की सूचना पर मौके पर आए परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर बुढाना पुलिस भी पहुंची और शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक देर रात तक फैसले का प्रयास चल रहा था और पुलिस मौके पर ही मौजूद थी।



नगर पालिका में भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित कराने की घोषणा करते मंत्री।

## रोड़ की गुणवत्ता खराब मिलने पर नाराज हुए मंत्री

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने रूड़की रोड से मदीना चौक तक निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान गुणवत्ता में कमी पाई गई। मंत्री ने मौके पर मौजूद लोनिवि के जेई से पूछताछ कर तत्काल प्रभाव से काम रुकवा दिया। रुड़की रोड से मदीना चौक तक करीब दो करोड़ रुपये की लागत से डेढ़ किमी सीसी रोड के निर्माण कराया जा रहा है।

इसके लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था बना गया है। इस समय सिर्फ 200 मीटर तक ही सीसी रोड का निर्माण हो पाया है।उधर क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण मानक के अनुरूप न होने की शिकायत क्षेत्रीय विधायक एवं उप्र के कौशल विकास मंत्री कपिलदेव अग्रवाल से की थी। शनिवार को मंत्री मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता की जांच की।

## सर्वोच्च राजस्व देने वाले व्यापारी भामाशाह सम्मान से सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** दानवीर भामाशाह जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित व्यापारी कल्याण दिवस पर सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज में, प्रदेश की प्रगति में विशेष योगदान देने वाले व्यापारियों हेतु सम्मान समारोह का आयोजन जिला प्रशासन एवं राजस्व कर विभाग द्वारा होटल प्लासा के अनन्या सभागार में मुख्य अतिथि कपिलदेव अग्रवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उधमशीलता उत्तर प्रदेश सरकार व विशिष्ट अतिथि डॉ वीरपाल निर्वाल माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष एवं मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्ष नगर पालिका परिषद तथा जिलाधिक. ारी उमेश मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उधमशीलता उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि भामाशाह एक दानवीर और मेवाड़ के महाराणा प्रताप के मित्र तथा सलाहक. ार थे। उनका जन्म 28 जून 1547 को राजस्थान के मेवाड़ में हुआ था। वे एक धनी व्यापारी थे, और उनका परिवार मेवाड़ के प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। भामाशाह को उनके दानवीर और मातृभूमि के प्रति प्रेम के लिए जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि भामाशाह एक बहुत बड़े दानवीर व्यक्ति थे, उन्होंने कहा कि समाज में उनका विशेष योगदान रहा है, हमें भी उनकी सोच जैसे बनना चाहिए और देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिये । माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सभागार में बैठे सभी व्यापारी भामाशाह है, समाज की उन्नति में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापारी निरन्तर समाज एवम देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सब



लोगों को जल संरक्षण हेतु अपनी जिम्मेदारी निभाए, एवम वृक्षारोपण करने के लिए सभी को प्रेरित किया।इस अवसर पर सर्वाधिक कर देने वाले व्यापारियों को सम्मानित भी किया गया तथा मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी उपस्थित अतिथियों के द्वारा देखा गया।

सर्वोच्च वस्तु एवं सेवा कर देने वाले 5 व्यापारियों जगमोहन गोयल मेसर्स राधा गोविंद ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड,आनंद मिश्रा मेसर्स के ई सी इंटरनेशनल लिमिटेड दिनेश गर्ग मेसर्स त्रिवेणी इंजीनियरिंग एन्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, विवेक वीरभान/मोहित ए टू जेड ऑटो व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड एवम सतीश गोयल मेसर्स शैलजा आयरन एंड स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड को भामाशाह सम्मान से किया गया सम्मानित।

## पालिका परिसर में स्थापित होगी भगवान परशुराम की प्रतिमा

### यह प्रतिमा नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बनेगी: कपिल देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर के लिए गौरवपूर्ण क्षणकृनगर पालिका परिसर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। आज गांधीनगर स्थित अपने आवास पर उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरुप एवं नेता गौरव स्वरुप से ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजन मिले और इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उनका आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल व मीनाक्षी स्वरुप ने कहा, कि भगवान परशुराम केवल विष्णु के छठे अवतार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में शौर्य, तप, धर्म और मर्यादा के सजीव प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा नगर के लिए गौरव का विषय होगी और आने वाली पीढियों के लिए यह संस्कृति, मूल्य और आदर्शों की प्रेरणा बनेगी।

उन्होंने बताया कि प्रारंभ में ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने एक प्रमुख चौराहे का नामकरण भगवान परशुराम के नाम पर करने का प्रस्ताव दिया था, किंतु कपिल देव अग्रवाल के प्रस्ताव पर नगर पालिका प्रांगण में मूर्ति स्थापना का निर्णय लिया गया। नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और भाजपा नेता गौरव स्वरूप से हुई सकारात्मक चर्चा के उपरांत, सभासद राजीव शर्मा के प्रस्ताव पर नगर पालिका परिषद ने इस प्रस्ताव को पारित कर मूर्त रूप प्रदान किया। मंत्री कपिल देव ने स्पष्ट किया कि यह पहल केवल एक मूर्ति की स्थापना तक सीमित नहीं रहेगी। यह एक सांस्कृतिक चेतना केंद्र के रूप में कार्य करेगीकृजो युवाओं को हमारे ऋषि-मुनियों, ग्रंथों और सनातन ज्ञान से जोडने का कार्य करेगी। यह सामाजिक एकता, आत्मगौरव और सकारात्मक दिशा का प्रतीक बनेगी। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने इसे समाज की वर्षों पुरानी मांग का पूर्ति बताया और इस ऐतिहासिक कदम के लिए मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और गौरव स्वरूप के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर समाज के कई वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा बडी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य रूप से विष्णु शर्मा, प्रदीप शर्मा, उमादत्त शर्मा, पुनीत वशिष्ठ, राजीव शर्मा, अरुण शर्मा, हरीश त्यागी, प्रमोद शर्मा, अक्षय शर्मा, राकेश शर्मा, देवेश शर्मा, हरेंद्र शर्मा, अमित शास्त्री, हिमांशु कौशिक, रविकांत शर्मा, मनोज कुमार सहित समाज के सैकडो लोग मौजूद रहे जिन्होंने मंत्री से भावी सांस्कृतिक पहलों पर भी विचार साझा किए और ऐसे प्रयासों को निरंतर आगे बढाने का आग्रह किया।

## पराग जैन बने रॉ के नए प्रमुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर ।** केंद्र सरकार ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। 30 जून को खत्म हो रहा रवि सिन्हा के कार्यकाल के बाद एक जुलाई 2025 से दो वर्ष तक रॉ में प्रमुख की जिम्मेदारी पराग जैन संभालेंगे। मुजफ्फरनगर के लिए पराग जैन का रॉ प्रमुख बनना गर्व करने वाला है। वह जनपद के गांव नावला के रहने वाले हैं। आज भी उनके परिवार के लोग मुजफ्फरनगर में व्यापार कर रहे हैं, जिसके कारण उनकी इस उपलब्धि पर जैन समाज के साथ गांव से लेकर शहर में खुशी का माहौल है।

भारत की राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी रॉ के प्रमुख रवि सिन्हा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है।

एक जुलाई 2025 को नए प्रमुख के रूप में पराग जैन दो वर्ष तक के लिए कार्यभार ग्रहण करेंगे। पंजाब कैडर के आईपीएस अधिक. ारी पराग जैन का पैशृक गांव मंस. ूरपुर थाना क्षेत्र का गांव नावला है, जहां उनके परिवार के लोग रहते हैं। रमन जैन बताते हैं कि पराग जैन उनके चाचा के बेटे है। दोनों के दादा केशव दास जैन है। रमन जैन ने बताया कि पराग जैन का जन्म नावला में हुआ था, लेकिन उनके पिता विरेंद्र जैन आईआइटी कानपुर में नियुक्त हो गए थे, जिसके चलते उनका परिवार कानपुर चला गया था। पराग जैन की पत्नी सीमा जैन भी पंजाब कैडर में आईएएस अधिकारी हैं।

आईपीएस पराग जैन के रॉ में प्रमुख बनने से जैन समाज सहित परिवार में खुशी की लहर है, यह गर्व की बात है कि मुजफ्फरनगर में जन्म लेने वाले व्यक्ति राष्ट्रीय खुफिया एंजेसी की बागडोर संभालेंगे। सरकार से नामित उप्र कॉपरेटिव फैडरेशन के डायरेक्टर विनोजद जैन ने बताया कि पराग जैन चंडीगढ़ में एसएसपी और लुधयाना में डीआईजी रह चुके हैं।

## मंत्री कपिल देव ने की मुआवजे की घोषणा

**मुज़फ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने ग्राम शेरनगर पहुँचकर गत दिनों जोहड़ मे गिरने से मासूम बालक के दु:खद निधन पर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस हृदयविदारक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

मंत्री कपिल देव ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में सरकार पूरी तरह से उनके साथ है। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि 4 लाख रुपये की राहत राशि सोमवार तक पीड़ित परिवार के खाते में स्थानांतरित की जाए, ताकि उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता मिल सके।


ताराचन्द वैदिक पुत्री (पी.जी.) कालेज, मुजफ्फरनगर
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बन्ध एवं NCTE & AICTE से मान्यता प्राप्त
B.Ed
सत्र-2025-27
न्यूनतम फीस-उत्कृष्ट शिक्षा
नगर के मध्य स्थित एकमात्र महिला महाविद्यालय
प्रवेश हेतु निः शुल्क काउंसलिंग।
एससी एसटी छात्राओं को छात्रवृत्ति के आधार पर प्रवेश।
मेधावी छात्राओं को शुल्क में विशेष छूट।
अनुभवी व योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षण।
पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत प्लेसमेंट की सुविधा।
पता नई मण्डी, निकट बालाजी धाम, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करे:- 9760008988, 9917000198


## अश्लील फोटो वायरल करने वाला आरोपी दबोचा

### युवती व उसकी बहन का किया था फोटो एडिट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोशल मीडिया पर फर्जी इंस्ट्राग्राम आईडी बनाकर युवती की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिविल लाइन पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया है। यह मामला अधिकारियों के सामने था और उन्ही के आधार पर कार्यवाही शुरू हुई थी।

सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह की माने तो कि एसएसपी संजय कुमार वर्मा के आदेश पर चलाए गए अपारधियों के विरूद्ध धर पकड अभियान के तहत एक स्कूली छात्र को अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है बताया जाता है कि एक युवती और उसकी बहन की आईडी हैक कर उसके फोटो को एक फोटो से मिलाकर एडिट करते हुए वायरल किया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही कर छानबीन की थी जिसमें आरोपी छात्र पुलिस के शिकंजे में आ गया था पुलिस ने घटना के दिन ही मुकदमा दर्ज किया और उन्नीस वर्षीय आर्यन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## ओवरलोड वाहनों पर कसा शिकंजा

### बड़ी दुर्घटनाओं को लेकर आधा दर्जन से अधिक वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एनएच-58 बिलासपुर, रथेडी कट के निकट आए दिन हो रही दर्दनाक घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर संबंधित अधिकारियों ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया है। इस दौरान नई मंडी पुलिस भी मौजूद रही, जहां मखियाली चौकी और संभलहेडा चौकी के साथ मिलकर परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने ओवरलोड गाडियों को सीज करते हुए लाखों रूपयें की वसूली भी की है। बता दे कि एनएच-58 दिल्ली देहरादून हाईवे पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में निर्दोश लोगों की जान जा रही है। दुर्घटनाओं में लोगों की मौत को लेकर कई बार घटना स्थल पर हंगामा हुआ और पुलिस को लोगों को समझाने में बड़ी मशक्कत करनी पडी। विगत दिवस कावंडिये के साथ घटना हुई उसके बाद एक ओर दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। शुक्रवार को भी बीमार पत्नी को दिखाने जा रहे किसान की दुर्घटना में मौत हा ेगई थी जिसके बाद ग्रामीणो ने क्षेत्र में भारी वाहनों व उनके चालकों द्वारा लापरवाही से गाडी को चलाने के प्रति रोष प्रकट किया था। आए दिन दुर्घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन सुशील कुमार मिश्रा के नेतृत्व में हुई कार्यवाही के दौरान चार ओवरलोड वाहनों को और संभलहेडा चौकी के निकट तीन ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए विभाग ने चार लाख 74 हजार का जुर्माना भी किया। इस दौरान वाहनों को भी सीज किया गया। एआरटीओ, प्रवर्तन की माने तो यह कार्यवाही सड़क सुरक्षा यातायात नियमों का पालन और ओवरलोड पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होने बताया कि दुर्घटनाओ को देखते हुए आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

## अतुल हटे, डॉ. अजय शाही को नगर स्वास्थ्य अधिकारी का चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अतुल कुमार सिंह को हटाकर उनके स्थान पर खतौली में तैनात डा. अजय शाही को नगर स्वास्थ्य अधिकारी का चार्ज सौंपा गया है। यह बदलाव नगर पालि. का की बिगड़ती सफाई व्यवस्था और लंबे समय तक यहां तैनात रहे नगर स्वास्थ्य अधिकारी डफक्टर अतुल कुमार सिंह की बिगड़ती कार्यशैली से पालिका में पनप रहे विवादों को विराम देने वाला कदम माना जा रहा है

दरअसल नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सफाई व्यवस्था की बदहाली और डॉ. अतुल की लाप. रवाही को लेकर जिलाधिकारी को पत्र भेजा था, जिसमें उन्हें हटाने की मांग की थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डफ. सुनील तेवतिया ने खतौली स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत डफ. अजय शाही को यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

डा. अजय शाही सिकंदरपुर गांव के रहने वाले हैं और एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता संसार सिंह समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं, और उनकी गिनती साफ सुथरी पृष्ठभूमि वाले परिवार में होती है जिस कारण जिले में उनका परिवार ईमानदारी और सेवा भावना की मिसाल माना जाता है।



डा. अजय शाही को नगर स्वास्थ्य अधिकारी का चार्ज मिलने के बाद नगरवासियों को अब नगर स्वास्थ्य विभाग से नई उम्मीदें हैं कि डफ. शाही की नियुक्ति के बाद शहर की सफाई व्यवस्था में ठोस सुधार देखने को मिलेगा।

## प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने के फैसले के विरोध में उतरी 'आप'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश में 27,000 प्राथमिक विद्यालयों को समायोजन के नाम पर बंद किए जाने के विरोध में उतरी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बेसिक शिक्षाअधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपते हुए इस फैसले को शिक्षा विरोधी करार दिया और इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।

शनिवार को आपश जिला अध्यक्ष अरविन्द बालियान के नेतृत्व में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप तोमर,महासचिव अजय चौधरी, चरथावल विधान सभा अध्यक्ष अजय बरवाला, प्रेमपाल सिंह,वरुण शर्मा, मनोज पंवार, सुशील अहलावत,संजीव मान समेत दर्जनों कार्यकर्ताओ ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जहां एक ओर प्राथमिक विद्यालयों की संख्या घटा रही है, वहीं दूसरी ओर शराब की दुकानों की संख्या बढ़ाने में लगी हुई है। इस वर्ष 27,000 से अधिक नई शराब की दुकानें खोली गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों की दुर्दशा दूर करने में सरकार पूरी तरह विफल है, जबकि प्राइवेट स्कूलों पर कोई नियंत्रण नहीं किया जा रहा, जिससे अभिभावक और बच्चे दोनों ही शोषण का शिकार हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार का यह कदम संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा के मौलिक अधिकार और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही है।


राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा,
एकता का राज चलेगा।

राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

# कांवड़ यात्रा को लेकर तहसील सभागार में हुई बैठक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आगामी श्रावण मास में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर शनिवार को तहसील सभागार में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यापारियों, शिविर संचालकों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान यात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं, सफाई, बिजली, चिकित्सा, फायर सेफ्टी और यातायात को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राजकुमार भारती ने की। सीओ रामा आशीष, तहसीलदार सतीश बघेल, सीएचसी प्रभारी डॉ. अवनीश कुमार, फायर सीओ अनुराग कुमार, विद्युत विभाग के एक्सईएन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कावंड़ यात्रा में समाज सेवियों द्वारा लगाए जाने वाले शिवरो कि परमिशन को लेकर आने वाली परेशानियों को देखते हुय शिविर संचालको ने मांग करते हुय कहा कि फायर विभाग, बिजली, फूड आदि सभी विभाग एक ही स्थान पर



तहसील में बैठकर शिविर संचालन की परमिशन दें, जिससे शिविर संचालकों को अनुमति लेने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। **हाईवे पर लाइट व फ्लाईओवर पर व्यवस्था का अभाव** बैठक में लोगों ने हाईवे व फ्लाईओवर पर लाइट की कमी को लेकर नाराजगी जताई। बताया गया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे रात में कांवड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिविरों को लेकर जारी हुए दिशा-निर्देश । फायर ऑफिसर अनुराग कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविरों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग न किया जाए। शिविर सड़क से पीछे लगें, बाएं तरफ शिविर लगाए जाएं, दाएं ओर न लगें। शिविरों में दो प्रवेश द्वार अनिवार्य होंगे। शिविरों में एलईडी बल्ब का प्रयोग किया जाए, हाईलोजन लाइट न जलाएं। विद्युत तारों के नीचे शिविर न लगाने के निर्देश दिए गए हैं। **डीजे पर जातिसूचक गानों पर रोक** कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे की आवाज अधिक न हो, इसके साथ ही जातिसूचक या भड़काऊ गानों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के निर्देश अधिकारियों द्वारा दिए गए। **स्वास्थ्य विभाग की तैयारी** सीएचसी प्रभारी डॉ. अवनीश कुमार ने बताया कि भैंसी, सराय, सठेड़ी व सीएचसी सहित कुल पांच स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। सीएचसी में छह बेड की व्यवस्था की गई है। साथ ही रेबीज के इंजेक्शन और जरूरी दवाओं की व्यवस्था भी की गई है। वही लोगों ने एम्बुलेंस में नशेड़ी चालकों की तैनाती पर भी चिंता जताई गई। मांग की गई कि ऐसे चालकों को तुरंत हटाया जाए। **गाँवों में भांग के पौधे हटाने के निर्देश** बैठक में सुझाव दिया गया कि कांवड़ यात्रा मार्ग के आसपास गांवों में भांग के पौधों की सफाई की जाए। साथ ही कांवड़ पटरी मार्ग और फुलत मार्ग पर कीड़े काटने की घटनाओं को लेकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। अतिक्रमण और आवारा पशु बने समस्या यात्रा मार्ग पर अतिक्रमण हटाने और आवारा पशुओं की रोकथाम की बात भी बैठक में उठी। साथ ही मोबाइल टॉयलेट की समुचित व्यवस्था करने की भी मांग की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष परवीन ठकराल ने जताई नाराजगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष परवीन ठकराल ने बैठक में एमडीए विभाग की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि रोडवेज के आगे खोदे गए नाले का निर्माण अब तक अधूरा है। सिंचाई विभाग पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जानसठ रजवाहे का कूड़ा सड़क पर फेंका जाता है, जिससे सफाई नहीं हो पाती।

जानसठ पुल पर लाइट खराब होने और पुल पर सफाई न होने को लेकर पालिका और ब्लॉक के बीच सीमा विवाद को जिम्मेदार ठहराया गया। बैठक में परवीन ठकराल, राजेश जैन, अमित मोतला, प्रदीप शर्मा, भैंसी प्रधान अमित अहलावत, अंकुर सिंघल, मदन छाबड़ा सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं शिविर संचालक उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में अफसरों ने सुनी शिकायतें



**शाहपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल एवं दबंग प्रशासनिक अधिकारी उपजिला मजिस्ट्रेट बुढ़ाना मोनालिसा जौहरी द्वारा थाना शाहपुर पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान एसडीएम द्वारा जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

एसडीएम द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इसके अतिरिक्त एसडीएम द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित लोगों को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान शाहपुर थाना प्रभारी जय सिंह भाटी समस्त स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

# बारिश ने खोल दी पालिका की पोल

## नालों की सफाई के दावों की निकली हवा, जीटी रोड से लेकर मौहल्लों तक भरा पानी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर पालिका द्वारा नालों की सफाई के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन शनिवार को हुई पहली ही बारिश ने इन दावों की पोल खोल दी। नगर के प्रमुख मार्गों से लेकर गलियों तक जलभराव की स्थिति बन गई। जीटी रोड जैसे मुख्य मार्ग पर पानी भरने से न सड़क नजर आई और न ही नाले। इसी कारण कई वाहन चालक नाले में गिरकर घायल हो गए।

नगर पालिका प्रशासन ने लाखों रुपये खर्च कर नालों की सफाई कराए जाने का दावा किया था, लेकिन हकीकत इससे उलट नजर आई। एक हल्की सी बरसात ने ही नगर की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। नालों की सफाई का सारा काम पानी में बहता नजर आया। नगर के जीटी रोड, सैनी नगर, बुढाना मार्ग, होली चौक समेत कई इलाकों में जलभराव से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, जलभराव के चलते जीटी रोड पर यातायात भी बाधित हुआ। नाले और सड़क में फर्क कर पाना मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों में पालिका की कार्यशैली को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों ने सवाल उठाए कि जब लाखों रुपये खर्च किए गए तो फिर यह स्थिति क्यों बनी? जनता जानना चाहती है कि नालों की सफाई के नाम पर हुआ खर्च आखिर कहां गया?नगरवासियों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि जलनिकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो, ताकि आगामी दिनों में उन्हें फिर इस परेशानी का सामना न करना पड़े।

# नाबालिग युवक के साथ कुकर्म की घटना से रोष

**चरथावल।** क्षेत्र के सीमावर्ती गांव में नाबालिक युवक के साथ युवक द्वारा कुकर्म की घटना से सनसनी फैल गई।परिजनों की तहरीर पर युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी हे।वही मामले में गांव के लोग फैसले के प्रयास में लगे थे।मामले में पंचायत के स्तर पर फैसला न होने पर पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मुकदमा दर्ज कर कानूनी शुरू करते हुए आरोपी युवक की धरपकड़ को दबिश दी हे।

# फर्जी कर्नल बन देता था लड़कियों को आर्मी में नौकरी का झांसा

## एसटीएफ टीम के हत्थे चढ़ा क्षेत्र का शातिर राहुल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सीतापुर से यूपी एसटीएफ ने एक फर्जी कर्नल को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि आरोपी लड़कियों को आर्मी में नर्सिंग असिस्टेंट के पद पर भर्ती कराने का झांसा देकर ठगी करता था। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही सेना की एंटीलिजेंस टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। पकड़ा गया युवक खतौली कस्बे का बताया जा रहा है।

यूपी के सीतापुर में कल देर रात एसटीएफ ने एक फर्जी कर्नल को गिरफ्तार किया। इस फर्जी कर्नल को लखनऊ की 2 लड़कियों को सेना में भर्ती कराने का झांसा देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसे लखनऊ एसटीएफ और शहर कोतवाली की संयुक्त टीम ने किया गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खुद को सेना में कर्नल बताकर लोगों से ठगी करता था। इसने लखनऊ की 2 लड़कियों को आर्मी में नर्सिंग असिस्टेंट के पद पर भर्ती कराने का झांसा दिया था। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी सेना में संविदाकर्मी के पद पर वर्ष 2019 से 2022 तक रहा तैनात था। सेना से निकाले जाने के बाद ठग राहुल ने युवतियों को शिकार बनाया था। ठग के पास के सेना की वर्दी, कर्नल के बैच और अन्य सामान बरामद हुए हैं। गौरतलब है कि लखनऊ की 2 युवतियों ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. साथ ही सेना की इंटेलिजेंस टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। वही लखनऊ एसटीएफ की पूछताछ में पता चला है कि उक्त युवक राहुल कस्बा तहसील खतौली क्षेत्र का निवासी बताया गया है। सोशल मीडिया पर उक्त फर्जी कर्नल की वीडियो भी वायरल होने से खतौली कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ था। वायरल वीडियो में उक्त युवक अपना नाम राहुल पुत्र रणधीर बता रहा था।

# होली चाईल्ड में शिक्षक कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा के सभागार में शिक्षक कार्यशाला ''शिक्षक राष्ट्र निर्माता'' का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ0 प्रेरणा मित्तल, मुख्यवक्ता स्वामी तेजस्वरानन्द, मनोविज्ञान प्रोफसर डॉ0 ममता अग्रवाल, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर भुजेन्द्र कुमार, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 रणवीर कुमार, डॉ0 राजीव कुमार, रजनीश कुमार, अनिल शास्त्री, मौ0 हासिम, प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया इनके द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के 86 शिक्षकों ने प्रतिभाग करके अतिथियों एवं वक्ताओं के मार्गदर्शन से अपने आपको सिंचित



किया और सभी शिक्षिकों को कार्यशाला प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ0 प्रेरणा मित्तल ने बताया कि बच्चों को धर्म और जाति से अलग रखके एक अच्छा इंसान बनाने का हम सभी को प्रयास करना चाहिए। शिक्षक का योगदान समाज में न कभी कम हुआ है, न होगा। बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाने के लिए हमें निरन्तर लगनशील रहना होगा और विद्यार्थियों को इंसानियत का पाठ पढाकर उन्हें बेहतर इंसान बनाना होगा। स्वामी तेजस्वरानन्द द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि समाज में तीन तरह शिक्षक होते है माता, पिता और गुरू। माता पहली शिक्षक है क्योंकि वो तीन प्रकार की परिस्थितियों में बच्चों को संस्कारवान बनाती है।

प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने कहा कि एक शिक्षक की बॉडी लेंगवेज, ड्रैस सेन्स, उत्साह और उसका ज्ञान एक शिक्षक को पूर्णता की ओर ले जाता है। एक शिक्षक को कक्षा में पढाने से पहले स्वयं भी स्वाध्याय करना चाहिए ताकि वह अपने विद्यार्थियों से तारतम्यता बनाये रखें। कार्यशाला में अनिल शास्त्री, कुलदीप सिवाच, संजय आहूजा, मौ0 हासिम, चन्द्रपाल सिंह, काजल सिंह, अदिति दहिया ने भी अपने विचारों से शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

# शौच को गई युवती के साथ जंगल में दुष्कर्म

## चाची ने ही लुटवा दी नाबालिग भतीजी की इज्जत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** देर शाम तहत खुले मे शौच के लिए गयी चाची ने नाबालिग युवती को भी साथ मे ले लिया जहां दो युवकों ने नाबालिग को दबोच लिया। और मारपीट कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।आरोपी पीड़िता को नग्न अवस्था मे छोड़कर फरार हो गये। घायल पीड़िता को परिजनों ने जंगल से बरामद किया।घटना को लेकर हड़कंप मच गया है।पिता ने आरोपियों को नामजद कर कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बताया की उसके घर बराबर में दूसरे भाई का मकान है। जिसकी पत्नी मेरे बच्चो की रिश्ते में चाची लगती है।पड़ोसी कई दिनों से बाहर काम पर गया हुआ है। शुक्रवार को रात्री 10 बजे महिला घर आयी ओर मेरी 17 वर्षीय पुत्री को शौच जाने के बहाने अपने साथ पास में ही स्थित प्राथमिक विद्यालय में ले गयी जहाँ पर गांव के ही दो युवक घात लगाये खडे थे।

जिन्हें देखकर नाबालिग पुत्री घबरा गयी और अपनी इज्जत बचाकर वहां से भागने लगी तभी दोनों युवकों सहित चाची ने युवती को जबरदस्ती पकड लिया और लात-मुक्को व थप्पडो से मारा-पीटा फिर आरोपी पीड़िता को जंगल में ले गये जहाँ दोनों युवकों ने पीड़िता के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। काफी देर बाद भी जब युवती घर नहीं लौटी, तो परिजन उसको तलाश करते हुए जंगल में पहुँचे। आहट सुनकर दोनों युवक पीड़िता को नग्न अवस्था में छोडकर फरार हो गये।

पीड़िता ने परिजनों को बीती सारी घटना बतायी।घटना को लेकर परिजनों मे रोष व्याप्त हो गया। शनिवार को पीड़ित पक्ष के दर्जनों व्यक्ति थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। मुकदमा दर्ज कर तीनो आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# पत्नी के साथ प्रेमी के रिश्ते को लेकर युवक ने की आत्महत्या

**मोरना।** सामाजिक मर्यादाओं व संस्कृति से इतर विवाहोत्तर संबंध वैवाहिक रिश्तो को कमजोर कर रहे हैं।पत्नी को प्रेमी से फोन पर बात करते देख तथा उसकी हरकतों से तंग आकर युवक ने जहर का सेवन कर लिया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी।

भोपा थाना क्षेत्र के शुकतीर्थ निवासी व्यक्ति थाने पर दी तहरीर में बेटे की आत्महत्या के पीछे उसकी पत्नी और एक अन्य युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं।मृतक की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व जाति से बाहर अनुसूचित जाति की युवती से प्रेम संबंधो मे हुई थी। उनके दो बेटे हैं। पिता का आरोप है की पुत्रवधू के दिल्ली निवासी एक युवक के साथ अवैध संबंध हैं, मृतक पुत्र ने कई बार पत्नी को फोन पर बात करते और वीडियो कॉल करते समय रंगे हाथ पकड़ लिया था। इसके बाद से उसका पुत्र मानसिक रूप से टूट चुका था और किसी से बातचीत भी बंद कर दी थी। समझाने पर पत्नी ने प्रेमी से रिश्ता तोड़ने से इनकार किया, बल्कि उल्टा झूठे अनुसूचित जाति एक्ट के मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी।

बीते 29 मई को पुत्र वधु बिना बताए कीमती सामान व जेवरात लेकर घर से चली गई, जिसके बाद मृतक पुत्र ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन लगातार मानसिक दबाव, अपमान और धमकियों से परेशान होकर बीते 30 मई को पुत्र ने ज़हर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे एम्स अस्पताल मे ले जाया गया जहां बीते 12 जून को उसकी मौत हो गई।पिता का आरोप है कि अब पुत्र वधू का भाई भी धमकी दे रहा है कि अगर कोई कार्यवाही की गई तो पूरे परिवार को दिल्ली कोर्ट के चक्कर कटवाएगा या पुत्र की तरह अंजाम भुगतना पड़ेगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मासूम बच्चे से अप्राकृतिक कुकर्म करने वाला दबोचा

**बुढ़ाना।** एक 5 वर्षीय मासूम बच्चे के साथ अप्राकृतिक कुकर्म करने वाले कामान्ध युवक को पुलिस ने 24 घंटे में ही दबोचकर जेल भेज दिया।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव खानपुर में बीते शुक्रवार को कश्यप समाज के एक कामान्ध युवक ने मौका पाकर एक 05 वर्ष के बच्चे को बहला फुसला लिया था और उसको सुनसान जगह पर ले जाकर उसको डरा धमकाकर उसके साथ अप्राकृतिक कुकर्म कर दिया था और उसे लहुलुहान व रोती हुई अवस्था में छोड़कर फरार हो गया था। बच्चे ने घर आकर घटना का जिक्र अपने परिजनों से किया था तो परिजन बच्चे को लेकर आरोपी के घर पहुंचे थे तो आरोपी ने बच्चे के परिजनों को गाली गलौज कर भगा दिया था। तब पुलिस में शिकायत हुई तो पुलिस ने बच्चे का मेडिकल कराकर आरोपी की तलाश शुरु कर दी थी।

आज शनिवार के दिन पुलिस टीम ने किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी गौतम कश्यप पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खानपुर को बुढाना वाया कांधला मार्ग पर स्थित क्राउन कट के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व मे आरोपी गौतम को पकड़ने वालों में सब इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह, सब इंस्पेक्टर शुभम सिंह और कांस्टेबल गौरव पुनिया हैं।

# 10 मिनट की बारिश बनी मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पिछले चार दिनों से झुलसाती धूप और लगातार बढ़ती उमस से जूझ रहे धामपुरवासियों को शनिवार दोपहर हल्की बारिश की कुछ राहत की उम्मीद बंधी थी, लेकिन मात्र 10 मिनट की बारिश ने न सिर्फ उमस को और बढ़ा दिया, बल्कि कई इलाकों में जलभराव जैसी समस्या भी उत्पन्न कर दी।

शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे अचानक आसमान में घने बादल छा गए और कुछ ही देर के लिए बारिश शुरू हो गई। हालांकि बारिश की अवधि कम थी, लेकिन इसकी तीव्रता और पूर्व से बनी गर्म सतह के कारण वातावरण में और अधिक उमस भर गई। इससे लोगों को सांस लेने और बाहर निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगरवासियों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि जल निकासी व्यवस्था को जल्द से जल्द सुधारा जाए ताकि आगे होने वाली भारी बारिश में स्थिति और भयावह न हो। अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में बीमारियों का प्रकोप और स्थानीय जनजीवन की दुश्वारियां बढ़ सकती हैं। बारिश भले ही थोड़ी देर के लिए हुई, लेकिन उसने नगर की जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर कर दिया। नगर के बाहरी क्षेत्रों, खासकर सुहागपुर के पास हाईवे से पहले का इलाका, पूरी तरह जलमग्न हो गया। राहगीरों को घुटनों तक भरे पानी से गुजरना पड़ा। कुछ बाइक सवार तो पानी में फिसलते भी देखे गए।

## लोक जनशक्ति पार्टी की समीक्षा बैठक आज

**बिजनौर।** लोक जनशक्ति पार्टी की समीक्षा बैठक का आयोजन 29 जनवरी की सुबह 10 बजे बिजनौर में स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले में किया रहा है। यह जानकारी देते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष रामनाथ सिंह ने बताया कि समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी कामरान उद्दीन सिद्दीकी भाग ले रहे हैं।

उन्होंने जनपद बिजनौर के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से समीक्षा बैठक में समय से शामिल होने की अपील की है।



## उमस बढ़ने से स्वास्थ्य पर खतरा

स्थानीय चिकित्सकों के अनुसार, लगातार बनी उमस और अचानक बारिश के कारण सांस, त्वचा और संक्रमण संबंधी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और पहले से बीमार लोग इस मौसम में विशेष सावधानी बरतें।

# एसडी कॉमर्स के छात्रों ने गाड़े सफलता के झंडे

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के विद्यार्थीयों ने लहराया अपनी सफलता का परचम माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा एमकॉम तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा फल घोषित किया गया, जिसमें एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के एमकॉम तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय में इन सभी विद्यार्थीयों को प्राचार्य डा. सचिन गोयल एवं सभी शिक्षकों द्वारा एम. कॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्तिपत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया एम0 कॉम तृतीय सेमेस्टर परीक्षा में मेघा व राधिका गुप्ता ने संयुक्त रूप से 84 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर अवनी सैनी 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किये एवं तृतीय स्थान पर पलक देशवाल व ऑचल यादव ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त करके महाविद्यालय



का नाम गौरान्वित किया प्राचार्य डा0 सचिन गोयल ने इस अवसर पर बताया कि महाविद्यालय में सभी विद्यार्थीयों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ उनके विकास में सहायक सभी प्रकार की तकनीकी, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का वातावरण भी उपलब्ध कराया जाता है । जिससे की विद्यार्थी शिक्षा के समस्त क्षेत्रों में अपना वर्चस्व स्थापित कर सके ।

# तावली में वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** शहर के नज़दीकी गांव तावली मे खेरे उम्मत इस्लामिक फाउंडेशन की ओर से वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सियासी और सामाजिक लोगों ने भारी संख्या में शिरकत की मुख्य रूप से विधायक पंकज मलिक , हम्ज़ा मसूद चेयरमैन गंगोह, एडवोकेट बिल्कीस चौधरी , पूर्व सांसद अब्दुल बासित और खेरे उम्मत इस्लामिक फाउंडेशन की अहम जिम्मेदार एडवोकेट सहजबीन क़ाज़ी, गांव तावली के सभी सम्भावित प्रत्याशी और गणमान्यों ने इस प्रोग्राम में आकर चार चांद लगाए। मौलाना जाबिर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम को आयोजित करने वाली टीम जिसको खेरे उम्मत इस्लामिक फाउंडेशन के नाम से जाना जाता है जो लोगो में जितने ज़मीनी स्तर के काम है जैसे कि पढ़ाई, रोजगार ,स्वास्थ्य या फिर गरीबों की मदद किसी भी तरह के खेल प्रतियोगिता इन सब रास्तों से लोगों को भलाई और अच्छाई का रास्ता दिखाने वाली यह टीम है इसके जिम्मेदार एडवोकेट शहजबीन काजी ,अमान चौधरी ,सुहेल चौधरी, मौलाना जाबिर ,फरहत जीनत बालियान आदि हैं । उपरोक्त सभी ने एक इरादा बना रखा है कि जो भलाई के काम होगे फाउंडेशन के जरिए पूरे करने की कोशिश की जाएगी उन्होंने बताया कि यह फाउंडेशन कोई सियासी प्लेटफार्म नहीं बल्कि लोगों को राहत पहुंचाने, आराम पहुंचाने के लिए है। इस प्रतियोगिता में जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली, शामली के गांव बनत , बागपत के गांव मिलना ,मुजफ्फरनगर शहर की अकैडमी, मुजफ्फरनगर के गांव गोयला और तावली से खेरे उम्मत इस्लामिक फाउंडेशन की टीमों ने भाग लिया। गांव तावली और आसपास के गांव के लोग भारी संख्या में मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में 36 टीमों ने भाग लिया और बड़ी ईमानदारी से यह टूर्नामेंट समाप्त हुआ इस टूर्नामेंट में जहां हर टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन कर के अपनी बहादुरी दिखाई वहीं लोगों ने भी खूब आनंद लिया। विजेता चेयरमैन टीम कोयला को खेरे उम्मत इस्लामिक फाउंडेशन के जिम्मेदारों ने अपने हाथों से सम्मान दिया ।प्रथम विजेता टीम के लिए 5100 सो रुपए और पूरी टीम को किट, बेस्ट प्लेयर को अवार्ड और एक बड़ी ट्राफी से सम्मानित किया गया जबकि द्वितीय टीम को ₹3100, मेडल और शानदार ट्राफी देकर सम्मानित किया।

# छजुपुरा सादात में मजलिसें शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव छजुपुरा सादात में नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में आयोजित होने वाली मजलिसों के पहले दिन पहली मजलिस दरगाहे फातेमा जैहरा तथा दूसरी मजलिस इमामबारगाह में आयोजित हुई। मजलिसों को क्रमश जाकिर मौहम्मद रजा व मौलाना मैहदी अब्बास ने खिताबत किया। इमाम बारगाह में आयोजित मजलिस को मौलाना मैहदी अब्बास ने खिताब किया। स्थानीय ईमाम बारगाह में मौलाना मैहदी अब्बास ने कहा कि सन 61 हिजरी 680 इसवी में इराक के कर्बला में इमाम हुसैन और यजीद की सेना के बीच युद्ध हुआ था।

**सूचना**

मेरे पुत्र परीक्षित का जन्म दिनांक 12.02.2021 को हुआ था। मै भूलवश अपने पुत्र का नाम पंजीकरण रंजिस्ट्रर में नही करा सका। मेरे पुत्र का नाम परीक्षित है। मेरे पुत्र को भविष्य में इसी नाम से जाना जाये। मुझे कही से भी अपने पुत्र परीक्षित का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त नही हुआ।

**देवेन्द्र कुमार पुत्र राय सिंह निवासी ग्राम/मौ.गली न.4 मानसरोवर पार्क रामनगर शाहदरा दिल्ली।**

# गढ़ी चौकी पर प्रेमी और प्रेमिका की हुई शादी

## युवती से चोरी छुपे मिलने आये युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आधी रात के समय चोरी छिपे अपनी प्रेमिका से मिलने आए एक युवक को भनक मिलने पर प्रेमिका के परिजनों ने पकड़ लिया और सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। जहां दोनों के बालिग होने पर एक दूसरे की इच्छा को देखते हुए पुलिस चौकी में दोनों की शादी दोनों के परिजनों को बुलाकर करा दी गयी। बिना सेहरे और जोडे के दोनों दुल्हा दुल्हन चौकी से खुशी खुशी विदा हुए और गांव वालों के साथ साथ पुलिस का भी धन्यवादछ किया। मिली जानकारी के अनुसार युवक और युवती काफी समय से प्रेम संबंध में थे। बीती शुक्रवार की देर रात युवक चुपके से अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव पहुंचा। इस दौरान लड़की के घरवालों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। इस पर गांव में हलचल मच गई और मामला बुढाना पुलिस तक पहुंच गया। तब स्थानीय पुलिस ने दोनों परिवारों को थाने बुलाया और पूछताछ की। पूछताछ में युवक-युवती ने एक-दूसरे के साथ रहने की इच्छा जताई। जब यह स्पष्ट हुआ कि दोनों बालिग हैं और प्रेम संबंध में लंबे समय से जुड़े हुए हैं तब पुलिस ने भी समझदारी दिखाते हुए दोनों परिवारों को समझाया। कुछ देर की बातचीत और गांव के संभ्रांत लोगों की मध्यस्थता के बाद दोनों परिवार शादी के लिए राजी हो गए। इसके बाद पुलिस चौकी में ही सामाजिक रीति-रिवाजों के तहत निकाह की रस्म पूरी कर दी गई। इस दौरान गांव के बुजुर्ग व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ये अनोखा मामला आसपास के इलाके में चर्चा का विषय बना है। लोगों के बीच यह निकाह मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है कि कैसे एक संभावित विवाद को आपसी सहमति व समझदारी से प्रेम विवाह में बदल दिया गया।

## जूस विक्रेता पर चाकू से हमला

**खतौली।** गंगनहर चौपाटी बाजार में उस समय अफरातफरी मच गई जब आधा दर्जन युवकों ने जूस विक्रेता पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने पीड़ित के साथ पहले मारपीट की और फिर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार आयान पुत्र आशु निवासी भैंसी गंगनहर चौपाटी बाजार में जूस की ठेली लगाता है। शनिवार को अचानक पांच युवक आए और उससे बिना कुछ कहे मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते युवकों ने चाकू से आयान पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक हमलावर युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वे लोग किसी अन्य युवक से रंजिश रखते थे और उसी को पीटने आए थे। लेकिन जूस विक्रेता की शक्ल उस युवक से मिलती-जुलती थी, इसीलिए उन्होंने गलती से उस पर हमला कर दिया। घायल आयान ने कोतवाली में अज्ञात हमलावर युवकों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला की जांच शुरू कर दी है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# मोहर्रम के महीने की फजीलत समझाई

**मुज़फ्फरनगर।** शाह वलीउल्लाह इस्लामिक एकेडमी में 1 मुहर्रमुल हराम को इस्लामी नए साल के शुभारंभ पर षहिजरी सन् के स्वागत समारोहष का आयोजन किया गया।

लोहिया बाजार स्थित लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन नक़्श-ए-अमल सोशल मीडिया ग्रुप द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता क़ारी मोहम्मद ख़ालिद बशीर क़ासमी ने की। उन्होंने कहा कि हिजरी कैलेंडर पैगंबर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद के हिजरत (प्रवास) से जुड़ा हुआ है।

जब पैगंबर साहब ने मक्का शहर को अलविदा कहकर मदीना मुनव्वरा की ओर हिजरत की, तो यह इस्लाम के उत्कर्ष और सफलता की ओर पहला क़दम था। ख़लीफ़ा-ए-दोम हज़रत उमर फारूख ने इस ऐतिहासिक घटना को आधार बनाकर अपने शासनकाल में हिजरी सन् की शुरुआत की थी। इस हिजरी वर्ष स्वागत समारोह को इसी उद्देश्य की ओर एक उत्कृष्ट पहल बताया गया। साथ ही हिजरी क़मरी कैलेंडर 1447 का प्रकाशन और प्रसार मुस्लिम समाज में इसे प्रचलित करने की एक मजबूत कोशिश और बुनियादी कदम बताया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मास्टर मोहम्मद दानिश क़ुरैशी की नात से हुई। कार्यक्रम का संचालन महबूब आलम एडवोकेट ने किया। यहां बुजुर्ग आलिम-ए-दीन मौलाना हकीम इशारत अली क़ासमी देवबंदी, क़ारी शौकत अली क़ासमी, क़ारी ज़रीफ अहमद, ख़्वाजा मोहम्मद अख्तर ख़ान, डॉ. आस मोहम्मद अमीन क़ुरैशी, सुहैल अहमद ख़ान, जमीयतुल क़ुरैश के यूथ विंग अध्यक्ष अब्दुल्ला क़ुरैशी, मास्टर फारूख, अखलद बशीर, हुसैन अहमद ने हिजरी कैलेंडर 1447 का विमोचन किया।



# युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

**बुढ़ाना।** कस्बे के मोहल्ला पछाला में एक नवयुवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और लोग इसको युवकों की पहचान करने के उद्देश्य से बार बार देख रहे हैं। 27 सैकेंड के इस वीडियो में दो युवक अन्य किसी तीसरे युवक की लात घूसों से जमकर पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान एक वृद्ध व्यक्ति भी इन्हें छुडाने का प्रयास करता है। मारपीट करने वाले नही मान रहे है। एक अन्य युवक इनके बीच में घुसकर उक्त पीडित को छुडवाता है। मारपीट का यह वीडियो कस्बे मे चर्चा का विषय बना हुआ है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने भी इस वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

## चूरमा प्रसाद वितरण के साथ उर्स का समापन

**बुढ़ाना।** खेड़ा मस्तान गांव में पीर बाबा मस्तान शाह की मजार पर शनिवार की सुबह श्रद्धालुओं ने चूरमा चढ़ाकर और सरसों के तेल का दीपक जलाकर पूजा कर मन्नतें मांगी। चूरमा प्रसाद वितरण के बाद उर्स का समापन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के गांव खेड़ा मस्तान में पीर बाबा मस्तान शाह के मजार पर शनिवार को भी गांव तथा दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं ने पीर बाबा के मजार पर प्रसाद और चादरें चढाकर मन्नतें मांगी। यहां पर काफी श्रद्धालुओं ने दान पात्र में गुप्त दान दिया। चूरमा प्रसाद वितरण के बाद उर्स का समापन हो गया। इस मौके पर उर्स के सभी आयोजकों की घ्मौजूदगी रही।

## समाधान दिवस में सात में से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना समाधान दिवस पर शनिवार को कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी राज. कुमार भारती व कोतवाल ब्रजेश शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान फरियादियों की कुल सात शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दिवस के दौरान अधिकांश शिकायतें जमीनी विवाद और पारिवारिक झगड़ों से संबंधित रहीं। फरियादियों ने अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रखी, जिसे गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस में तहसील प्रशासन से पटवारी, नगर पालिका से संबंधित अधिकारी, लेखपाल समेत अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि शेष शिकायतों का भी जल्द निस्तारण किया जाएगा।

उपजिलाधिकारी राजकुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। वहीं कोतवाल ब्रजेश शर्मा ने भी लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

## एसएसडी आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसएसडी आईटीआई जानसठ रोड, शेरनगर मु. नगर द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से एसएसडी आईटीआई के कैम्पस में रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

इस मेले में पाँच कम्पनियों हॉली हर्स, एकेएस जॉब प्लेसमेंट, पुखराज हेल्थ केअर प्रा.लि., द्वारकापति एयो, यूफ्लेक्स लिमिटेड-द्वारा पी.जी.एस. ग्रुप ने भाग लिया। जिसमें एसएसडी आईटीआई जानसठ रोड, शेरनगर के उत्तीर्ण छात्रों द्वारा भाग लिया। इस दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी, मुठनगर पारूल सिंघल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रदेश तथा भारत सरकार द्वारा संचलित रोजगार योजनाओं के बारें में बताया जिससे अधिक से अधिक युवा रोजगार प्राप्त कर सकें। इसी दौरान आईटीआई प्रधानाचार्य हिमांशु कुमार, अनुदेशक मोहित कुमार शुभम कुमार, दीपा शर्मा, रीना, निंशान्त पॅवार एवम् मौ. आसिफ ने रोजगार मेले को सफल बनाने में अपना योगदान दिया, समापन के दौरान एसएसडी आईटीआई, जानसठ रोड, शेरनगर, प्रबन्धक संजीव कुमार ने सभी जिला सेवायोजन कार्यालय स्टाफ एवम् संस्था स्टाफ तथा सभी छात्र-छात्राओं का धन्यवाद करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की



### संक्षिप्त समाचार

## बलात्कारी ने निकाह कर बनाया पत्नी, अब धक्के देकर घर से बाहर निकाला

**भोपा।** बलात्कार के बाद सजा से बचने के लिए युवक ने पीड़िता से निकाह कर पत्नी बना लिया। नो माह बाद आरोपी ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता के पिता ने आरोपी दामाद के खिलाफ कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने अपने पड़ौसी पर आरोप लगाते हुए बताया कि दोनो ही परिवारो का एक दूसरे के यहा आना जाना था।बीते वर्ष 21 सितंबर की शाम मेरी पुत्री घर में अकेली थी तभी आरोपी ने पुत्री के साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया था जिसकी जानकारी उसे घर आने पर हुई थी।तब उसके माता पिता ने नाजायज दवाब बनाया और अगले दिन की शाम में युवती का निकाह आरोपी युवक के साथ ही कर दिया। निकाह के बाद बेटी कुछ वक्त ससुराल मे आरोपी के घर पर रही। परन्तु ससुराल जन उसे ताना कशी कर तरह तरह से प्रताड़ित करने लगे। समझाने पर आरोपियों ने कहा की हमने तो निकाह की रस्म केवल पुलिस व कोर्ट की सजा से बचने के लिए किया था। बीते 13 जून को आरोपियों ने पीड़िता को अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती मारपीट की। मारपीट करने के बाद आरोपी बुरी हातल में पीड़िता को मायका के घर छोड़कर गये।पिता ने आरोपी दामाद व ससुरालजनो के खिलाफ कार्रवाई की फरियाद पुलिस से लगाई है।

## डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल का चौथा गांव निवारणीय अंधता मुक्त घोषित

**चरथावल।** श्रॉफ चौरिटी ऑई हॉस्पिटल और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के सहयोग से ब्लॉक चरथावल के चौथे गांव रसूलपुर को निवारणीय अंधता मुक्त घोषित किया गया, निवारण अंधता मुक्त घोषणा के पूर्व गांव में घर-घर जाकर संस्था की टीम ने मरीजों को चिन्हित कर चरथावल नेत्र जांच केंद्र पर मरीजों को ले जाकर नेत्र जांच की गई। मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए मरीज को मनानी सहारनपुर स्थित डॉ श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल में निशुल्क इलाज किया गया जिन मरीजों को चश्मों की आवश्यकता थी उनको चश्मा बनाने के लिए बताया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुज गर्ग अध्यक्ष व्यापार मंडल चरथावल एवं ग्राम प्रधान चरण सिंह ने समुदाय में डॉ श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और अस्पताल प्रबंधक अरनब मोदक ने अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं एवं अब तक सहारनपुर में ओपीडी सर्जरी के बारे में बताया।कम्युनिटी कार्यक्रम अधिकारी दीपक रावत ने समाज में गांववासियों को अस्पताल द्वारा दी गई सुविधाओं के बारे में बताया और निवारणीय अंधता के बारे जानकारी दी हर एक अपने आंखे हर छः महीने में जांच करवाने का आग्रह किया गया अध्या प्रोजेक्ट मैनेजर इम्तियाज द्वारा आद्या प्रोजेक्ट में महिला सहाशक्तिकरण और प्रोजेक्ट ऑफिसर आईटीसी प्रोजेक्ट युवकराज द्वारा सर्टिफाइड ऑप्थाल्मिक टेक्नीशियन कोर्स के बारे मैं जानकारी दी।सीनियर कोऑर्डिनेटर अंकित कुमार द्वारा निवारणीय अंधता मुक्त ग्राम में लोगो के सहयोग की सराहना की।कम्युनिटी ऑप्टोमेट्रिस्ट परविंदर त्यागी द्वारा मंच संचालन एवं अतिथियों और ग्रामवासियों का स्वागत किया अंत में दीपक रावत द्वारा अतिथियों गांव वासियों व मीडियाकर्मियों और अपनी पूरी टीम के इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

## 23.89 करोड़ से होगा शहर का विकास

**मुजफ्फरनगर।** शहर में आने वाले दिनों में 72 निर्माण कार्यों पर करीब 23.89 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। शनिवार को डीएम की अध्यक्षता में 15 वीं वित्त आयोग से मिली धनराशि को निर्माण कार्य पर खर्च करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। खास बात यह है कि करोड़ों की धनराशि से शहर के सभी डिवाइडरों का मरम्मत कार्य, 15 क्रंक्रीट वाली सड़कें, 15 नाले का निर्माण और पांच नालों को ढ़कने का कार्य कराया जाएगा। शनिवार की दोपहर एक बजे डीएम कैंप कार्यालय में डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में 15 वीं वित्त आयोग से मिली धनराशि से मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद क्षेत्र में कराए जाने वाले निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई।बैठक में एडीएम प्रशासन संजय सिंह, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल राणा, जल निगम के अधिशासी अभियंता आदि मौजूद रहे। बैठक में लोनिवि के अधिशासी अभियंता अनिल राणा ने नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तावित सभी 72 निर्माण संबंधी प्रस्तावों एवं स्टीमेट पर अपनी सहमति दे दी है। ईओ प्रज्ञा सिंह ने बताया कि 72 निर्माण कार्यों में सर्वप्रथम 15 क्रंकीट सड़कों, 15 नए नाले, शहर के सभी मार्गों पर डिवाइडर का मरम्मत कार्य, सुजडू और साहवली स्थित श्मशान घाट का सौंदर्गकरण कराया जाएगा। खास बात यह है कि नगर पालिका परिषद को पहले एक निर्माण कार्य पर 40 लाख रुपये तक का ही धनराशि खर्च का अधिकार था लेकिन अब शासन ने दो करोड़ रुपये तक सीमा बढ़ा दी है। उधर डीएम उमेश मिश्रा ने साफ शब्दों में कहा है कि कोई भी निर्माण कार्य टुकड़ों में न हो।

# ईओ ने कान्हा गोशाला का किया औचक निरीक्षण

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन आज शनिवार की सुबह अचानक बुढ़ाना नगर पंचायत की बुढ़ाना कस्बे के बडकता रोड पर स्थित कान्हा गौशाला में पहुंचे। जहां पर उन्होंने गौशाला का निरीक्षण किया। उनको यहां पर एक बीमार बछड़ा मिला तो उन्होंने तुरंत पशु चिकित्सा विभाग को फोन कर चिकित्सक को मौके पर बुलवाकर अपने सामने बछड़े का उपचार कराया और उसको अपने हाथों से पानी पिलाया। मिली जानकारी के अनुसार ईओ आलोक रंजन ने गौशाला की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर गायों के लिए चारे, पानी और खल चौकर की व्यवस्था देखी। उन्होंने गोशाला में बंधे सभी पशुओं को गुड़ खिलाया तथा केयर टेकर को अच्छे से हरा व पौष्टिक आहार खिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गायों की सेवा करना पुण्य का काम है। यहां पर सबमर्सिबल भी चलता पाया गया और गायों को गर्मी से बचाने के लिए उनके नहलाने और टीनघ शेड का प्रबंध देखा। यहां पर उन्होंने साफ सफाई को देखकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने यहां केयर टेकर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और सभी गायों की कमर पर हाथ फिराकर एक सुखद अनुभूति महसूस की। इस दौरान नगर पंचायत से सुमित शर्मा और अन्य कर्मचारी भी यहां पर मौजूद रहे।



# एसीएमओ जांच करके आए संदेह के घेरे में

**बुढ़ाना।** कस्बे की सीएचसी में विगत दिवस हुए एक मामले में चली जांच को लेकर भाजपा नेताओं ने जांच करने वाले एसीएमओ पर ही सवाल उठा दिए। जिसमें भाजपा नेताओं ने सही जांच न होने पर स्वास्थ्य विभाग को ही चेतावनी दे डाली।

भाजपा नेताओं ने साफ कहा कि विभाग के द्वारा अपने जिम्मेदार अधिकारी को क्लीन चिट देने का जो प्रयास किया जा रहा है वह सही नहीं है। इसके लिए हम आंदोलनघ करने पर मजबूर होंगे। भाजपा नेताओं का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग से संबंधित एक मामले की जांच एसीएमओ विपिन कुमार कर रहे हैं लेकिन उनकी जांच पर भाजपाईयों ने जो सवाल उठाए हैं उससे ऐसा ही प्रतीत होता है कि स्वास्थ्य विभाग जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही कर रहा है। शनिवार के दिन दोबारा जांच के लिए पहुंचे एसीएमओ से स्थानीय भाजपा नेताओं ने तीखे सवाल पूछे और निष्पक्ष जांच की मांग कर डाली। भाजपा नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर उस दिन की सीसीटीवी फुटेज डिलीट की गई तो वे एसीएमओ के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे। नेताओं ने आरोप लगाया कि जांच के दौरान लीपापोती कर सीएचसी प्रभारी को बचाने की कोशिश की जा रही है। अब एसीएमओ सही जांच करते हैं या गलत इसे लेकर भाजपाई अब सक्रिय से हो गये हैं।

## नाबालिग किशोरी को पुलिस ने युवक समेत बरामद किया

**बुढ़ाना।** कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव का युवक अपने गांव की ही एक नाबालिग किशोरी को विगत दिवस बहला फुसलाकर भगाकर ले गया था। जब किशोरी के परीजनो ने बुढ़ाना पुलिस में युवक की शिकायत की तो बुढाना पुलिस ने युवक और किशोरी की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी थी। बताया जाता है कि जब बुढ़ाना कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक नन्द किशोर सिंह युवक और किशोरी की तलाश में लगे हुए थे तो किसी मुखबिर की सही सूचना पर उन्होंने अपने अधीनस्थों की मदद से आरोपी अतिन पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम नसीरपुर बुढाना को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर नाबालिग किशोरी को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल के लिए भेजते हुए आरोपी अतिन को जेल भेज दिया है।

### मशहूर शायर अजहर इकबाल पहुंचे बुढ़ाना....

# कवि सम्मेलन मुशायरे की तैयारियों का लिया जायजा

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के परिसर में 29 जून को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मशहूर शायर अजहर इकबाल बुढ़ाना पहुंचे। जहां पर उन्होंने कवि सम्मेलन, मुशायरा और लाइब्रेरी के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों को अमलीजामा पहनाया। उन्होंने स्टेज और आडियंस के अलावा वीआईपी गेस्ट्स के इंतजामात को भी देखा। इससे पहले नगर पंचायत के सभागार में इसी के संदर्भ मे एक मीटिंग भी हुई। जिसमें सहारनपुर मंडल के कमिश्नर अटल राय के आगमन, बुढ़ाना नगर पंचायत की 160वीं वर्षगांठ को लेकर चर्चा की गयी। यहां बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन, बार संघ मुजफ्फरनगर के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन उमा त्यागी कौशल, उनके प्रतिनिधि सुबोध त्यागी, बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, सभासद नितिन शर्मा, सभासद नसीम अहमद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के नेत्र परीक्षण अधिकारी डाक्टर उमंग श्रीवास्तव, शायर तारिक उस्मानी, अंकुर त्यागी, अभिनव त्यागी एडवोकेट, अशरफ कुरैशी, सभासद राशिद कुरैशी भूरू, नवाब इश्तियाक, राशिद फिरोज, अबरार कुरैशी और शशांक त्यागी सहित सैंकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को जेल भेजा

**बुढ़ाना।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करके पुलिस महकमे में हड़कंप मचाने वाले एक युवक को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है।

कस्बे के एक युवक ने विगत दिवस एक किसान संगठन के ग्रुप में आई किसी आपत्तिजनक खबर को कॉपी करके अन्य ग्रुपों में सैंड कर दिया था। आपत्तिजनक पोस्ट यह थी कि किसी अन्य राज्य में किसी कलयुगी पिता ने अपनी पुत्री से ही शादी कर ली थी। इस खबर को युवक ने किसी के कहने पर तभी एवरीवन डिलीट भी कर दी थी लेकिन किसी व्यक्ति ने स्क्रीन शाट लेकर यह खबर एक धार्मिक नेता को भेज दी। जिसने पुलिस को तीन दिन का अल्टीमेटम दे डाला कि अगर युवक की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उसके घर के बाहर धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस चेतावनी का असर बुढ़ाना पुलिस पर जबरदस्त तरीके से हुआ।

पुलिस ने आरोपी का मोबाइल सर्विलांस पर लगाकर युवक कोघ बीती देर रात पकड़ लिया और आज शनिवार को चालान कर दिया। इस युवक की गिरफ्तारी अगर पुलिस ना करती तो माहौल बिगाड़ने का पूरा अंदेशा था और पुलिस को विभाग के उच्च अधिकारियों की डांट फटकार सुनने को मिलती। इससे पहले ही पुलिस ने मामला शांत करते हुए युवक के विरुद्ध कार्यवाही कर डाली।

# आईआईए टीम दो दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा पर ऋषिकेश पहुंची



**मुजफ्फरनगर।** आईआईए सदस्य परिवार दो दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा के लिए, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन पवन कुमार गोयल के नेतृत्व में गीता भवन ऋषिकेश में गया, जहां रात्रि प्रवास गीता भवन ऋषिकेश में किया। सांयकालीन माँ गंगा की आरती सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से की। आरती से पूर्व सभी ने भजन संध्या का आनंद लिया। यह यात्रा आपसी जुड़ाव, आत्मिक शांति और सामूहिक ऊर्जा का प्रतीक रही। आईआईए समय-समय पर ऐसे आयोजनों से सदस्यों को नए अनुभव प्रदान करता है। इस आध्यात्मिक यात्रा में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन पवन कुमार, पूर्व चेयरमैन विपुल भटनागर, कोषाध्यक्ष अनुज स्वरूप बंसल, यात्रा संयोजक उमेश गोयल एवं आकाश बंसल, संयुक्त सचिव दीपक सिंघल, अमन गुप्ता, पीआरओ राज शाह, सीए प्रगति कुमार, सीए पवन कुमार गोयल, मनोज गर्ग, प्रवीण गोयल, राजेश कुमार गोयल, अनमोल अग्रवाल, अरविंद मित्तल, पंकज मोहन गर्ग, नवीन सिंघल, प्रमोद अरोरा, अजय अरोरा, रानी गोयल, पायल अग्रवाल, सीमा भटनागर, अंशु स्वरूप बंसल, उजाला बंसल, सुनीता मित्तल, नीरा गोयल, रश्मि गुप्ता, परिणा गर्ग, नेहा गुप्ता, मुकुंद, शलोक,श्वेता, सीमा गोयल, अलका शाह, स्मृति शाह, नीतू सिंघल, मुश्कान सिंघल, रेखा गर्ग, पारुल सिंघल, रेखा गोयल, विनीता अरोरा, अनीता अरोरा आदि ने इस यात्रा में हिस्सा लिया।

# खतौली में आधा दर्जन सभासद रालोद छोड़ सपा में आए

**मुजफ्फरनगर।** सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि प्रदेश में सपा की बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर आज सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट के समक्ष रालोद के आधा दर्जन सभासदों व बसपा के पूर्व नगर अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श के पश्चात समाजवादी पार्टी खतौली नगर अध्यक्ष पर हाजी वसीम सिद्दीकी खतौली सपा ब्लॉक अध्यक्ष नरेश कश्यप व समाजवादी लोहिया वाहिनी नगर अध्यक्ष खतौली प्रियांशु सैनी को नियुक्त करते हुए उनको मनोनयन पत्र सौंपे।

समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए अभियान व संघर्ष से प्रेरित होकर जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट के समक्ष आज रालोद को अवसरवादी बताते हुए रालोद सभासद खतौली नगर पालिका परिषद के वार्ड 8 से सभासद शगुफ्ता परवीन वार्ड 15 से सभासद डॉ हारून वार्ड 18 से सभासद एहतेशाम वार्ड 19 सभासद अब्दुल सत्तार वार्ड 20 सभासद आस मौहम्मद वार्ड 21 से सभासद मौहम्मद सद्दाम तथा बसपा के पूर्व नगर अध्यक्ष मौदअरशद ने समाजवादी पार्टी में आस्था जताई।सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट ने सभी का स्वागत व सम्मान करते हुए उनको समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा की नकारा सत्ता के विरुद्ध आक्रोश है आने वाले वक्त में भाजपा व उसके सहयोगी दलों में बड़ी भगदड़ मचनी तय है। इस अवसर पर खतौली विधानसभा अध्यक्ष पंडित सत्यदेव शर्मा समाजवादी पार्टी खतौली के पूर्व नगर अध्यक्ष जावेद सोल्जर सपा नेता इमलाक प्रधान, सैयद ताजुद्दीन, पूर्व नगर अध्यक्ष इरशाद जाट यूथ बिग्रेड जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक गोयल एडवोकेट सपा नेता कई दानिश, एहतेशाम गुड्डू, शशांक त्यागी, गगन महावी, आशु मलिक प्रधान नबील कुरैशी, अरशद सिद्दीकी, इरफान,हुसैन राणा,कमर खान,हाजी यूसुफ, सलीम अंसारी, परवेज अली, शाहिद अली आदि मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# पानी की टंकी का टैंक लीकेज से हो सकता है बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कादरगढ़ गांव में पानी की टंकी का टैंक लीकेज जल निगम की घोर लापरवाही प्रधान सहित ग्रामीणों का कहना कि निर्माण के समय अधिकारियों ठेकेदारों से कहने के बावजूद भी नहीं लगाई मानक के अनुसार निर्माण सामग्री करीब नब्बे लाख रूपए की लागत से कराया पानी की टैंक पाइपलाइन का कार्य। ग्रामीणों को सता रहा है टंकी गिरने का खतरा थानाभवन क्षेत्र के गांव कादरगढ़ उर्फ निरालसी में मौजूदा सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजना ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बनाई जा रही पानी की टंकी का निर्माण कार्य जल निगम द्वारा तीन वर्ष में लगभग एक करोड़ रूपए की लागत से निर्माण कराया गया, लेकिन अब यह टंकी भ्रष्टाचार और लापरवाही की जीती-जागती मिसाल बनकर सामने आई है।ग्रामीणों के अनुसार जैसे ही



टंकी में पानी भरा गया, टंकी झरने की तरह बहने लगी टंकी के चारों तरफ से पानी झर झर करके रिस रहा था।टंकी के समीप मकान मालिक महेश का आरोप है कि टंकी से पानी का इस तरह से रिसाव होने के कारण उन्हें हर समय अपने परिवार को लेकर भी चिंता बनी रहती है क्योंकि अभी हाल ही में कासगंज की घटना सुनी थी कि नई टंकी भर भराकर गिर गई है। इस टंकी की भी गिरने की आशंका बनी हुई है जिससे गांव के सैकड़ों लोगों की जानमाल की सुरक्षा खतरे में है।ग्राम प्रधान प्रमोद राणा ने आरोप



लगाते हुए बताया कि टंकी का निर्माण जल निगम द्वारा कराया गया था निर्माण के दौरान ही ग्रामवासियों की शिकायत पर ग्राम प्रधान ने ठेकेदार को बार-बार चेतावनी दी कि निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है।

पुराने और जंग लगे सरिए का इस्तेमाल किया गया, लेकिन ठेकेदार ने अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए किसी की बात नहीं मानी ग्रामीण सोनू का कहना है कि इस टंकी निर्माण में पूरी होने तक कहीं भी वाइब्रेटर मशीन का इस्तेमाल भी नहीं किया गया और न ही सम्बन्धित अधिकारियों से गुणवत्ता की जांच ही कराई गई। शिकायतों के बावजूद किसी ने इस मामले में संज्ञान लिया और न ही ठेकेदार पर कार्रवाई की गई।ग्रामीणों का कहना है कि टंकी से पानी रिसना किसी बड़े हादसे का संकेत है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी भी समय भरभरा कर गिर सकती है, जिससे ग्रामवासियों के जानमाल की भारी क्षति हो सकती है। ग्रामीणों में इसको लेकर भारी रोष व्याप्त है।

करीब नब्बे लाख रूपए की लागत से पानी टंकी और पाइप लाइन का कार्य कराया गया है ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी ठेकेदारों के संबंधित जल निगम के अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की गई।वहीं इस संबंध में अधीक्षण अभियंता जल निगम फूल सिंह यादव का कहना है कि चेक करने के लिए टैंक में पानी भरवारा गया था अभी टैंक के अंदर वॉटरप्रूफ कोटिंग नहीं की गई कोटिंग होने के बाद लीकेज बंद हो जाएगी। इस मौके पर वीर प्रताप सिंह,गर्वेश राणा महेश राणा राहुल कश्यप अनस अनीश आशु मांगा अनिल रविंदर नरेश मिथुन अवधेश आदि मौजूद रहे।

# 328 अभियोगों की अवैध शराब नष्ट कराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आपरेशन क्लीन अभियान के क्रम में माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी शामली अरविन्द चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के निर्देशन में थाना कैराना पर मुकदमो से सम्बन्धित मालखाने में रखी माल मुकदमाती शराब को नष्ट कराए जाने हेतु माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गठित कमेटी द्वारा आद. ेश निर्गत किए गए थे। उक्त क्रम में आज दिनांक 28 जून को उप जिला मजिस्ट्रेट शामली द्वारा नामित गौरव कुमार नायब तहसीलदार शामली व क्षेत्राधिकारी कैराना अमरदीप मौर्य व उतेश कुमार जौहर अभियोजन अधिकारी शामली व आबकारी निरीक्षक हेमन्त पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शामली वीरन्द्र कसाना की मौजूदगी में उक्त 328 अभियोगों से सम्बन्धित मालो को नष्ट कराया गया, जिसमें उपरोक्त मालो को थाना परिसर में खाली स्थान पर नियमानुसार जेसीबी के माध्यम से गड्ढा खुदवाकर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई तथा मालों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की गई।

# एक हत्याभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से ई-रिशा व मृतक का मोबाइल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत व्यक्ति की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में लिप्त एक हत्याभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे घटना में प्रयुक्त ई रिक्शा व निशादेही पर मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है।

22 जून को थाना आदर्शमंडी क्षेत्रान्तर्गत जय जवान जय किसान इण्टर कालेज मुण्डेट के बराबर वाले रास्ते पर उदयवीर पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम मुण्डेट के ज्वार के खेत की दीवार के बराबर मे एक अज्ञात पुरूष का शव पडे होने की सूचना प्राप्त हुई थी। 24 जून को राजकिरण व रवि पुत्रगण राजेन्द्र निवासी मौ. रामसागर थाना कोतवाली शामली ने अज्ञात शव की पहचान अपने पिता राजेन्द्र पुत्र रहतुराम निवासी मौहल्ला रामसागर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली उम्र 65 वर्ष के रूप मे की गई थी, जिसके पश्चात शव को परिजनो के सुपुर्द कर नियमानुसार अन्तिम संस्कार कराया गया।



थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत राजेन्द्र की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में लिप्त एक हत्याभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से घटना में प्रयुक्त ई रिक्शा व निशादेही पर मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

अभियुक्त अजीत उर्फ जीतू ने पूछने पर बताया कि मृतक राजेन्द्र कुमार पुत्र रहतुराम निवासी मौहल्ला रामसागर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली का हमारे गांव के श्रवण पुत्र धर्मवीर के घर आना जाना था और मेरा भी श्रवण के घर आना जाना था। जब मैं श्रवण के घर आता जाता था तो राजेन्द्र मेरे साथ बदतम. ीजी करता था और घर जाने से रोकता था जिसको लेकर मेरी पहले भी कहासुनी हो गई थी। श्रवण के घर आने जाने एवं श्रवण की पत्नि से बात करने को लेकर मेरी व राजेन्द्र की रंजिश रहने लगी। 20 जून को मैंने राजेन्द्र के मोबाइल पर रात को अपने फोन से बात की और दावत पर आने को कहा क्योंकि राजेन्द्र शराब पीने का शौकीन था और उसको सांस की बीमारी भी थी। राजेन्द्र के कहने पर मैने अपनी ई रिक्शा से मौहल्ला रामसागर से राजेन्द्र को अपने साथ ले लिया था। इसके बाद मैंने शराब के दो पव्वे और खरीदे तथा एक पव्वा मेरे पास पहले से ही था । राजेन्द्र ने पहले से भी शराब पी रखी थी और शराब के साथ कुछ खाने को खरीदा था और हम ग्राम मुन्डेट से होते हुऐ जय जवान जय किसान स्कूल के बराबर वाले रोड से स्कूल के पीछे रोड पर ई रिक्शा खडी कर शराब पीने लगे और मैने अधिकतर शराब राजेन्द्र को पिला दी थी। अधिक नशा होने पर मारने के लिए मैंने राजेन्द्र को ई रिक्शा से नीचे गिरा दिया और राजेन्द्र के नीचे गिरने पर उसको दबा दिया था। फिर मैने मृतक राजेन्द्र को पलट कर दीवार की तरफ घास में कर दिया था तथा कुछ घास उखाड़कर मृतक राजेन्द्र के ऊपर डालकर ढककर छिपा दिया था और मृतक राजेन्द्र का मोबाईल जो की- पैड नीले रंग का था, उसका सिम निकालकर तोड दिया तथा मोबाइल को अपने साथ ले गया था।

# खेत में कब्जा रोकने पर की मारपीट, परिवार को दी जान से मारने की धमकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ग्राम भैसानी इस्लामपुर निवासी तस्लीम पुत्र दाऊद ने थाना भवन पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपने खेत पर कार्य कर रहा था, तभी गांव के ही कुछ दबंगों ने उस पर और उसके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। तस्लीम ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम लगभग 5रू15 बजे की है, जब वह अपने खेत पर मौजूद था। उसी समय गांव के जुल्फकार, अमजद, रिफाकत, ग"यूर, यूसुफ, मुनव्वर, यूनुस, आदि लोग हथियारों सहित वहां पहुंचे और उसे व उसके भाई मुस्तकीम पुत्र नियाज को लाठी-डंडों से पीट दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने ट्रैक्टर व अन्य गाड़ियों से खेत में जबरन प्रवेश किया और खेत पर कब्जा करने की नीयत से हमला किया।घटना की जानकारी पुलिस को 112 नंबर पर दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। तस्लीम का आरोप है कि कुछ ही देर बाद पुनः आरोपियों ने उसके घर पर भी हमला बोल दिया, जहां उसके परिवार के अन्य सदस्य पत्नी शबीना, बहन आसमीन, भाभी रजिया आदि को भी मारा-पीटा गया और ईंट-पत्थरों से घर में तोड़फोड़ की। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पहले भी कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। घटना का वीडियो रिकॉर्ड भी पीड़ित के पास मौजूद है। उसने मांग की है कि उक्त आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

# दो भाइयों को मारपीट कर किया घायल



**थानाभवन।** शनिवार को गढ़ीपुख्ता कस्बे के रहने वाले दो सगे भाइयों पर उस वक्त हमला कर दिया गया जब वे अपने रोजमर्रा के कार्य के लिए थानाभवन क्षेत्र में पहुंचे थे।अनस और मुनव्वर पुत्रगण निजामुद्दीन, जो कि मछली पालन का कार्य करते हैं, शनिवार को थानाभवन कस्बे में मुर्गे की दुक. ानों से अवशेष द्धचिकन वेस्टऋ इकठा करने आए थे। इसी दौरान जैसे ही वे सड़क पर अपनी गाड़ी मोड़ रहे थे, तभी हरियाणा नंबर द्धभ्त्10 ल4535ऋ की एक कार में सवार करीब पांच अज्ञात लोगों ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। सूत्रों के अनुसार हमलावरों के पास चाकू, तमंचे और हॉकी जैसे घातक हथियार मौजूद थे। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को थाना भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।



# वैज्ञानिक डा. फखरे आलम ने भूजल रिचार्ज कार्यो का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जल शक्ति अभियान के तहत शनिवार को भारत सरकार द्वारा नामित केंद्रीय नोडल अधिकारी अनिल कुमार एवं केंद्रीय भूमि एवं जल बोर्ड के तकनीकी वैज्ञानिक डा। फखरे आलम की दो सदस्ईय टीम ने विभिन्न जल संरक्षण व भूजल रिचार्ज कार्यों का निरीक्षण किया। केंद्रीय टीम ने अपने दौरे की शुरुआत विकास भवन स्थित सभागार में समीक्षा बैठक से की, जिसमें जल शक्ति अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता राहुल कुमार ने पीपीटी के माध्यम से वर्षा जल संचयन, तालाब जीर्णोद्धार, रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग आदि इनोवेटिव व सक्सेस स्टोरी आधारित कार्यों की जानक. ारी दी। बैठक उपरांत केंद्रीय अधिकारी टीम ने ग्राम बाबरी व ताजपुर सिम्भालका में जल जीवन मिशन के तहत बनाए गए पानी की टंकियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके बाद भनैडा जट, खंद्रावली, कांजरहेड़ी व खेडी करमू गांवों में तालाबों के पुनरुद्धार, खेत तालाब निर्माण व वर्षा रोपण कार्यों का भी जायजा लिया गया। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद शामली में भूजल स्तर में गिरावट को लेकर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। अब तक किए गए कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची केंद्रीय टीम को किसी प्रकार की खामी नहीं मिली है। अधिकारियों ने भूजल स्तर बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। इस मौके पर जल निगम के अधिशासी अभियंता फूल सिंह यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार यादव, जिला उद्यान अधिक. ारी सतेंद्र पाल मान, लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता गौरव व भूपेंद्र मौजूद रहे।

# आंवले का पौधा लगाकर दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं भारतीय जनता पार्टी के कल्याणकारी संकल्प के शनिवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में आंवले का पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम समर्पित किया। भाजपा जिला महामंत्री विवेक प्रेमी ने जिला अस्पताल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि जिस प्रकार मां हमें निस्वार्थ प्रेम, छाया और सुरक्षा देती हैं, उसी प्रकार वृक्ष भी हमें जीवनदायिनी ऊर्जा, प्राणवायु और संरक्षण प्रदान करते हैं।

इस अभियान से जुड़कर सभी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाएं और इस धरती मां के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा। किशोर आहूजा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक कुमार, डा। रोहित कुमार, शिवम कुमार, सुनील कश्यप, नीरज कुमार मौजूद रहे।

# आसमान में छाए काले बादलों ने दिया धोखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को उमसभरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल किए रखा। सवेरे आसमान में काले बादल छाए, लेकिन दोपहर में सूरज की तेज तपिश ने लोगों के शरीर को झुलसा दिया था। तापमान जरूर कम रहा, लेकिन धूप की तपिश असहनीय रही।

शनिवार को मौसम को अधि. कतम तापमान 35 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सवेरे आसमान में बादल छाए रहे और तेज बारिश का अनुमान लगाया जा रहा था। मौसम विभाग ने भी बारिश की जानकारी दी थी, लेकिन बारिश नही हुई और 10 बजे ही आसमान साफ हो गया। दोपहर होते होते तेज



धूप बढनी शुरू हो गई थी और धूप असहनीय हो गई थी। उमस भरी गर्मी और तेज धूप ने लोगों को परेशान कर रखा था। उमस इतनी बढ गई थी कि लोगों को कही पर भी आराम नही मिल रहा था। दोपहर के समय तेज धूप और उसम को देखते हुए लोग घरों से बाहर कम निकले।

बाजारों में खरीदारों पर भी इसका असर देखने को मिला। शहर के बाजारों नया बाजार, गांधी चौक, शिव मूर्ति, कबाडी बाजार, नेहरू मार्किट, दिल्ली रोड पर दुकानों पर दुकानदार भी खाली बैठे दिखाई दिए। शामली शहर में बारिश न होने से लोग परेशान है, जबकि आसपास के जनपदों में जमकर बारिश हो रही है।

## एक नजर

### एसडीएम ने सुनी जन समस्याएं

**थानाभवन।** थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान पहुंचे उप जिलाधिकारी विनय भदोरिया ने जन समस्याएं सुनी। इस दौरान सात समस्याओं में चार का तत्काल समाधान कराया गया तीन के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए।

थाना भवन थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस पर उप जिला. धिकारी विनय भदोरिया की अध्यक्षता मे थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल सात फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायतो में खेत की डोल, जमीन, चकरोड़ पर कब्जे से सम्बंधित शिकायतें आई है। जिनमे चार शिकायतो का तत्काल निस्तारण कराया गया वही बाकि तीन शिकायत निस्तारण हेतू सम्बंधित लेखपाल को देकर तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए गए है। समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत अपराध निरीक्षक सुबोध कुमार यादव सी देवेंद्र शर्मा ऐसा ही देवेंद्र तेवतिया की टीम कानून को शैलेंद्र सिंह लेखपाल भूपेंद्र अंकुर विशु सहित थाना पुलिस, लेखपाल व कर्मचारी मौजूद रहे।

### संचारी व डायरिया की रोकथाम के लिए जुलाई में चलाया जाएगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शनिवार को खंड विकास कार्यालय थानाभवन में प्रभारी खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों, ग्राम विकास अधिकारियों एवं पंचायत सहायकों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार व यूनिसेफ से बीएमसी अहसान भी उपस्थित रहे। प्रभारी बीडीओ ने बताया कि क्षेत्र में संचारी रोगों के मामलों में वृद्धि हो रही है, जिन पर नियंत्रण के लिए आगामी 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही 15 जुलाई से 31 जुलाई तक डायरिया रोको अभियान भी शुरू किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों को दोनों अभियानों से जुड़ा प्रशिक्षण भी दिया गया। अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ, साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम, नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, एंटी लार्वा स्प्रे एवं फॉगिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।प्रभारी अधिकारी ने यह भी बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को 12 घातक बीमारियोंकृटीबी, पोलियो, पीलिया, रोटा वायरस, गलघोंटू, काली खांसी, टेटनस, जापानी इंसेफेलाइटिस, हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा, निमोनिया, दिमागी बुखार व रतौंधीकृसे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण कराया जाए।इसके अलावा गर्भवती महिलाओं की चार प्रसवपूर्व जांचें सुनिश्चित कराने, वैक्सीन प्रतिरोधी परिवारों को प्रेरित करने और समय से टीकाकरण में सहयोग करने पर भी विशेष जोर दिया गया।प्रशिक्षण के अंत में स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचारी व डायरिया रोगों से जुड़ी सावधानियों व उपायों की जानकारी भी साझा की गई

### मेधावी छात्रों का सम्मान किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** संकल्प शिक्षा सेवा उत्थान समिति ट्रस्ट शामली द्वारा आयोजित हनुमान टीला के पास एक रेस्टोरेंट में 15वां अधिष्ठापन समारोह एवं मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह का आयोजन किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेंद्र चौधरी बैंक मैनेजर दिल्ली, कार्यक्रम अध्यक्ष विजय कौशिक समाजसेवी, संरक्षक नितिन वर्मा समाजसेवी द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन संस्थापक अध्यक्ष सुनील अरोड़ा ने करते हुए पूरे साल 2024-2025 का लेखा-जोखा बताया एवं समस्त सदस्य को सम्मानित कराया। अधिष्ठापन अधिकारी अरविंद संगल चेयरमैन नगर पालिका परिषद शामली ने 2025,2026 अध्यक्ष श्याम लाल एडवोकेट, सचिव डॉक्टर अजय वर्मा, कोषाध्यक्ष रवि संगल आदि कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। एवं हार्दिक शुभकामनाएं नई टीम को दी। कहां की जो जीवन में प्रयास करता, एवं कदम बढ़ाता है उसे सफलता हमेशा मिलती है। सेवा करने से जीवन में आनंद प्राप्त होता है हमें जरूरत मंदों की सेवा करनी चाहिए। मेधावी छात्रों के अंतर्गत सावी जैन टॉपर बालिका स्कॉटिश नेशनल स्कूल एवं बालिका विद्या मंदिर की रिया को स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। नई टीम को सभी पदाधिकारी एवं समस्त सदस्यों ने फूल माला द्वारा स्वागत किया। शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉक्टर अजय चौधरी, मनोज मित्तल, रुचिर गोयल, राकेश शर्मा, रामकुमार वर्मा, आयुष्मान सिंघल, वंश नामदेव, रजनीश नामदेव, विनोद वर्मा, अमित कौशिक, राकेश कुरीथी, नितिन एडवोकेट, विनय कौशिक आदि रहे।

### तीन मामलों में न्यायालय ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2002 में अभियुक्त खालिद पुत्र महबूब निवासी परासौली थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में को न्यायालय सीजेजेडी/जेएम शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि व 1050/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वर्ष 2010 में अभियुक्त नरेन्द्र पुत्र भंवर सिंह निवासी ग्राम छपरेडी थाना रामपुर मनिहारण जनपद सहारनपुर के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि व 2000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित व अर्थदण्ड अदा न करने पर 07 दिवस के अतिरिक्त कारावास सजा का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2018 में अभियुक्त मनोज पुत्र कंवरपाल सैन निवासी आर्यपुरी थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय एसीजे/जेडी/जेएम कैराना को 5000/-रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित व अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस के अतिरिक्त कारावास सजा का प्रावधान किया गया है ।

### मारपीट के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 5 मई को रविन्द्र पुत्र रामशरण निवासी ग्राम कैड़ी थाना बाबरी जनपद शामली ऑटो चालक के साथ अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए मारपीट, गाली गलौच की घटना कारित की गई थी। घटना के सम्बन्ध में वादी रविन्द्र उपरोक्त की तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था । इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना बाबरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत कैड़ी बस स्टैण्ड पर ऑटो चालक के साथ जातिसूचक शब्दो का प्रयोग कर मारपीट, गाली गलौच करने की घटना में वांछित 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त राहुल कश्यप पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम कैडी थाना बाबरी जनपद शामली है।

### नीट में सफल छात्रों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के बीएसएम स्कूल में पूर्व छात्र कार्तिक निर्वाल ने नीट 2025 में 720 में से 582 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 3296 और ओबीसी कैटिगरी रैंक 1197 हासिल करने पर सम्मानित किया गया। कार्तिक निर्वाल ने 2010 में कक्षा नर्सरी में बीएसएम में प्रवेश लिया व निरंतर अध्ययनरत रहकर कक्षा 12वीं की परीक्षा 92 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह तथा उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा कार्तिक को सम्मान-पत्र, स्मृति-चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि कार्तिक जैसे समर्पित और मेहनती छात्र विद्यालय के लिए प्रेरणा होते हैं। उनकी सफलता हर विद्यार्थियों के लिए एक उदाहरण है। मैनेजर छाया सिंह और चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि यह सफलता न केवल कार्तिक के व्यक्तिगत प्रयास की है, बल्कि विद्यालय, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक सहयोग की भी उपलब्धि है।

# जिला न्यायाधीश, एसपी व एडीएम ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**शामली।** जिला न्यायधीश शामली, पुलिस अधीक्षक शामली व अपर जिलाधिकारी शामली द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर स्थित जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

जिला न्यायधीश शामली इंदर प्रीत सिंह जोश, पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम व अपर जिलाधिकारी शामली सतेन्द्र सिंह द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर स्थित जिला कारागार में महिला व पुरूष जेल बैरिकों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों के बैरिको में कोई संदिग्ध वस्तु प्राप्त नही हुई।

इस के अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान जेल में बंद महिलाध्पुरूष कैदियों के लिए बने जिला कारागार के भोजनालय, चिकित्सा व्यवस्था हेतु अस्पताल, पुस्तकालय तथा कैदियों के रहने हेतु बने बैरकों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव हेतु जिला कारागार के अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महिलाध्पुरूष बंदियों को स्वस्थ रहने हेतु योग करने तथा सजा पूर्ण कर चुके बंदियों की रिहाई पर उन्हें आगामी जीवन मे अच्छे आचरण व मधूर व्यवहार रखने की सलाह दी गई। इस निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मती प्रतिभा, जेल अधीक्षक मुजफ्फरनगर अभिषेक चौधरी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## भाजपा की शक्ति केंद्र स्तर की बैठकें

**नजीबाबाद।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने हेतु भागूवाला मंडल के सभी 20 शक्ति केंद्रों पर एक साथ कार्यकर्ताओं की बैठक शक्ति केंद्र के संयोजकों द्वारा आहूत की गई, जिसमें पार्टी पदाधिकारी को बैठक लेने के लिए अधिकृत किया गया। बैठक में शक्ति केन्द्र से संबंधित समस्त बूथ अध्यक्ष बूथ पर निवास करने वाले मंडल, जिला, क्षेत्र, प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भागूवाला मंडल के राजगढ़ शक्ति केंद्र पर ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद देशवाल ने भागूवाला पर नरेश शर्मा, श्यामीवाला पर मुकेश अग्रवाल, सबलगढ़ पर अनुज चौधरी, बिजौरी पर चौधरी ईशम सिंह, पूरनपुर पर मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, नारायणपुर पर महामंत्री सचिन देशवाल, रहमापुर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, मोटा ढाक पर युवा मोर्चा के अध्यक्ष सागर बडोला आदि रहे।



# अखिल भारतीय जाट महासभा से जुड़े नए पदाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**शामली।** शनिवार को अखिल भारतीय जाट महासभा की एक मीटिंग एमएसके रोड पर आयोजित की गई। संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों को महासभा से जोडा गया, जिनको मनोयन पत्र दिया गया।

शनिवार को शहर के एमएसके रोड पर अखिल भारतीय जाट महासभा की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग को संबोधित करते हुए संगठन के युवा जिलाध्यक्ष अमरदीप लाठियान ने कहा कि जाट महासभा द्वारा समाज हित में कार्य किए जा रहे है। सभी को समाज में फैली कुरूतियों को दूर करने के लिए आगे आना होगा। समाज में नशाखोरी को खत्म करे और बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करे। इस दौरान संगठन विस्तार किया गया औश्र केन्द्र सरकार से आरक्षण की मांग की गई। मीटिंग में वैभव करोड़ी को जिला उपाध्यक्ष एवं गौरव धामा को जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर गौरव, ओमपाल, नितिन, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

# नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर गर्मी से लोग हो रहे परेशान



**झिंझाना।** फाल्ट के कारण खराब हुआ विद्युत ट्रांसफार्मर चार दिन बाद भी नहीं बदला गया। गांव के लोग बिजली न आने से परेशान हो गए हैं। पशुओं के चारा काटने से लेकर गांव में पानी की समस्या तथा मोबाइल चार्ज करने से भी लोग झूज रहे हैं। लोगों में ऊर्जा निगम के खिलाफ रोष व्याप्त है। गांव बिडौली सादात में तालाब के किनारे रखे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर चार दिन पहले रात में फाल्ट के चलते खराब गया था। ग्रामीणों में हाफिज मोहम्मद इनाम, दिलशाद, मुस्तकिम, दाऊद, नाजिम, रहीस आदि ने ऊर्जा निगम के लोगों को ट्रांसफार्मर को ठीक करने की मांग की, लेकिन ट्रांसफार्मर चार दिन गुजारने के बाद भी नही बदला गया। बिजली न आने से गांव वासी परेशान है। बढ़ती गर्मी से तंग ग्रामीण पशुओं के लिए चारा भी नहीं काट पा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से भयंकर गर्मी में ट्रांसफार्मर की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। अवर अभियंता संजीव सौरभ ने बताया कि ट्रांसफार्मर फुका होने ही सूचना मिली है जल्द ही ग्राम वासियों की समस्या का समाधान ट्रांसफार्मर बदलकर करा दिया जायगा।



शामली। प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षकगण।

## एक नजर

### रजवाहे में मिला चीनी मिलकर्मी का शव, मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़ीपुख्ता।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां में शुक्रवार को रजबा. हे में एक युवक का शव पड़ा मिला था। मृतक की पहचान रवि देव द्ध32 वर्षऋ पुत्र ऋषिपाल , निवासी गांव पिंडोरा के रूप में हुई थी, जो मवाना चीनी मिल में कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। गढ़ीपुख्ता पुलिस व क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वीडियोग्राफी कराई और साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद रवि देव का अंतिम संस्कार गांव में गमगीन माहौल के बीच किया गया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, साथ ही मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल्स और लोकेशन का भी विश्लेषण किया जा रहा है। गढ़ीपुख्ता पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सके। अभी तक मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

### थाना समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनी जनसमस्याएं



**कैराना।** थाना समाधान दिवस में एसडीएम निधि भारद्वाज व पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामसिंह ने जनसमस्याएं सुनी। शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने की। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित 8 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से चार का ही मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायती-पत्रों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। एसडीएम ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। इस अवसर पर सीओ श्यामसिंह, तहसीलदार अर्जुन चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना समाधान दिवस में आठ शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

### नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** गांव निवासी व्यक्ति ने तीन व्यक्तियों पर उसकी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि चार-पांच दिन पूर्व वह अपने परिवार के साथ में पानीपत के ईंट भठे पर काम करके गांव वापिस आया था। विगत 26 जून को वह अपनी पत्नी के साथ में मेरठ में एक मरीज से मिलने के लिए गए थे। घर पर उसकी दो नाबालिग पुत्री मौजूद थी। इसी दौरान कांधला थानाक्षेत्र के गांव लिसाढ़ निवासी तीन अज्ञात व्यक्ति उसके घर पर पहुंचे तथा वहां पर मौजूद उसकी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। उसकी पुत्री घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई है। घर वापिस लौटने पर उसकी दूसरी पुत्री ने उन्हें मामले की जानकारी दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने एवं नाबालिग पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

### विद्यालय महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने सुनील धीमान व अलका तिवारी सचिव





**कैराना।** उत्तर-प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा की जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसमें सर्वसम्मति से चन्द्रकुमार शर्मा को जिलाध्यक्ष व हरेंद्र राणा को महासचिव नियुक्त किया गया है। वहीं, सुनील धीमान को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व अलका तिवारी को जिला सचिव बनाया गया है। विगत गुरुवार को शामली में उत्तर-प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा की जिला स्तरीय कार्यकारिणी के गठन एवं शपथ ग्रहण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से चन्द्रकुमार शर्मा को जिलाध्यक्ष व हरेंद्र राणा को महासचिव बनाया गया। वहीं, सुनील धीमान को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व अलका तिवारी को जिला सचिव का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। सुनील धीमान कस्बे के मोहल्ला कायस्थवाड़ा में स्थित मदर इंडिया मॉडल जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक है, जबकि अलका तिवारी नगर के खन्द्रावली मार्ग पर स्थित हिमालय मॉडल स्कूल की प्रधानाचार्या है। इसके अलावा, कस्बे के मोहल्ला दरबारखुर्द में स्थित जीआर पब्लिक स्कूल के संचालक पूरणचंद को जिला कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है। संगठन के नवनियुक्त पदा. धिकारियों को शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने शुभकामनाएं ज्ञापित की है।

### कार की चपेट में आकर दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**शेरकोट।** बाइक सवार दो युवक कार की चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों की पहचान आरिफ पुत्र अनीस और जावेद पुत्र यूसुफ के रूप में हुई है, जो कांठ के निवासी हैं। दोनों युवक शेरकोट के शनि बाजार में कपड़ा बेचने जा रहे थे तथा हाईवे से नगर में आने के लिए सड़क पार कर रहे थे। दुर्घटना के बाद कार चालक ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को एक अन्य वाहन की मदद से धामपुर के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाकर उपचार दिलाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को थाने ले गई।

# भाकियू भानू ने जिला बिजनौर में किया संगठन विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नगीना।** तहसील क्षेत्र नगीना निवासी भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला बिजनौर के एक बैंक्विट हाल में आयोजित भारतीय किसान यूनियन भानू की बैठक में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवेंद्र चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में स्वांकित देशवाल पुत्र चौधरी नरेश प्रधान को भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी भानु प्रताप सिंह के आदेश पर जिला अध्यक्ष बिजनौर नियुक्ति मिलने पर उनका सम्मान किया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्तियां की गई। इसके अलावा कई सदस्यों की सदस्यता भी समाप्त कर दी गई है। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवेंद्र चौहान ने कहा कि उनका संगठन गरीब, मजदूर और कमजोर वर्ग की आवाज बनकर काम करता है। उन्होंने कहा कि संगठन भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय है। वे अपने कार्यकर्ताओं की हर समय मदद के लिए तत्पर रहते हैं।

बैठक में कई लोगों को सदस्यता भी दी गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बी.कॉम. द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज के बी. कॉम. (कम्प्यूटर) द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष मंदीप चिकारा ने बताया कि बी.कॉम. (कम्प्यूटर) प्रथम वर्ष में अक्षिता ने प्रथम, इफरा फातिमा ने द्वितीय तथा यश राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज, बिजनौर का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले।

# शिक्षकों के जिला प्रशिक्षण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर स्कूल में विद्या मंदिरों के शिक्षकों के जिला प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

शनिवार को प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य राजीव शर्मा ने बताया कि हमें अपने विद्यालय में वंदना को प्रभावी ढंग से करने के लिए के लिए विशेष रूप से सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाए। क्योंकि वंदना उचित प्रकार से करना हमारा सबसे पहले कर्तव्य है।

आनंद शर्मा ने बताया कि सभी संस्कृतियों में भारतीय संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है। आध्यात्मिक केवल भारतीय संस्कृति में ही मिलता है अन्य किसी संस्कृति में ऐसा नहीं है। एक शिक्षक ही ऐसा है कि वह सर्जन अथवा विनाश की ओर ले जा सकता है। उसकी शिक्षा का बालक के मस्तिष्क पर बड़ा प्रभाव पड़ता है।

इसलिए हम सभी को भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं को शिक्षित करें और उनमें भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करें। हमें आपस में भेदभाव मिटाकर कार्य करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर संजीव कुमार, संजय कुमार सैनी, पल्लवी ऐरन, आशीष जैन, रविंद्र कुमार, सुधीर, शिवकुमार धीमान, रामकुमार, अक्षय धीमान, सचिन कुमार, रवि कुमार, करुण कांत शर्मा, सोमदत्त शर्मा, गीता कंबोज, सविता गुप्ता, लक्ष्मी गर्ग, मीनाक्षी शर्मा, स्वाति जैन, रिचा संगल आदि मौजूद रहे।

## अपना दल का स्थापना दिवस 2 को

**बिजनौर।** अपना दल एस पार्टी का स्थापना दिवस 2 जुलाई को लखनऊ में मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अपना दल एस के जिला अध्यक्ष चौधरी शैलेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि जनपद बिजनौर से पांच वाहनों एवं ट्रेन के माध्यम से कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी लखनऊ में होने जा रहे स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अनेक केंद्रीय एवं राज्य मंत्री भाग लेंगे।

# एक माह से चल रहे समरकैंप का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**शामली।** मंत्राज मिस्ट्री डांस एकेडमी में पिछले एक माह से चले रहे समर कैंप का समापन हो गया। कैंप में बच्चों को डांस करना, गिटार बजाना और ढोलक बजाना सिखाया गया।

शहर के बडा बाजार स्थित मंत्राज मिस्ट्री डांस एकेडमी में पिछले एक माह से चल रहे समर कैंप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ एकेडमी की डायरेक्टर शशि अरोरा ने किया। कैंप में बच्चों ने समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई।

जिसमें डांस कॉम्पिटिशन, गिटार बजाना, ढोलक बजाना आदि कराए गए। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढचढकर हिस्सा लिया। कैंप को संबोधित करते हुए शशि अरोरा ने कहा कि जून के पूरे महीने में बच्चों ने कैंप में भाग लेकर अपने जीवन में प्रयोग होने वाली कई अहम चीजों को सीखा है।

ऐसी कैंपों में बच्चों को जरूर भाग लेना चाहिए, जिससे उनकी छुटिटया बेकार न जाए। मौके पर समर कैंप में भाग लेने वाले 30 बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुकुल तोमर, एकेडमी के कोरियोग्राफर गौरव पाहिवाल, गिटार टीचर राज, पेंटिंग टीचर, स्वाति, पारस बंसल, सचिन, अंजलि, रक्षा सैनी आदि मौजूद रहे।

# होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रहे छात्र ने की आत्महत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**झिंझाना।** शुक्रवार की देर रात कस्बा निवासी बाबूराम बंसल के पुत्र हर्षित उम्र करीब 19 वर्ष ने घर के पास अपनी ही दुकान के ऊपर बने कमरे में चुन्नी से फांसी के फंदे पर लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के चाचा भाजपा नेता सुनील बंसल ने बताया कि पूरा परिवार मृतक की बड़ी बहन को लेकर मुजफ्फरनगर के अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के लिए गया हुआ था उन्होंने बताया कि वह घर पर अकेला था शाम के समय जब परिवार घर लौटा तो हर्षित नहीं मिला काफी देर इधर-उधर खोजने के बाद परिवार के लोगों ने दुकान के ऊपर बने कमरे में जाकर देखा तो उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। छात्र का शव चुन्नी से लगे फंदे पर लटका हुआ था। फांसी की खबर से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मौत के कारण को परिवार के लोग भी समझ नहीं पा रहे हैं कि किसी से कोई झगड़ा या कोई बात भी नहीं हुई थी। परिजनों ने बिना पुलिस की कार्रवाई के छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया। चाचा सुनील बंसल ने बताया कि मृतक हर्षित परिवार में एक छोटे भाई तथा एक बड़ी बहन व माता-पिता को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# भामाशाह के जन्मदिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**शामली।** दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। शासन के निर्देशों के क्रम में आज दानवीर भामाशाह जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित व्यापारी कल्याण दिवस पर सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान, समाज में विशेष योगदान देने वाले व्यापारियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं राज्यकर विभाग शामली द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, नगर पालि. का परिषद शामली के अध्यक्ष अरविंद संगल ,अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा, एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, विजय कुमार उपायुक्त द्धप्रशासनऋ शामली द्वारा दानवीर भामाशाह जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। इसके उपरांत अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं उपस्थित व्यापार संगठनों के प्रति. निधियों द्वारा प्रदेश स्तर पर आयोजित लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से माद्द मुख्यमंत्री जी के संबोधन को देखा और सुना गया। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा जनपद शामली में सर्वोच्च करदाता के रूप में आशा ऑटो एजेंसी, सर्व हरे कृष्णा ऑटोमोबाइल, सिद्धार्थ इलेक्ट्रॉनिक्स, सर्व गुड रिच कार्बोहाइट्रेट,सर्व बाबा ट्रैक्टर को भामाशाह सम्मान प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही माद्द अतिथियों द्वारा समाज में विशेष योगदान देने वाले व्यापारी प्रतिनिधियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए शामली विधायक प्रसन्न चौधरी ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया की उन्होंने दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापार कल्याण दिवस के रूप में मनाने का काम किया। उन्होंने अपने संबोधन में दानवीर भामाशाह को राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति की मिसाल बताया। उन्होंने अपने संबा. धन में देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने समृद्ध और सुरक्षित प्रदेश बनाकर व्यापारियों का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। आज हम कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश में कहीं से भी आकर व्यापारी अपना व्यापार कर सकता है।

नगर पालिका शामली के अध्यक्ष ने अपने संबोधन दानवीर भामाशाह पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को आप अपने गांव के दानवीर भामाशाह जरूर बनाएं। उन्होंने कहा कि आप अपने गांव में दादा-दादी के नाम पर प्याऊ, प्रतीक्षालय, आदि जरूर बनवाएं ताकि आप अपने गांव के लिए भामाशाह के नाम से जाने जाए।आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानन्द झा ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस 29 जून की पूर्व संध्या को आज व्यापारी कल्याण दिवस'' के रूप में मनाया गया। उन्होंने बताया कि दानवीर भामाशाह ने महाराणा प्रताप के लक्ष्य को साकार करने के लिए अपनी सारी सम्पत्ति दान कर दी थी। इस अवसर पर विजय कुमार उपायुक्त द्धप्रशासनऋ शामली द्वारा दानवीर भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डाला गया।आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर संस्कृति विभाग से सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए जनपद में नामित लोक गायन हेतु श्रवण मस्ताना की टीम द्वारा बहुत ही सुन्दर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुराग शर्मा द्वारा किया गया।

# बंद घर से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण सहित नकदी पर किया हाथ साफ

## मकान स्वामी परिवार के साथ गए थे विवाह समारोह में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विवाह समारोह में परिवार के साथ गए बंद घर से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण सहित हजारों रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीडित ने कोतवाली में तहरीर देते हुए पुलिस से चोरों के खिलाफ कार्रवाई कर चोरी की घटना का खुलासा किये जाने की गुहार लगाई हैं।

गांव इबादुल्लापुर निवासी अमीर आलम ने शनिवार को कोतवाली पहुंच दी तहरीर में बताया कि वह उत्तराखंड के रुड़की स्थित अपनी मौसी के घर परिवार के साथ विवाह समारोह में गया था। इस दौरान चोरों ने उसके बंद घर के ताले तोड़ घर में रखी 90 हजार रुपये की नगदी और 12 तोले सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सोनकर ने बताया कि पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। बताया कि रणखंडी पुलिस चौकी प्रभारी घटना की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ कर रही

# हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे रणखंडी गांव निवासी नीरज कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 9 मई को रणखंडी बधाई पट्टी निवासी मनोज राणा ने नीरज कुमार समेत कई लोगों पर रंजिशन घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला कर और फायरिंग करने का आरोप लगाया था। इसमें पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। शनिवार को पुलिस ने नीरज कुमार को गांव से ही गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# कार्यशाला में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** द दून वैली पब्लिक स्कूल में क्षमता निर्माण कायक्रम पर आयोजित कार्यशाला में शिक्षकों को संवादात्मक गतिविधियों, समूह चर्चाओं तथा केस स्टडी के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

द दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागण में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तत्वावधान में क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सीमा शर्मा, देहरादून से आई सीबीएसई की वरिष्ठ प्रशिक्षिकाएँ श्रीमती अनिता रतूड़ी एवं डॉ. शुचिता गुप्ता, क्वालिटी हेड श्रीमती अर्चना शर्मा, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती तनुज कपिल, हरदीप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। प्रशिक्षिकाओं ने शिक्षकों को शिक्षण तकनीकों, नवाचार, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, मूल्यांकन पद्धतियों एवं 21वीं सदी के कौशलों पर आधारित प्रशिक्षण देने के साथ आत्ममूल्यांकन एवं टीमवर्क के महत्व को गहराई से समझाया कार्यशाला के समापन पर प्रधानाचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और प्रशिक्षकों का आभार जताते हुए सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

# संपत्ति पर जबरन ताले डाल कब्जे का किया प्रयास

## मामला एक ही परिवार में संपत्ति विवाद को लेकर है: कोतवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संपत्ति विवाद के चलते मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद एक भाई ने दर्जन भर लोगों के साथ दूसरें भाई की दुकान समेत आसपास की दुकानों पर लगे सीसी कैमरों को तोड़ वहां जबरन ताले डाल कब्जे का प्रयास किया। पीडित भाई ने कोतवाली पहुंच पुलिस से कार्रवाई को गुहार लगाई।

मजनूवाला रोड निवासी शहजाद ने बताया कि उसकी मां ने अपने हिस्से की दुकान उसके नाम कर रखी है। जिसके कागज भी उसके पास है। जिसको लेकर उसका अपने सगे भाई के साथ ही न्यायालय में विवाद चल रहा है। पीडित के मुताबिक उसका भाई दुकान पर जबरन कब्जा करने की नियत से शनिवार को 10 से 12 लोगों को साथ लेकर दुकान पर कब्जे का प्रयास किया। इतना ही नहीं उसकी दुकान समेत आसपास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ देने से अफरा-तफरी मच गई। पीडित ने परिवार के साथ कोतवाली पहुंच पुलिस से कार्रवाई को गुहार लगाई। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र सोनकर ने बताया कि मामला एक ही परिवार के दो पक्षों में संपत्ति विवाद को लेकर है। उन्होंने बताया कि दुक. ानों के सीसीटीवी कैमरे तोड़ने को लेकर मामला दर्ज किया जा रहा है।

# कूड़ा निस्तारण केंद्र की जगह डॉ. अम्बेडकर पार्क बनाने की मांग को लेकर गरमाई राजनीति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में एमआरएफ सैंटर के निकट नगर पंचायत द्वारा वाहन खड़े करने के लिए शैड का निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसको लेकर पूर्व में भी स्थानीय लोगों ने विरोध जताया था जिसके बाद इस जगह पर अम्बेडकर पार्क बनाने की बात नगर पंचायत अध्यक्ष ने कही थी। वहीं लोगों ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा फिर से शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध किया और भाजपा नेता मोहन सैनी व यादराम जाटव के नेतृत्व में पूर्व विधायक संगीत सोम से मुलाक. ात की और समस्या से अवगत कराया जिसके बाद उन्होंने कूड़ा निस्तारण से संबंधित कार्य रुकवाने के लिए संबंधित अधिकारी से बात की। इसी कड़ी में शनिवार को नायब तहस. ीलदार ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। वहीं बताया जा रहा है कि लावड़ कस्बे में जिस जमीन पर नगर पंचायत के वाहन खड़े करने के लिए शैड बनाया जा रहा है उसका बोर्ड से प्रस्ताव पास किया गया था। और ठेका भी छोड़ा जा चुका है और काफी निर्माण कार्य भी हो चुका है।

# लीकेज गैस सिलेंडर में लगी आग से मची अफरा-तफरी

## सुनहेटी गांव में बाल-बाल होने से बचा बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सुनहेटी गांव में शनिवार को बड़ा हादसा बाल-बाल होने से बचा भंडारे के आयोजन के दौरान लीकेज गैस सिलिंडर में आग लग गई। इससे वहां लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाम. ुश्किल आग पर काबू पाया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सुनहेटी के बाहर मंदिर में शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया था। खाना पकाने के दौरान अचानक गैस सिलिंडर ने आग पकड़ ली। इससे वहां मौजूद भक्तजनों में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन इसमें वह सफल नहीं हुए। ग्रामीणों ने 112 पर फोन कर सिलिंडर में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी पुष्पेंद्र कुमार, अंजू, बबलू कुमार और अनीता आदि ने सूझबूझ का परिचय दिया और सिलिंडर को उठाकर पास में बने तालाब में फेंक दिया। जिससे बड़ा हादसा होने से रह गया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिसकर्मियों के साहस की ग्रामीणों ने प्रशंसा की है। बताया गया है कि गैस सिलिंडर की पाइप लीकेज होने के कारण उसने आग पकड़ ली। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है।

# बाइक सवार बदमाशों ने मेडिकल स्टोर संचालक को गोली मारी

## सिर में गोली लगने से मौके पर ही हो गई थी मौत, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडाली।** जिसौरा में बीती रात बाइक से घर लौट रहे मेडिकल स्टोर संचालक पर बाइक सवार बदमाशों ने गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। घंटों बाद घटना का पता चला तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं परिजनों ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया है। जिसौरा निवासी स्लिम पुत्र तहसीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई माहिर गांव में ही डाक्टरी और मेडिकल स्टोर करता



था। शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे वह स्टोर बंद कर पल्सर बाइक से गांव में छोईया पार अपने घर लौट रहा था। रास्ते के सुनसान इलाके में उसके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। देर रात उधर से गुजरे बाइक सवार ने पल्सर के नीचे खून से लथपथ शव दबा देख कुछ दूर दुकान पर बैठे लोगों को बताया ग्रामींण मौके पर पहुंचे। मृतक के चाचा यासीन ने शव की पहचान अपने भतीजे माहिर के रूप में की। पुलिस और परिजनों को सूचना दे दी गई। हत्या की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। रात लगभग 1:30 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी के लिए भिजवाया। मृतक के भाई ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। माहिर की हत्या को लेकर गांव में असमंजस्य है। ग्रामींणों का कहना है कि तहसीन के परिवार की फिलहाल न तो किसी से रंजिश है और न विवाद। ऐसे में माहिर की हत्या क्यों और किस मंशा से की गई इसको लेकर हरकोई हैरत में है। माहिर की शादी तीन वर्ष पूर्व महविश के साथ हुई। उसके दो मासूम बेटियां हैं। माहिर चार भाईयों में तीसरे नंबर का था। उसके तीन बहनें हैं। पिता की मौत हो चुकी है। माहिर की हत्या पर मां नाजरीन, बहनों और पत्नी महविश का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दो विभागों के चक्र में पिस रही है नगर निगम क्षेत्र की जनता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्वदलीय पार्षद दल ने अपर नगर आयुक्त महाप्रबंधक जल पंकज यादव को एक पत्र सौंपा है। जिसमें 457/सीवर-6/3 नगर निगम को भेजा गया जिसमें बताया गया कि सीवर लाइन नगर निगम को हैंड ओवर की जा चुकी है। वर्तमान में वार्डो के अंदर चौक पड़ी सीवर लाइन की सफाई न तो जल निगम कर रहा है न ही नगर निगम कर रहा है दोनों विभाग नगर निगम व जल निगम मिलकर इसका समाधान करें। इस दौरान गफ्फार पूर्व पार्षद, सदस्य कार्यकारिणी, फजल करीम पार्षद, सदस्य कार्यकारणी, रेशमा दिलशाद सैफी, रिजवान अंसारी, शाहिद अंसारी, शाहिद पहलवान आदि रहे।

# टाइल्स व्यापारी पर जानलेवा हमला

## आधा दर्जन बाइक सवार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** इंचौली थाना क्षेत्र के कस्बा लावड़ में एक टाइल्स व्यापारी पर कुछ युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें व्यापारी को गंभीर चोटे लगी। पीड़ित व्यापारी ने 6 हमलावारों के खिलाफ नाम दर्ज एवं छह अज्ञात हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

> ■ व्यापारी के पेट, कंधे व पीठ पर गंभीर चोट आई, पीड़ित ने कराई रिपोर्ट दर्ज

देदवा निवासी व्यापारी मोनू कुमार पुत्र रघुवर सैनी कस्बा लावड़ में टाइल्स का व्यापार करते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि लावड़ में गन्ना केंद्र के समीप आदर्श टाइल्स के नाम से उनकी दुकान है। गुरुवार रात लगभग 9 वह अपनी दुकान बंद करके घर जाने के लिए दुकान के सामने खड़े हुए थे इसी दौरान उन्ही के गांव निवासी युवक मोहर सिंह, करण, हिमांशु अपने साथ मीठेपुर निवासी सोनू, विशाल, दीपक व आधा दर्जन अज्ञात व्यक्तियों को लेकर उनकी दुकान पर पहुंचे और उनके साथ गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया।

पीड़ित व्यापारी ने बताया कि वह अपनी जान बचाने के लिए दुकान से सेट मार्ग की ओर दौड़े लेकिन हमलावरों ने वहां तक पीछा करके उनके साथ मारपीट की शोर सुनकर स्थानीय लोग घरों से बाहर आए तो हमलावरों ने उनके पास मौजूद रुपए छीन कर जान से मार डालने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हमले की जानकारी मिलने पर व्यापारी के परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। व्यापारी ने बताया कि गांव निवासी कुछ लोग उनसे पुरानी रंजिश रखते हैं। जिसके चलते उन्होंने यह जानलेवा हमला किया। इस मामले में पीड़ित व्यापारी ने आधा दर्जन हमलावरों के खिलाफ नाम दर्ज एवं आधा दर्जन अज्ञात हमलावरों के खिलाफ लावड़ पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने शिकायत दर्ज कर व्यापारी का दौराला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार दिलाया ओर मामले की जांच में जुट गई है।

# गुर्जर सम्राट मिहिर भोज स्मृति द्वार पर अपशब्द कहने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रविंद्र सिंह गुर्जर ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज जिन्हें इतिहास में गुर्जर प्रतिहार वंश के प्रतापी सम्राट के रूप में जाना जाता है उनके स्मृति द्वार को लेकर कोई भी व्यक्ति या समूह यदि दुर्भाग्यपूर्ण कार्य करता है तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जी के नाम के साथ ऐतिहासिक रूप से प्रमाणित गुर्जर शब्द का सम्मान पूर्वक लिया जाए जो असामाजिक तत्व समाज में जातीय तनाव और विघटन पर फैलाने का प्रयास कर रहे हैं उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। स्मृति द्वार के खिलाफ सोशल मीडिया पर लगातार टिप्पणी की जा रही है जिसका उन्होंने विरोध किया है। इस दौरान कुलदीप चौधरी, अजय पाल, संजीव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कृषि विभाग खाद, बीज व कीटनाशक व्यापारियों का कर रहा है उत्पीड़न

> ■ व्यापारियों ने प्रतिष्ठान बंद कर डीएम कार्यालय पर किया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीज और कीटनाशक विक्रेता संघ के बैनर तले एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि कृषि विभाग द्वारा खाद बीज और कीटनाशक व्यापारियों पर लगातार छापे डालकर उनके लाइसेंस निरस्त किए जा रहे हैं। उन पर मुकदमे लग रहे हैं। जिससे व्यापारियों में भय उत्पन्न हो रहा है। व्यापारियों ने अपनी दुकान बंद कर दी है जबकि उनका कोई दोष नहीं है। उन्होंने कहा कि निर्माता कंपनियों द्वारा यूरिया रुपए 250 का होलसेलर को बिल किया जा रहा है और इस पर केवल चार से पांच रुपए ही भाड़ा दिया जा रहा है जबकि भाड़ा 25 से लेकर 30 रुपए तक आ रहा है और लोडिंग अनलोडिंग का भी 10 अलग लग रहा है भारत सरकार के नियम के अनुसार सभी खाद रिटेलर के गोदाम तक एफओआर सुविधा के तहत पहुंचने चाहिए। लेकिन कोई भी कंपनी एक ओआर नहीं दे रही है। संगठन ने कहा कि हम सरकार और किसानों के साथ हैं हमें फर्टिलाइजर निर्धारित रेट में दिलाया जाए और सभी प्रकार की टेगिंग बंद की जाए तथा कार्यवाही व्यापारी पर न होकर केवल निर्माता कंपनी पर की जाए और जिन व्यापारियों पर मुकदमें दर्ज हुए हैं उन्हें निरस्त किया जाए। शनिवार को व्यापारियों ने विरोध में एक दिन की सांकेतिक बंदी भी की है उन्होंने कहा कि हमारी मांगों को अगर गंभीरता से नहीं लिया गया तो वह अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

# बहन को प्रेमी संग देख भाई ने चाकू से किया वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक भाई ने हॉरर किलिंग के इरादे से बहन पर वार कर दिए। मोहकमपुर क्षेत्र निवासी एक युवक ने अपनी बहन को प्रेमी संग देखकर बहन पर चाकू से हमला बोल दिया। आरोपी ने बहन पर चाकू से कई वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायल किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मां ने बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार टीपीनगर मोहकमपुर निवासी किशोरी का पड़ोस में रहने वाले युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। परि. जनों को इसका पता लगा तो उन्होंने रिश्ता करने से इंकार कर दिया। गुरुवार शाम किशोरी प्रेमी के साथ कहीं जा रही थी। इसी दौरान किशोरी के भाई ने उसे देख लिया। बहन के घर आने पर आरोपी भाई ने उस पर चाकू से कई वार कर उसे घायल कर दिया। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायल किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरा. ेपी अंकुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं टीपीनगर थाना प्रभारी अरुण मिश्रा का कहना है कि आरोपी अंकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# कला आत्मा की अभिव्यक्ति है: अभिनेत्री साक्षी तंवर

## अभिनेत्री साक्षी ने सुभारती विश्वविद्यालय में किया कला प्रदर्शनी का शुभारंभ

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय द्वारा आयोजित 13वीं वार्षिक ललित कला प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेत्री साक्षी तंवर द्वारा किया गया। अभिनेत्री साक्षी तंवर द्वारा कैटलॉग का भी विमोचन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, ललित कला संकाय के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा एवं कर्नल राजेश त्यागी ने सुभारती विश्वविद्यालय आगमन पर प्रसिद्ध अभिनेत्री साक्षी तंवर का स्वागत किया। अभिनेत्री साक्षी तंवर ने कहा कि कला हमारी संस्कृति और भाव को प्रदर्शित करने का माध्यम है।



उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए युवा कलाकारों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि कला आत्मा की अभिव्यक्ति है, और सुभारती विश्व. विद्यालय आकर मुझे महसूस हुआ कि हमारे देश का भविष्य न केवल तकनीक या विज्ञान में बल्कि सृजनात्मकता में भी उतना ही उज्जवल है। फाइन आर्ट जैसे क्षेत्र युवाओं को अपने भीतर की संवे. दनाओं को व्यक्त करने का एक अनमोल माध्यम प्रदान करते हैं।

उन्होंने युवाओं को सफलता मंत्र देते हुए कहा कि मेहनत, लगन और विश्वास के साथ अपने काम में ईमानदारी पैदा करने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने सुभारती विवि का आभार प्रकट करते हुए शिक्षा के साथ संस्कार, चिकित्सा एवं राष्ट्रीयता हेतु किये जा रहे कार्यों की खूब प्रशंसा की। छात्र छात्राओं द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की सराहना करते हुए उन्होंने सभी को देश, कॉलेज और परिवार का नाम रोशन करने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल ने ललित कला के विद्यार्थियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बहुत ही जीवंत कार्य छात्रों ने किया है।

# रजवाहे में शव मिलने से सनसनी नहीं हुई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के समीप रजवाहे में एक व्यक्ति का गला सड़ा शव मिलने से सनसनी फैल गई थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि नहर से निकले गोविंदपुरी वाले रजवाहे में शव होने की सूचना मिली शव को निकाल कर पहचान कराने का प्रयास किया गया मगर सफलता नहीं मिली शव काफी गला सड़ा हुआ था जिसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं पुलिस बीते दिनों की गुमशुदगी के अलावा क्षेत्र में भी पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# नेपाल से सीरीज जीत कर लौटे वरुण उपाध्याय का हुआ जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** युवा खेल शिक्षा महासंघ भारत के द्वारा एक प्रतियोगिता का आयोजन नेपाल सीरीज के तहत नेपाल के जिला पोखरा में किया गया जिसमें नेपाल और इंडिया की टीमों ने भाग लिया। इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए वरुण उपाध्याय को टीम का कप्तान बनाया गया जिसमें वरुण उपाध्याय ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंडो नेपाल सीरीज का खिताब अपने देश के नाम किया। टीम की तरफ से खेलते हुए वरुण उपाध्याय ने 22 गेंद पर 56 रन और 3 ओवर में 12 रन लेकर तीन विकेट हासिल किये। उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मोहसिन व उसकी पत्नी सोनम को उनके गलत आचरण तथा परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करने के कारण दुखी व परेशान होकर सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी कुल चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इन दोनों का मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा।

वकील पुत्र जमील
निवासी मोहल्ला कोहला बस्ती
थाना देवबंद जिला सहारनपुर

● डब्ल्यूटीसी रैंकिंग:2025-2027 ●

# भारत रैंकिंग में बांग्लादेश से भी नीचे

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड जीत के साथ शीर्ष पर विराजमान, दक्षिण अफ्रीका तालिका में सबसे नीचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की वेस्टइंडीज पर और श्रीलंका की बांग्लादेश पर जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंक तालिका में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र की शुरुआत ही है, लेकिन फाइनल में पहुंचने के लिए जंग देखने को मिल रही है। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को वेस्टइंडीज को 159 रन से हराकर 12 अंक हासिल किए, जबकि श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराकर 12 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया का यह इस चक्र में पहला मैच था। इस वजह से टीम के 12 अंक और 100 अंक प्रतिशत हैं। टीम शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, इंग्लैंड की टीम 100 अंक प्रतिशत और 12 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने इसी हफ्ते भारत को पांच विकेट से शिकस्त दी थी। वहीं, श्रीलंका की टीम ने बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में हराया। दोनों के बीच पहला टेस्ट ड्रा रहा था। ड्रा से दोनों टीमों को चार-चार अंक मिले थे। ऐसे में जीत के बाद 12 अंक मिलने पर श्रीलंका के कुल 16 अंक हो गए हैं, जबकि उनका अंक प्रतिशत 66.67 है। बांग्लादेश के चार अंक हैं और 16.67 अंक प्रतिशत है। टीम चौथे स्थान पर है। वहीं, भारत ने एक टेस्ट खेला है और उसमें हार मिली। इसलिए न तो भारत के कोई अंक हैं और न ही अंक प्रतिशत। भारतीय टीम फिलहाल पांचवें स्थान पर है। यही हाल वेस्टइंडीज के साथ है। उसने एक टेस्ट खेला है और उसमें हार मिली। विंडीज टीम भी बिना किसी अंक और अंक प्रतिशत के छठे स्थान पर है। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक इस चक्र में अपने-अपने अभियान की शुरुआत नहीं की है। पाकिस्तान और विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका अपने 2025-27 डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत अक्टूबर में दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेंगे। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी। यह सीरीज नवम्बर दिसंबर में खेली जाएगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में सबसे ज्यादा 22 टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं, इंग्लैंड की टीम 21 मैच खेलेगी। इसके बाद 18 मैचों के साथ भारत तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड को 16 और दक्षिण अफ्रीका-वेस्टइंडीज को 14-14 टेस्ट खेलने हैं। पाकिस्तान की टीम 13 और श्रीलंका-बांग्लादेश को 12-12 टेस्ट खेलने हैं। 2025-27 चक्र में प्रतिस्पर्धा करने वाले नौ देशों के बीच खेली जाने वाली 27 टेस्ट सीरीज में से 17 सीरीज में केवल दो मैच होंगे, जबकि तीन मैचों की छह सीरीज होंगी। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून से हो चुकी है। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 31 जुलाई से खेला जाएगा। इसके बाद टीम इंडिया घर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की सीरीज खेलेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट दो अक्टूबर से और दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से खेला जाएगा। फिर भारतीय टीम घर पर ही दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इसका पहला मुकाबला 14 नवम्बर से और दूसरा मकाबला 22 नवम्बर से खेला जाएगा।



फाइल फोटो

# रैंकिंग में फिर शीर्ष पर नीरज

● **नीरज चोपड़ा के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने फिर से टॉप पर पहुंचाया**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गए है।

सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए।

उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है। दोनों शीर्ष एथलीट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक 2025 में फिर से आमने-सामने होंगे।

खेल विशेष

## भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट से पहले प्रैक्टिस की

**जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल नहीं हुए, लीड्स टेस्ट में 2 विकेट से मिली थी हार**

**बर्मिंघम, वार्ता।** टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी शुरू कर दी है।

टीम के खिलाड़ियों ने बर्मिंघम के एजबेस्टन में नेट सेशन किया। लीड्स टेस्ट में 5 विकेट से मिली हार के बाद प्लेयर्स का यह पहला प्रैक्टिस सेशन था। शुभमन गिल की कप्तानी टीम सुबह 9.15 बजे मैदान पर पहुंची और 3 घंटे तक प्रैक्टिस की। बुमराह और प्रसिद्ध ने हिस्सा नहीं लिया। इस प्रैक्टिस सेशन में पेसर जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने हिस्सा नहीं लिया, हालांकि वह टीम के साथ ग्राउंड आए थे। सिराज ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया मोहम्मद सिराज ने केवल बल्लेबाजी का अभ्यास किया। उन्होंने कोच सितांशु कोटक के साथ करीब 30 मिनट तक गेंद को छोड़ने, खेलने की तकनीक पर काम किया।

अर्शदीप सिंह और आकाशदीप ने गेंदबाजी कोच से बात की अर्शदीप सिंह और आकाश दीप ने बल्ले और गेंद दोनों से लंबे समय तक अभ्यास किया। दोनों को मुख्य कोच गौतम गंभीर और सपोर्ट स्टाफ ने करीब से देखा। अर्शदीप ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के साथ अपने रन-अप, बैक-फुट लैंडिंग और तकनीक को बेहतर करने पर ध्यान दिया। आकाश दीप और अर्शदीप को मिल सकती है जगह दूसरे टेस्ट में आकाश दीप और अर्शदीप को मौका मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एजबेस्टन टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। ऐसे में आकाशदीप और अर्शदीप सिंह में से एक खिलाड़ी को मौका मिल सकता है।

# हेजलवुड के पंजे ने विंडीज को हराया



● **ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 141 रनों पर ढेर कर 159 रनों से जीत हासिल की**

**बारबाडोस, वार्ता।** जॉश हेजलवुड (पांच विकेट) और नेथन लायन (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टंडीज को दूसरी पारी में 141 रन पर ढ़ेर कर मैच 159 रनों से जीत लिया।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 92 रन के स्कोर पर से आगे खेलना शुरु किया। ट्रैविस हेड और बो वेब्स्टर जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पांचवें विकेट के लिए 102 रनों की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को संकट से निकला। शमार जोसेफ ने ट्रैविस हेड (61) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये एलेक्स कैरी ने बो वेब्स्टर का बखूबी साथ निभाया। बो वेब्स्टर (63) रन को शमार जोसेफ ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच आउट कराया। पैट कमिस (पांच), मिचेल स्टार्क (16) और जॉश हेजलवुड (13) को शमार जोसेफ ने ही आउट किया। एलेक्स कैरी (65) का शिकार रॉस्टन चेज ने किया। ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरी पारी में 310 रन का स्कोर खड़ाकर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 301 रनों का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने 25-5 ओवर में 87 रन देकर पांच विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। जेडेन सील्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अपना पहला ही विकेट चार रन के स्कोर पर गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केसी कार्टी ने जॉन कैंपबेल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 43 रनों की साझेदारी हुई। दोनों बल्लेबाज जॉश हेजलवुड का शिकार बने। केसी कार्टी (20) और जॉन कैंपबेल (23) रन बनाकर आउट हुए। ब्रैंडन किग (शून्य) और रॉस्टन चेज (दो) को भी हेजलवुड ने आउट किया।

# शांतो ने बांग्लादेश की टेस्ट कप्तानी छोड़ी

**श्रीलंका से टेस्ट सीरीज हारने के बाद नजमुल ने जिम्मेदारी लेते हुए दिया इस्तीफा**

**कोलंबो, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान नजमुल शांतो ने शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज हारने के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। शांतो मेहदी हसन मिराज को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाये जाने से नाराज चल रहे थे। यहां संवाददाता सम्मेलन में शांतो ने अपने इस्तीफे की घोषणा की।

श्रीलंका के खिलाफ पारी और 78 रन से कोलंबो टेस्ट में हारने के बाद शांतो ने कहा कि मैं अब टेस्ट की कप्तानी जारी नहीं रखूंगा। उन्होंने कहा कि यह मेरा कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है। टीम की बेहतरी के लिए मैने यह फैसला किया है, मुझे लगता है मेरे यह निर्णय टीम के हित में होगा। पिछले कई वर्षो से मैं इस ड्रेसिग रूम का हिस्सा हूं मैं मानता हूं कि तीन अंतर्राष्ट्रीय प्रारुप में अलग-अलग कप्तान होना टीम के हित में नहीं है।

मुझे नहीं पता इस बारे में बोर्ड क्या महसूस करता है, लेकिन मैं उनके फैसले का सम्मान करूंगा। यह मेरा व्यक्तिगत निर्णय है, मुझे लगता है तीन अलग-अलग कप्तान टीम के लिए सही नहीं है। मैं चाहूंगा कि मेरे इस निर्णय को कोई भी भावनात्मक तौर पर न ले, या फिर ये न सोचे कि मैंने निराश होकर ऐसा किया है। मैं एक बार फिर स्पष्ट करना चाहता हूं कि ये मैंने टीम की भलाई के लिए किया है।

## हॉकी इंडिया मास्टर्स कप ओडिशा ने महिला व तमिलनाडु ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता

● **पुरुष वर्ग में तमिलनाडू ने महाराष्ट्र को 5-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की**

● **महिला वर्ग के फाइनल में ओडिशा ने पंजाब को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया**

**चेन्नई, वार्ता।** हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने (महिला) और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने (पुरुष) वर्ग के फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर पहला हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का खिताब अपने नाम किया।

यहां खेले गए मुकाबले में महिला के फाइनल में ओडिशा ने पंजाब को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहला हॉफ गोल रहित रहा। दूसरे हॉफ में ओडिशा की रंजीता बेक ने (34वें) मिनट में टूर्नामेंट एकमात्र गोल दागा और उसके बाद शानदार बचाव करते हुए पंजाब को गोल करने का मौका नहीं दिया और ट्रॉफी अपने नाम कर ली। पुरुष वर्ग में तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को 5-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच गोल रहित बराबरी का खेल चलने के बाद, मुथुसेल्वन डी ने (30वें), मिनट में पहला, सुदर्शन एस ने (34वें) मिनट में दूसरा, गोवथमन ने (36वें) मिनट में तीसरा, थमराइकन्नन ने (40वें) मिनट में चौथा और रामदास वी ने (52वें) मिनट में गोलकर महाराष्ट्र को 5-0 के अंतर से हराकर खिताब जीता। महिला वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में हरियाणा ने तमिलनाडु को करीबी मुकाबले में 4-3 से हराया।







# आयुष-तन्वी यूएस ओपन के सेमीफाइनल में

**आयुष शेट्टी ने वापसी करते हुए पहला गेम टाइ ब्रेक में जीता और दूसरा गेम 21-9 से जीता**

**अमेरिका, वार्ता।** आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मैच जीतकर यूएस ओपन 2025 बैडमिंटन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए पुरुष एकल बैडमिंटन मुकाबले में रैंकिग में 34वें स्थान पर मौजूद चौथे वरीय आयुष शेट्टी ने क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन कुओ कुआन-लिन को 22-20, 21-9 से हराकर डब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

38 मिनट तक चले मुकाबले में पहले गेम में 19-16 से पिछड़ने के बाद आयुष शेट्टी ने वापसी करते हुए पहला गेम टाई-ब्रेक में जीता और फिर दूसरे गेम 21-9 जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में आयुष शेट्टी का मुकाबला शीर्ष वरीय और दुनिया के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन से होगा। यह आयुष शेट्टी का साल का तीसरा सेमीफाइनल है।

इससे पहले उन्होंने मार्च में ऑरलियन्स मास्टर्स में अंतिम चार में जगह बनाई थी। इस बीच दुनिया की 66वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने भी क्वार्टरफाइनल में बैडमिंटन रैंकिग में 50वें स्थान पर काबिज मलेशिया की कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तन्वी का सेमीफाइनल में दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी और यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा से भिड़ेगी।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रनों से हराया

● **प्रभात जयसूर्या ने पांच विकेट हासिल किए, श्रीलंका ने 1-0 से सीरीज अपने नाम की**

**कोलंबो, वार्ता।** प्रभात जयसूर्या (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को बांग्लादेश को पारी और 78 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली है।

यहां एसएससी ग्राउंड पर बांग्लादेश ने छह विकेट पर 117 रन से आगे खेलना शुरू किया और उस समय वह श्रीलंका के दूसरी पारी में बनाये गए स्कोर से 94 रनों से पीछे थी। आज के दिन का पहला शिकार जयसूर्या ने लिटन कुमार दास (14) को विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराकर की। इसके बाद जयसूर्या ने नईम हसन (पांच) को विकेटकीपर के हाथों स्टंप करा दिया। कंधे में दर्द के कारण तीसरे दिन मैदान से बाहर रहने के बाद विकेटकीपर मेंडिस ने स्टंप के पीछे सहायक भूमिका निभाई। तैजुल इस्लाम (छह) और इबादत हुसैन (छह) रन बनाकर आउट हुए।

बांग्लादेश ने सुबह के सत्र में मात्र 16 रन जोड़कर अपने चार विकेट गवां दिये। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बांग्लादेश की पूरी टीम 44-2 ओवर में 133 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला पारी और 78 रनों से जीत लिया। इस जीत ने टेस्ट इतिहास में बांग्लादेश पर श्रीलंका की नौवीं पारी की जीत दर्ज की और उन्हें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बहुमूल्य अंक दिलाए। इसी के साथ श्रीलंका ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

# लगातार तीसरा शतक लगा इतिहास रच सकते हैं पंत

● **इंग्लैंड में द्रविड़ के बाद दूसरे भारतीय बन सकते हैं, 2 जुलाई से दूसरा टेस्ट**

**एजबेस्टन, वार्ता।** भारतीय विकेटकीपर -बल्लेबाज ऋषभ पंत एक और शतक के साथ डान ब्रैडमैन, राहुल द्रविड़ और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हो सकते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में 2 जुलाई से दूसरा टेस्ट शुरू होगा। लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पंत ने दोनों इनिंग में सेंचुरी लगाई थी। उन्होंने पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे। हालांकि भारत यह मैच 5 विकेट से हार गया था।

अगर पंत एजबेस्टन टेस्ट में एक और शतक लगाते हैं, तो वे इंग्लैंड में लगातार 3 टेस्ट शतक लगाने वाले सिर्फ सातवें विदेशी बल्लेबाज बन जाएंगे। इस लिस्ट में अब तक डान ब्रैडमैन, वारेन बार्डस्ले, चार्ल्स मैकार्टनी, राहुल द्रविड़, ब्रायन लारा और डेरिल मिचेल शामिल हैं। राहुल द्रविड़ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय हैं, जिन्होंने 2002 में नाटिंघम (115 रन), लीड्स (148 रन) और द ओवल (217 रन) में लगातार शतक लगाए थे। डेरिल मिचेल ने 2022 में लाड्र्स (108 रन), नाटिंघम (190 रन) और लीड्स (109 रन) में यह कारनामा किया। पंत भारतीय विकेटकीपर के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं।

उनके अब 8 शतक हो चुके हैं। पंत सेना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) में किसी भी एशियाई विकेटकीपर द्वारा सबसे ज्यादा रन बना चुके हैं। उनके 27 मैच में 1933 रन हैं। इसमें 6 शतक और 5 फिफ्टी शामिल है। पंत पहले भारतीय विकेटकीपर हैं, जिन्होंने टेस्ट के एक इनिंग की दोनों पारियों में शतक लगाया है। अब तक ऋषभ पंत इंग्लैंड में 10 टेस्ट की 19 पारियों में 808 रन बना चुके हैं। उनका औसत 42.52 का है, जिसमें 4 शतक और 2 अर्धशतक शामिल हैं। उनका बेस्ट स्कोर 146 रन है, जो उन्होंने जुलाई 2022 में एजबेस्टन में ही 111 गेंदों में 19 चौकों और 4 छक्कों के साथ बनाया था। उस पारी में उन्होंने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर 98/5 के स्कोर से भारत को 416 रन तक पहुंचाया था।

# जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप में 24 टीमें लेंगी भाग

● **भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पूल 'बी' में रखा गया**

**स्विटजरलैंड, वार्ता।** तमिलनाडु के चेन्नई और मुदैरे में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप में 24 टीमें लेंगी भाग। शनिवार को हुए ड्रा में इन टीमों को छह पूलों में विभाजित किया है। भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पूल 'बी' में रखा गया है। यहां स्विटजरलैंड के लुसाने में आयोजित हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप के ड्रा समारोह में एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के महानिदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव के साथ ड्रा समारोह में भाग लिया। टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी और उन्हें छह पूलों में विभाजित किया गया है।

पूल ए: जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और आयरलैंड
पूल बी: भारत, पाकिस्तान, चिली और स्विटजरलैंड
पूल सी: अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, जापान और चीन
पूल डी: स्पेन, बेल्जियम, मिस्र और नामीबिया
पूल ई: नीदरलैंड, मलेशिया, इंग्लैंड और ऑस्ट्रिया
पूल एफ: फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया और बांग्लादेश

इस अवसर तैयब इकराम ने कहा कि मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि हम इस महत्वपूर्ण क्षण से पहले यहाँ आए हैं, क्योंकि हम पहली बार 24 टीमों वाले एफआईएच जूनियर हॉकी विश्वकप का आयोजन करने जा रहे हैं। यह उभरते देशों सहित सभी देशों के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें शामिल करने की एफआईएच रणनीति का एक हिस्सा है, और यह आयोजन ऐसा करने की दिशा में पहला कदम होगा।

## भोजनकाल तक जिम्बाब्वे ने दिए दक्षिण अफ्रीका को चार झटके

**जिम्बाब्वे, वार्ता।** तनाका चिवंगा ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन भोजनकाल तक दक्षिण अफ्रीका के (तीन विकेट) झटक कर जिम्बाब्वे ने मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही और उसने अपना पहला विकेट तीन रन के स्कोर पर गवां दिया।

छठें ओवर में तनाका चिवंगा ने टोनी डीजॉर्जी (शून्य) को अपना शिकार बनाया। इसके बाद मैथ्यू ब्रीत्जके (13) भी चिवंगा का शिकार बने। डेविड बेडिघम (शून्य) को भी चिवांग ने आउट किया। वियान मुल्डर (17) को मुजारबानी ने रनआउट किया।

# घाड़ के कई गांवों में घुसा नदी की बाढ़ का पानी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट/ मिर्जापुर/ साढौली कदीम/ बिहारीगढ।** शिवालिक पहाड़ियों में लगातार हो रही बारिश के बाद घाड क्षेत्र की बरसाती नदियां उफान पर आ गई। बरसाती नदियों का पानी कई गांवों में घुस गया तो पुल निर्माण में लगी एक क्रेन बह गई। कच्चा मकान गिरने से तीन मवेशियों की मौत हो गई तो पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। दर्जनों गांवों के लोगों का तहसील और जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह से कट गया है। पुलिस व जनप्रतिनिधियों ने भी प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

शिवालिक पर्वतों और मैदानी इलाकों में हो रही भारी बारिश के बाद यहां की बरसाती नदियों में बाढ़ आ गई। आपको बता दे कि घाड क्षेत्र में बरसाती नदियों और नालों का जाल बिछा हुआ है। शिवालिक पहाड़ियों से निकलने वाली ये बरसाती नदियां घाड में हर साल कहर बरपाती है। शनिवार की देर रात और अलसुबह भी इन बरसाती नदियों में बाढ़ आ गई।

सबसे पहले बात करते है जाटोवाला स्थित स्पोर्ट्स कॉलेज के पास से गुजर रही गांगराव नदी की। यहां स्पोर्ट्स कॉलेज जाने के लिए बनवाया गया रपटा कई गांवों के लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। नदी में आए पानी के तेज बहाव को रपटा कवर नहीं कर पा रहा है और बाढ़ का पानी रपटे से टकराकर सुरक्षा दीवार से ओवरफ्लो होकर दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पार कर कई गांवों में घुस गया। पानी आने से दिल्ली यमुनोत्री हाइवे भी काफी देर बाधित रहा। बताया जाता है कि ताहरपुर, शेरुल्लापुर और फतेहऊल्लापुर सहित कई गांवों के घरों में पानी घुस गया और ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई और किसानों के खेत भी नदी के रूप में तब्दील हो गए।

उधर, सुंदरपुर शाकंभरी देवी मार्ग पर नौरंगपुर गांव के पास से गुजरने वाली हिंडन नदी भी उफान पर आ गई। नदी पर बनाए जा रहे पुल के निर्माण कार्य में लगी एक क्रेन भी बह गई। इसके अलावा पहाड़ियों और जंगल से आए पानी के तेज बहाव ने शाहजहांपुर के ग्रामीणों की धड़कने बढ़ा दी। बताया जाता है कि यहां घरों में घुसे पानी से एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया और मलबे में दबकर तीन बकरियों की मौत हो गई तथा गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए डाली गई पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भी तरसना पड रहा है। इसके अलावा शाकंभरी नदी, चाचा नदी, मसखरा नदी सहित लगभग सभी नदियों में उफान आ गया। जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क तहसील व जिला मुख्यालय से कट गया है। सूचना मिलने पर प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंच रही है और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। उधर, बारिश और बरसाती नदियों में आई बाढ़ की खबर मिलते ही बेहट विधायक उमर अली खान, साढ़ोली कदीम के ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी, एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, तहस. ीलदार पुष्पांकर देव, इंस्पेक्टर मिर्जापुर अजय सिंह ने प्रभावित इलाकों का भ्रमण किया और ग्रामीणों से ना घबराने की अपील की।

थाना मिर्जापुर क्षेत्र के फतेहउल्लापुर जाटोवाला मे स्पोर्ट्स कालेज की नदी के पानी ने एक बार फिर से जमकर तबाही मचायी है। सवेरे के समय तेज पानी करीब चार गांव मे घुस गया। जिससे ग्रामीणों मे अफरा तफरी का माहौल बन गया। दहशत मे आये ग्रामीण घरों से बहार निकलकर सड़कों पर आ गए हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने साशन प्रसाशन से समस्या के समाधान की मांग की है। सुचना मिलते ही बेहट एसडीएम व ब्लॉक प्रमुख घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

बतादे की पहाड़ी व मैदानी इलाकों मे हुई मूसलाधार बारिश से घाड़ इलाके की नदियां उफान पर आ गयी हैं। और नदियों के पानी ने जमकर तांडव मचाया है। मिर्जापुर के फतेहल्लापुर के स्पोर्ट्स कालेज का रपटा ग्रामीणों के लिए लगातार मुसीबत बनता जा रहा है। स्पोर्ट्स कालेज की नदी का पानी शनिवार की सवेरे कई गांव के अंदर तक पहुंच गया है। जिससे दहशत के मारे ग्रामीण घरों से बहार निकलकर सड़क की और दौड़ पड़े से ग्राम प्रधान चो राशिद, जाकिर चौधरी, उस्मान, अनीस, आकाश आदि ने बताया की उन्होंने स्पोर्ट्स कालेज पर रपटे पर पुल बनाने की मांग निर्माण के दौरान की गयी थी। यही कारण है कि पुल ना बनने से बरसात का पानी तबाही मचा रहा है स यही हाल रहा था उनके घर पानी मे कभी भी डूब सकते हैं। घटना की सुचना मिलते ही एसडीएम बेहट मानवेन्द्र सिंह, सिंचाई विभाग के एक्शन व भाजपा ब्लॉक प्रमुख विश्वाश चौधरी व लेखपाल सहित मिर्जापुर पुलिस मौके पर पहुंचे।

## प्रभावित क्षेत्रों में विधायक उमर का दौरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सपा के बेहट विधायक उमर अली खान ने तहसीलदार के साथ क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया।

पहाड़ी क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश,और बादल फटने से नदियों में पानी के तेज बहाव,से बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।धौला कुआं में नदी के ऊपर बने रपटे पर नदी में पानी के बहाव में दर्जनों की संख्या में मवेशी भी बह गए। जैसे तैसे करके लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। जानकारी पाकर विधायक उमर अली खान अपने साथ तहसीलदार व संबंधित अधिकारियों को लेकर जायजा लेने मौके पर पहुंचे। उन्होंने पानी की रोकथाम के लिए उचित से उचित प्रबंधन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे से जुड़े नारों व पोस्टरों की अनुमति नहीं:व्योम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसपी सिटी व्योम बिंदल ने कहा कि मोहर्रम परंपरागत तरीके से ही मनाया जाये और शासन की गाइडलाइन का पालन करना भी सुनिश्चित किया जाये। उन्होनें स्पष्ट कहा कि मोहर्रम में किसी भी अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे से जुडे नारों व पोस्टरों की अनुमति नहीं है।

एसपी सिटी ने यह बात कोतवाली नगर में आगामी मोहर्रम को लेकर आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कोई नई परंपरा शुरू न किये जाने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिये कि मोहर्रम में किसी भी अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे से जुड नारों व पोस्टरों की अनुमति नहीं है। शहर की फिजा में भाईचारा बना रहे इसलिये भड़काऊ नारे और पोस्टर सख्ती से प्रतिबंधित है।

बड़ा इमामबाड़ा प्रबंधक डॉ. अथर अब्बास ने सुझाव दिया कि मोहर्रम से पहले टूटी सड़कों की मरम्मत और नीचे लटकते बिजली के तारों को ठीक किया जाए। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि सरकारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। कर्बला प्रबंधक तालिब जैदी ने भी जुलूस मार्गों पर साफ-सफाई और रात्रिकालीन विद्युत व्यवस्था बेहतर बनाने की मांग रखी। वहीं छोटा इमामबाड़ा प्रबंधक दानिश आबदी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में परंपरा के अनुरूप ताजिए और मातमी जुलूस निकालने की बात कही।

मदरसा मजाहिर उलूम के प्रबंधक मौलाना साजिद कासमी ने धार्मिक संस्थाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि सभी वर्गों को मिलकर प्रशासन का सहयोग करना चाहिए ताकि आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। बैठक में एडीएम संतोष बहादुर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह, सीओ प्रथम अशोक कुमार सिसोदिया, समाजसेवी आरिफ खान, समाजसेवी माजिद खान, मोहम्मद मूसा अली, अनवर मलिक, विशाल शर्मा, सचिन पांचाल समेत विभिन्न धर्मों के प्रति. निधियों ने भाग लिया और सहारनपुर की गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखने का संकल्प लिया।

## बिना अनुमति मदरसा चलाने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के ग्रामीण व्यक्ति द्वारा उनके गांव स्थित मदरसा संचालक पर गांव में बिना परमिशन मदरसा चलाने व मदरसे में अनैतिक एवं असामाजिक कार्य किये जाने का आरोप लगाया है।

बकारका गांव निवासी शिकायतकर्ता अशफाक पुत्र अब्बास ने उसी के गांव निवासी मदरसा संच. ालक महताब पुत्र नूर हसन व मुनव्वर पुत्र माजिद निवासी ग्राम इब्राहिमी थाना सरसावा के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उपरोक्त दोनो लोगों द्वारा मदरसे में पढने वाले बच्चो के सामने अश्लील व अनैतिक बातें की जाती हैं। उक्त मदरसा उत्तर प्रदेश सरकार या बेसिक शिक्षा अधिकारी सहारनपुर द्वारा मान्यता प्राप्त भी नही है। मदरसे में असामाजिक तत्वों व गलत प्रवृति के लोगों का आना जाना लगा रहता है।

## भड़काऊ पोस्ट करने वाला दबोचा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी मिन्टू बर्मन पुत्र राजपाल निवासी ग्राम पटना थाना चिलकाना द्वारा फेसबुक पर आपत्तिजनक भड़काऊ पोस्ट किये जाने के एक मामले पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना पर सम्बंधित धाराओं के तहत मुक. दमा दर्ज किया था। थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी ने बताया कि आरोपी मिन्टू बर्मन पुत्र को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश किया गया।

## दर्ज नहीं कराई कोई आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** वार्ड संख्या 10 से 15 के भवन करदाताओं को उनकी आपत्तियों के निस्तारण के लिए नगर पंचायत कार्यालय में आमंत्रित किया गया था। जिसमें 45 करदाताओं ने अपनी टैक्स संबंधी जानकारी प्राप्त की। विशेष रूप से, इस दौरान किसी भी वार्ड निवासी ने स्वकर निर्धारण के संबंध में कोई आपत्ति दर्ज नहीं की, जो प्रक्रिया की सहजता व स्वीकार्यता को दर्शाता है।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी ने बताया कि आपत्तियों के निस्तारण के लिए अंतिम तीन दिनों में कुल 106 लोगों ने कार्यालय में संपर्क कर अपनी टैक्स संबंधी जानकारी जांची। यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और सहभागितापूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि करदाताओं के सहयोग से यह कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। प्रशासन का लक्ष्य इस प्रक्रिया को समयबद्ध और व्यवस्थित रूप से पूरा करना है ताकि सभी करदाताओं को उनकी जिम्मेदारियों का स्पष्ट ज्ञान हो। नगर पंचायत प्रशासन ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में अपनी टैक्स संबंधी जानकारी की जांच अवश्य कर लें। यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी त्रुटि या भ्रम न रहे और स्वकर निर्धारण की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी रहे।

प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया कि करदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। इस प्रक्रिया के सफलतापूर्वक संपन्न होने से नगर पंचायत के प्रशासनिक कार्यों में और अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

# मजलिसों में किया शहादत का फलसफा बयां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुहर्रम की पहली तारीख को नगर के विभिन्न इमामबाड़ो मे हुई मजालिस मे मुस्लिम धार्मिक विद्वानो ने हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के चचा जात भाई हजरत मुस्लिम अलैहिस्सलाम की शहादत का फलसफा बयान किया।

मजालिस मे सब से पहले मरसिए खानी की गयी मरसिया पढने वालो मे आसिफ अल्वी, सलीस हैदर काजमी, हमजा जैदी सलीम आब्दी, खुवाजा रईस अब्बास आदि रहे। पहली मजलिस इमामबाड़ा सामानियान मौहल्ला कायस्थान में हुई जिसको हुज्जत-उल इस्लाम आली जनाब मौलाना डा. सैय्यद फतेह मुहम्मद जैदी ने खिताब फरमाया। दूसरी मजलिस बडा इमामबाड़ा जाफर नवाज में हुई जिसको हुज्जत-उल इस्लाम आली जनाब मौलाना मिर्जा जावेद ने खिताब फरमाया। तीसरी मजलिस छोटा इमामबाड़ा अन्सारियान में हुई जिसको हुज्जत-उल इस्लाम आली जनाब मौलाना सैय्यद मीसम नकवी ने खिताब फरमाया।

मजालिस के आखिर मे नौहा खानी की गयी जिसमे अन्जुमने अकबरिया व अन्जुमने इमामिया व अन्जुमने सोगवारे अकबरिया ने नौहा खानी व सीनाजनी की।

मजलिस में फरहत मैहदी, चांद जैदी, डा. जैड ए कौसर, एड. मन्जर हुसैन काजमी, इन्तेजार मैहदी, काजी अकरम, प्यारे मियां, सकलैन रजा, फरहत हुसैन, साजिद काजमी, जैगम अब्बास, जिया अब्बास, रियाज हैदर, मिर्जा अहसान, अजहर काजमी, रियासत हवारी, आसिफ हवारी, फिरोज हैदर, जमीर काजमी, सिबतैन रजा, कौसर अब्बास, समीर हैदर, नदीम जैदी, फराज जैदी, अली जैब काजमी, बाकर रजा काजमी, तहसीन काजमी, मुन्तजिर मैहदी, किशवर मैहदी, शोजब रजा, इशरत हुसैन, अबुतालिब, डॉ. एम एम जैदी, अरशद अजीज, मीसम काजमी सहीम काजमी, नुसरत अजीज, अनवार जैदी, तालिब जैदी, शबीह हैदर, अम्मार आब्दी शादाब आब्दी आदि रहे।

## विधायक किरत ने नकारे उन पर लगाए सभी आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा के गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह ने कोमल चौधरी द्वारा लगाये गये सभी आरोपों को एक सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि उनके सियासी जीवन पर कोई दाग नहीं है इसलिये मेरे खिलाफ राजनीतिक षडयंत्र किया जा रहा है।

चौ.किरत सिंह ने कहा कि महिला मेरे मुखालिफों के बहकावे में आकर झूठे आरोप लगा राजनीतिक साजिश रच रही है। मेरे राजनीतिक जीवन मे मेरे ऊपर कोई दाग नही है और मैं नारी शक्ति का सम्मान करता हूँ। जो लोग कोमल गुर्जर के साथ मेरे खिलाफ साजिश रच रहे हैं भगवान उनका भी भला करे। विधायक ने कहा कि मेरे खिलाफ जो भी आरोप लगे हैं अगर उनके पास कोई भी सबूत या वीडियो हैं तो वो जनता और मीडिया के सामने लाएं।

गौरतलब है कि भाजपा नेत्री कोमल गुर्जर ने भाजपा विधायक कीरत सिंह पर समलैंगिक होने और एक 13 वर्षीय बच्ची के शारिरिक शोषण के आरोप लगाए हैं मगर अभी तक कोई सबूत नही दिए हैं।

# मेयर डा.अजय व विधायक गुंबर ने व्यापारी किए सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस को पूर्व संध्या पर व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में प्रदेश भर में मनाया गया।

जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं पूंजी निवेश करने वाले व्यापारियों व उद्यमियों को सम्मानित किया गया। एसडी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना का गायन किया। संस्कृति निदेशालय द्वारा नामित कलाक. ारों ने मनमोहक सांस्कृतिक एवं देशभक्ति प्रस्तुति दी। इस दौरानलखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सभी ने सजीव प्रसारण देखा गया। जिला प्रशासन, राज्य कर और संस्कृति विभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में महापौर डॉ. अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, महानगर अध्यक्ष भाजपा शीतल विश्नोई उपस्थित रहे। सम्मानित किए जाने वाले व्यापारियों में जनपद में सबसे अधिक टैक्स देने वाले मै. आराधना ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड, मै स्वाति होंडा, मै. मधेपुरा इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव प्रा0.लि., मै गोपाल दास एस फॉरवर्डिंग कंपनी, मै. दीपक कम्युनिकेशन शामिल रहे। इस दौरा सभी ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं अवलोकन करते हुए उत्पादों की जानकारी ली तथा उद्यमियों के प्रयास और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की सराहना की। राज्यकर विभाग, एमएसएमई, नगरीय एवं ग्राम्य विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग के उद्यमियों, व्यवसायियों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा ओडीओपी के स्टाल लगाते हुए उत्पादों के प्रचार-प्रसार करने के साथ विक्रय का कार्य भी किया गया। महापौर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यापारियों को भयमुक्त एवं पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब-कुछ महाराणा प्रताप को समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा समर्पित धन का उपयोग सरकार राष्ट्र हित में कर रही है। विधायक नगर राजीव गुम्बर ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों को सम्मान देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से ही राष्ट्र की उन्नति होती है। कार्यक्रम में शीतल टंडन, दिनेश सेठी, अनूप खन्ना, ब्रित चावला, पंकज गुप्ता, मुकुंद मनोहर गोयल, रमेश अरोड़ा, श्री दीपांशु गोयल, रोहित घई सहित अन्य व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर आयुक्त राज्य कर ग्रेड-1 धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-2 विजयानन्द पाण्डेय, उपायुक्त राज्य कर अवधेश प्रताप सिंह, संयुक्त आयुक्त राज्यकर अमित पाठक उपस्थित रहे।

# हिरासत में लिए चार खनन माफिया

### 7 डम्पर व 4 एचएम कब्जे में लेकर थाना मिर्जापुर पुलिस को सौंपे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुलिस व प्रशासन की सख्ताई के बावजूद अवैध खनन थामने का नाम नहीं के रहा है। खनन विभाग, पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध खनन होते पकड़ा है। टीम ने मौके से 4 खनन माफियाओं को हिरासत में लिया है और 7 डंपर व 4 एचएम भी कब्जे में ली है। टीम अवैध खनन करने वालो के खिलाफ कार्यवाही में जुट गई है।

तहसील बेहट इलाके में स्टोन क्रेशरो का जाल बिछा हुआ है। इन क्रेशरों पर कुछ खनन माफिया यमुना नदी से लेकर खेतों तक का सीना चीर अवैध खनन कर जेबे भरने में लगे है जिससे राजस्व को भी भारी नुकसान हो रहा है। शुक्रवार की आधी रात सूचना के आधार पर खनन अधिकारी सुभाष सिंह, खनन निरीक्षक अभिलाष चौबे, एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, सीओ बेहट मुनीष चंद, इंस्पेक्टर बेहट सूबे सिंह, इंस्पेक्टर मिर्जापुर अजय कुमार की टीम ने राजस्व विभाग व भारी पुलिस फोर्स के साथ मिर्जापुर क्षेत्र के कोठडा गांव के पास छापामार कार्रवाई की। बताया जाता है कि इस दौरान खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया और वे इधर उधर भाग निकले। हालांकि टीम ने मौके से खनन कर रहे 4 लोगों को हिरासत में लिया और अवैध खनन में लगे चार एचएम मशीन, सात डंपर भी कब्जे में लिए है। मामले को लेकर एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह का कहना हैं कि पकडी गई मशीनें, डंपर व चार लोगों को मिर्जापुर पुलिस को सौंप दिया गया हैं। उन्होंने बताया आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा हैं तथा संबंधित विभाग को रिपोर्ट तैयार कर भेजी जा रही हैं। सवाल यह उठता है कि इतने बड़े पैमाने पर अवैध खनन किसकी सह पर किया जा रहा था, क्या किसी विभाग के अधिकारी या कर्मचारी भी इसमें संलिप्त है, यह भी गंभीर जांच का विषय है।

पकडे गये वाहनों के स्वामियों के नाम दिलशाद पुत्र तकी, नसीम पुत्र सलामुदीन, गुली पुत्र कुतब, अलीहसन पुत्र हफीन सलीम, साजिद अली पुत्र नसीररूदीन, सुनील पुत्र महेंद्र निवासीगण यमुनानगर, दिलशाद पुत्र तकी निवासी अंबाला, नफीस पुत्र अनीस व राव राकिब निवास. ीगण सहारनपुर तथा मुकेश पुत्र सुपिन्दर पाल निवासी देहरादून है।

## बरसात के बीच राहत और बेहाली

**गंगोह।** शनिवार सुबह आसमान में बादल छाने से बारिश शुरू हो गई। दस बजे तक हुई बारिश ने मौसम ने ठंडा कर रखा था। लोगों को चिल्च. चलाती गर्मी से राहत मिली। लेकिन उसके मौसम फिर करवट बदली और भयंकर गर्मी ने सब को हिलाकर रख दिया। वहीं बिजली आपूर्ति ने क्षेत्र के लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।

शुक्रवार को भयंकर गर्मी होने के बाद शनिवार सुबह मौसम के मिजाज बदले ओर आसमान में बादल छा गए। बादल छाने से ठंडी हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से लोगों कुछ राहत मिली। लोगों व बच्चों ने बारिश में नहाएं। लेकिन उसके बाद मौसम ने फिर करवट बदली और भयंकर गर्मी शुरू हो गई। सूर्य देव प्रचंड हो गए। गर्मी ने दोपहर में बाजारों की रौनक नहीं दिखाई दी।

# जनहित मुद्दे सुलझाए पीएमः सुनेजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मानवाधिकार संरक्षण समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उद्यमी नेता रामजी सुनेजा ने प्रधानमंत्री भारत सरकार को भावनात्मक पत्र भेजकर महत्वपूर्ण और जनहित के मुद्दे में अविलम्ब भूमिका सुनिष्चित करने का आगृह किया है।

श्री सुनेजा ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि उनकी संस्था देश के उत्थान एवं नागरिकों की जागरूकता के लिए कार्यरत एवं कृत संकल्पित है। साथ ही यह भी उल्लेखित किया है कि श्री सुनेजा इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं फाउंडेशन ऑफ इंडिया माइक्रो स्माल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष भी रह चुके हैं तथा वर्तमान में आल इंडिया हैंडीक्राफ्ट डवलपमेन्ट एंड आर्टिजन वेलफेयर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है। दिल्ली देहराद. ून जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर गणेशपुर से देहरादून तक 13 किमी एलिवेटेड मार्ग तैयार हो चुका है जबकि उक्त मार्ग का उद्घाटन वीआईपी के द्वारा कराए जाने के कारण जनता को आवाजाही में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त महत्वपूर्ण मार्ग पर 4 से 6 घण्टे तक का जाम लगा रहता है और जनता लकान होने को मजबूर है।

रामजी सुनेजा ने और बर्दाशत नही होने का उल्लेख करते हुए देहरादून टनल से समस्त जनमानस की उपस्तिथि में खून से पत्र लिखने को मजबूर होंगे।

# नगर में दो को निकलेगी श्री जगन्नाथ रथयात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति द्वारा आगामी दो जुलाई को निकलने रथ यात्रा की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर इस्कॉन से पधारे प्रभुजनों ने भक्तिपूर्ण गीतों और कीर्तन से वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

घंटाघर सिथत एक होटल के सभागार में पत्रकार वार्ता में यात्रा संयोजक भारत कर्णवाल ने बताया कि इस वर्ष भी यात्रा पिछले वर्षों की भांति भव्यता और श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी। रथ यात्रा 2 जुलाई, बुधवार को दोपहर 1.00 बजे भगत सिंह चौक से प्रारंभ होगी। यात्रा नगर के प्रमुख बाजारों और मार्गों से होते हुए हरि मंदिर पर विश्राम करेगी। रथ यात्रा के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि नगरवासियों के लिए रथ यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर प्रभु जगन्नाथ के दर्शन की विशेष व्यवस्था की जाएगी। घंटाघर चौक पर छप्पन भोग का भव्य आयोजन आकर्षण का केंद्र रहेगा, जहां प्रभु को भोग अर्पित करने के उपरांत समस्त भक्तों में प्रसाद वितरित किया जाएगा। यात्रा के संचालन प्रभारी प्रवेश धवन ने बताया कि यात्रा से पूर्व अग्रवाल धर्मशाला में वृंदावन से आए भक्तजन प्रभु का संकीर्तन करेंगे और वहां सभी को प्रसाद वितरित किया जाएगा। समापन के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को भंडारे में लंगर प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस बार की रथ यात्रा में देश-विदेश से आए भक्तजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। विशेष रूप से विदेशी भक्तों का भक्ति ट्राला श्रद्धालुओं के बीच उत्सुकता का विषय बना रहेगा। वार्ता के दौरान मुकेश सेठी, संजीव शर्मा, रमी धवन, विनीत करनवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना ने दिखाई जबरदस्त रणनीतिक कुशलता

## भारत-फ्रांस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

**पेरिस।** भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति-VIII दोनों देशों की सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग और परिचालन स्तर की तालमेल को और मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास फ्रांस के दक्षिणी हिस्से में स्थित कैंप लारजैक, ला कावालरी में आयोजित किया जा रहा है।

इस अभ्यास में भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के करीब 90 सैनिक भाग ले रहे हैं, जबकि फ्रांसीसी सेना की ओर से 13वीं डेमी-ब्रिगेड डे लेजियन एत्रांजेरे (विदेशी सेना ब्रिगेड) हिस्सा ले रही है। ये सैन्य युद्ध अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया गया। इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए। ये सभी अभ्यास वास्तविक युद्ध स्थितियों के अनुरूप किए गए, जिससे सैनिकों की रणनीतिक लचीलापन और फुर्ती में सुधार हुआ। इस कड़ी में विशेषज्ञ टीमों ने रेडियो सिग्नल पकड़ने, उन्हें जाम करने, स्पेक्ट्रम नियंत्रण और ड्रोन निष्क्रिय करने जैसे आधुनिक तकनीकों का अभ्यास किया। इससे दोनों सेनाओं की आधुनिक युद्धक्षेत्र में काम करने की क्षमता को मजबूती मिली। इस अभ्यास का विशेष आकर्षण रहा चार दिन यानी 96 घंटे तक चलने वाला हाई-इंटेंसिटी फील्ड ऑपरेशन। इसमें दोनों देशों की सेनाओं ने एक साथ मिलकर बहु-आयामी युद्ध परिदृश्य को अंजाम दिया। इस दौरान सैनिकों की सहनशक्ति, फैसले लेने की क्षमता और नेतृत्व कौशल की परीक्षा ली गई। भारत के फ्रांस और मोनाको में राज.दूत संजीव सिंगला ने कैंप का दौरा कर भारतीय सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने सैनिकों की प्रोफेशनलिज्म की सराहना की और भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग में उनके योगदान को अहम बताया। उनके दौरे ने सैनिकों का मनोबल और बढ़ाया। शक्ति-VIII अभ्यास से यह साबित हो गया है कि भारत और फ्रांस की सेनाएं एक-दूसरे से बेहतर तरीके से समन्वय कर सकती हैं। इस अभ्यास ने रणनीतिक विश्वास, तकनीकी समझ और संयुक्त अभियान क्षमता को नई ऊंचाई दी है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

- **भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के करीब 90 सैनिक भाग ले रहे**
- **इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए**

## अमेरिका के साथ बातचीत जटिल: मार्क कार्नी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को अमेरिका के साथ बात.चीत को 'जटिल' बताया। कार्नी ने अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा संभावित नए टैरिफ में कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ता समाप्त करने की घोषणा पर यह बात कही। उन्होंने स्थानीय मीडिया से कहा कि हम कनाडाई लोगों के सर्वोत्तम हित में इन जटिल बातचीत को जारी रखेंगे। यह एक वार्ता है। ट्रम्प ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमरीकी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर कनाडा के डिजिटल सेवा कर के कारण अमेरिका कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ता समाप्त कर देगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अमरीकी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर कनाडा का डिजिटल सेवा कर अमेरिका पर एक सीधा और स्पष्ट हमला है। 30 जून से लागू होने वाले डिजिटल सेवा कर के तहत अमेज़ॅन, गूगल, मेटा, उबर और एयरबीएनबी अमरीकी कंपनियों को कनाडा के उपयोगकर्ताओं से होने वाले राजस्व पर तीन प्रतिशत शुल्क देना होगा।



नई दिल्ली। गाजीपुर व सब्जी मंडी के बाहर जलभराव वाली सड़क से गुजरते यात्री।

## संक्षिप्त समाचार

### तुर्की-ईरान के बीच हवाई यात्रा फिर बहाल हुई

**इस्तांबुल।** तुर्की के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरलोग्लू ने कहा है कि तुर्की और ईरान के बीच हवाई यात्रा 15 दिनों के बाद आंशिक रूप से फिर से शुरू हो गई है। यह रोक ईरान-इज़रायल संघर्ष के कारण लगी थी। मंत्री उरालओग्लू ने बताया कि ईरान के पूर्वी शहर मशहद से इस्तांबुल के लिए ईरानी एयरलाइंस की उड़ानें 27 जून से फिर से शुरू हो गई हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि तुर्की-ईरान के बीच 15 दिन बाद हवाई यात्रा की ये आंशिक बहाली है। इसके अलावा, पश्चिमी ईरान में स्थित तेहरान और तबरीज़ शहरों से हवाई यात्रा दो जुलाई तक बंद रहेगी। मंत्री ने कहा कि ईरान में युद्ध के कारण जो विमान फंस गए हैं उन्हें विशेष परमिट के साथ वापस लौटने की अनुमति देने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

### फिलीपींस में भूकंप के झटके

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस के तटवर्ती जलक्षेत्र में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलीपीन ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने यह जानकारी दी है। संस्थान ने बताया कि स्थानीय समयानुसार आज सुबह 7:07 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गई। उन्होंने बताया कि दावो ऑक्सिडेंटल प्रांत के सारंगनी शहर से लगभग 85 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में आए भूकंप की गहराई 79 किलोमीटर पर थी। संस्थान ने कहा कि भूकंप से सुनामी का खतरा नहीं है। भूकंप से किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस में प्रमुख जांच के घेरे में

**बीजिंग।** चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के पूर्व अध्यक्ष लियू शाओयोंग के खिलाफ अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघनो के कथित आरोपो के तहत जांच की जा रही है। आज जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार लियू के खिलाफ कथित आरोपो की जांच चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग और राष्ट्रीय पर्यवेक्षण आयोग कर रहा है। वह कंपनी के प्रमुख पार्टी सदस्य समूह के सचिव के रूप में भी काम कर चुके हैं।

### इटली में भीषण गर्मी के चलते अलर्ट जारी

**रोम।** इटली में भीषण गर्मी के कारण रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इटली के अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज और अगले सप्ताहांत के लिए रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि रेड अलर्ट वाले शहरों की संख्या आज बढ़कर 17 और रविवार तक 21 हो जाने का अनुमान है। इटली के मौसम निगरानी केन्द्र इल मेटियो की एक रिपोर्ट के अनुसार इटली में औसत तापमान बढ़कर 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया है जबकि 50 साल पहले यह 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

### केंद्रपाड़ा में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान शुरू

**केन्द्रपाड़ा।** ओडिशा में पुलिस ने प्रशासन के सहयोग से केंद्रपाड़ा जिले के महाकालपाड़ा और राजनगर क्षेत्रों में रह रहे बंगलादेशी घुसपैठियों की पहचान का काम शुरू कर दिया है। जाम्बू मरीन थाना क्षेत्र के टुबी और सान इलाकों में बंगलादेशी नागरिक होने के संदेह में करीब 12 बंगाली भाषी लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनके दस्तावेज़ों की जांच जारी है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने नौ जून को केंद्रपाड़ा दौरे के दौरान अवैध बंगलादेश घुसपैठियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस और जिला प्रशासन ने घुसपैठियों की पहचान के लिए अभियान शुरू किया है।

# सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा इजरायल: यूएन

## गाजा में राहत सामग्री वितरण के दौरान हो रही मौतों को बनाया मुद्दा, आईडीएफ के हमलों में 34 की मौत

**संयुक्त राष्ट/तेल अवीव।** गाजा में राहत सामग्री वितरण के दौरान हो रहीं मौतों पर संयुक्त राष्ट्र ने इजरायल पर बड़ा आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा कि इजरायल सामूहिक हत्याओं को बढ़ावा दे रहा है। इजरायल को गाजा में संयुक्त राष्ट्र की मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करनी चाहिए।

आरोप है कि पिछले एक महीने में जब से गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने खाने के पैकेट बांटना शुरू किया है, तब से अब तक 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। हालांकि इजरायल की सेना और जीएचएफ ने आरोपों से इन्कार किया है। वहीं गाजा में इजरायल के हमलों में 34 लोगों की मौत हो गई।

इजरायल के एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि इजरायली सैनिकों को गाजा में राहत सामग्री पाने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों पर गोली चलाने का आदेश मिला है। रिपोर्ट में कहा गयश कि जब लोग राहत केंद्रों की ओर जा रहे होते हैं तो उन पर फायरिंग की जाती है। इस मामले में फलस्तीन के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनडब्ल्यूआरए) के प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने कहा कि नई सहायता वितरण प्रणाली एक हत्या का मैदान बन गई है, यहां लोगों को भोजन प्राप्त करने का प्रयास करते समय गोली मार दी जाती है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि इस घृणित कार्य को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अन्य स्थानों से मानवीय सहायता प्रदान कर समाप्त किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि लोग केवल अपना और अपने परिवार का पेट भरने की कोशिश में मारे जा रहे हैं। भोजन की खोज कभी भी मौत की सजा नहीं होनी चाहिए।

वहीं चिकित्सा चैरिटी संस्था डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (एमएसएफ) ने जीएचएफ राहत प्रयास को मानवीय सहायता के नाम पर नरसंहार कहा। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र के आरोपों और मीडिया रिपोर्ट को खारिज किया है। पीएम नेतन्याहू ने इस रिपोर्ट की निंदा करते हुए इसे दुर्भावनापूर्ण और झूठा बताया। नेतन्याहू ने कहा कि इस प्रकार की रिपोर्ट इजरायली सेना को बदनाम करने के लिए फैलाया जा रहा है। वहीं गाजा में इजरायल के हमलों में 34 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि हमले शुक्रवार देर रात शुरू हुए और शनिवार सुबह तक जारी रहे। वहीं गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम में 12 लोगों की मौत हो गई। यहां पर विस्थापित लोगों को शरण दी गई थी। इसके अलावा अपार्टमेंट में रहने वाले आठ अन्य लोगों की मौत हो गई।

उधर, दक्षिणी गाजा में मुवासी स्थित उनके तंबू पर हुए हमले में छह अन्य लोग मारे गए। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह युद्ध विराम समझौता हो सकता है। वहीं इजरायली रक्षा बल(आईडीएफ) ने शुक्रवार रात को मध्य गाजा के नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की। आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचाई आद्रेई ने यह चेतावनी जारी की। उन्होंने कहा, गाजा पट्टी के नुसेरात, अल-जहरा और अल-मुगरका क्षेत्रों के सभी निवासियों के लिए यह चेतावनी है। इसके साथ ही उत्तरी तटीय इलाकों के निवासियों (अल-नुज्हा, अल-बादी, अल-बुसमा, अल- जहरा, अल-बुस्तानइम, बद्र, अबू हुरैरा, अल-रूदा और अल-सफा) के लिए भी यह संदेश है।

आईडीएफ ने एक बयान में बताया कि इन इलाकों में आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों को खत्म करने के लिए सेना पूरी ताकत से अभियान चला रही है। बयान में कहा गया, हम उन सभी ठिकानों को निशाना बनाएंगे, जहां से रॉकेट छोड़े जा रहे हैं या जिनका उपयोग आतंकवादी कर रहे हैं। आईडीएफ के बयान में कहा गया कि नागरिक इन क्षेत्रों को तत्काल खाली करें। बयान में कहा गया, अपनी सुरक्षा के लिए आप तुरंत दक्षिण की ओर अल-मवासी क्षेत्र की तरफ चले जाएं और कृपया खतरे वाले इलाकों में वापस न लौटें।



इजरायली रक्षा बल आईडीएफ की चेतावनी: मध्य गाजा खाली करें, खतरनाक इलाकों में न लौटें

### गाजा में हमास की छुट्टी, UAE की एंट्री, क्या पलटने वाली है बाजी!

**गाजा।** इजरायल ने युद्धविराम के बाद गाजा पर भीषण बमबारी शुरू कर दी है, जिसमें 74 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यह हमला ट्रम्प के 'ड्रीम गाजा' प्लान से जुड़ा प्रतीत होता है, जिसमें गाजा को एक आधुनिक पर्यटन स्थल में बदलने की कल्पना है। इस योजना में अब्राहम समझौते का विस्तार भी शामिल है, जिसमें कुछ अरब देशों को गाजा के प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपने की बात हो रही है, लेकिन यह सपना गाजा के लोगों के खून और विनाश पर खड़ा दिखाई दे रहा है। ये सब कुछ गाजा को समतल करने के लिए किया जा रहा है ताकि वहां डोनाल्ड ट्रम्प का 'ड्रीम गाजा' खड़ा किया जा सके। वही गाजा, जिसका एआई वीडियो ट्रम्प ने कुछ महीने पहले सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इस वीडियो में गाजा को एक शानदार, चमचमाते टूरिस्ट डेस्टिनेशन की तरह दिखाया गया है, जहां मलबे की जगह फाइव स्टार होटल हैं, रेनबो फाउंटेन हैं और समंदर के किनारे पार्टी चल रही है। वीडियो में ट्रम्प की एक सोने की विशाल मूर्ति दिखाई गई है, एलन मस्क डॉलर की बारिश में नाचते हुए दिखते हैं और नेतन्याहू के साथ ट्रम्प समंदर के किनारे जूस के गिलास टकराते भी नजर आते हैं।

# जंग में मारे गए 60 ईरानी अफसर सुपुर्द-ए-खाक

**तेहरान।** इजरायल के साथ 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान मारे गए 60 ईरानी अफसरों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। इनमें 30 सैन्य कमांडर्स और 11 परमाणु वैज्ञानिक शामिल हैं। तेहरान में इनके जनाजे में हजारों लोगों की भीड़ जुटी है। जिन लोगों को दफनाया जाएगा, उनमें ईरान के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी मोहम्मद बाघेरी भी शामिल हैं। वे ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ थे।

अफसरों के शवों को गाड़ियों पर ईरानी झंडे में लिपटे ताबूतों में रखे थे। ताबूतों के साथ अफसरों की तस्वीरें भी रखी थीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाकर कलीबाफ, ज्युडिश्यरी चीफ मोहसेनी-एजेई, आईआरजीसी कुद्स फोर्स कमांडर इस्माइल कानी सहित कई बड़े नेता और सैन्य अधिक.ारी भी जनाजे में पहुंचे हैं। ईरान और इजरायल के बीच 12 जून को जंग शुरू हुई थी। अमे.रिका ने 22 जून को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। दो दिन बाद, 24 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर ईरान-इजरायल के बीच सीजफायर का ऐलान किया था।



- **जनाजे में हजारों लोग पहुंचे ईरानी विदेश मंत्री, स्पीकर सहित बड़े नेता भी शामिल**

# ईरान जंग के बाद अब गाजा वॉर खत्म करेंगे ट्रम्प

## बोले: एक हफ्ते के भीतर सीजफायर संभव, फिर अलापा भारत-पाक संघर्ष रुकवाने का राग

**वाशिंगटन।** ईरान जंग रुकवाने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्ध खत्म करवाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमें लगता है कि अगले हफ्ते के भीतर सीजफायर हो जाएगा।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस स्थित अपने ऑफिस ओवल आफिस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैंने सीजफायर कराने की कोशिश में शामिल कुछ लोगों से बात की है। मुझे लगता है कि यह बहुत करीब है। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि उन्होंने किससे बात की है। इसके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने का भी क्रेडिट लिया। उन्होंने कहा कि मैंने अपने अधिकारियों से दोनों देशों के साथ सभी समझौते रद्द करने के लिए कहकर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोक दिया था। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि सभी ने देखा कि भारत-पाकिस्तान एक बड़ी जंग के कगार पर थे। दोनों के पास परमाणु ताकत है। मैंने दोनों को धमकी दी कि अगर जंग नहीं रुकी तो अमेरिका दिल्ली और इस्लामाबाद के साथ व्यापार नहीं करेगा। तब जाकर दोनों लड़ाई रोकने के लिए राजी हुए। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक एकदूसरे पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को सीजफायर हुआ था। ट्रम्प ने सबसे पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इसकी जानकारी दी थी। तब से वे 15 बार से ज्यादा बार भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म कराने का दावा कर चुके हैं। हालांकि, भारत लगातार यह कहता रहा है कि सीजफायर पर सहमति भारत-पाकिस्तान के सेनाओं के सैन्य संचालन महा.निदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद हुई थी। हालांकि, पाकिस्तान ने कई बार राष्ट्रपति ट्रम्प को सीजफायर का क्रेडिट दिया है। पिछले हफ्ते पीएम मोदी ने ट्रम्प के साथ लगभग 35 मिनट फोन काल पर बात की की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि मोदी ने ट्रम्प से कहा कि भारत तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को कभी स्वीकार नहीं करेगा और सीजफायर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से पहल की गई थी। गाजा में 21 महीने से जंग, 56 हजार फलस्तीनियों की मौत हमास-इजरायल के बीच 21 महीने से संघर्ष जारी है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला कर दिया था। इजरायली आंकड़ों के अनुसार, इस हमले में 1,200 लोग मारे गए और 251 बंधक बनाए गए थे। हमास ने यह हमला इजरायल के कब्जे, गाजा की नाकाबंदी और हजारों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग के लिए किया था।

### गाजा में अब तक 56 हजार फलस्तीनियों की मौत, हमास और इजरायल के बीच 21 महीने से संघर्ष जारी

# पाकिस्तान के खैबर प्रांत में सुसाइड अटैक

## 13 सैनिकों की मौत, 29 घायल, हमलावर विस्फोटकों से लदी गाड़ी लेकर फौजी काफिले से टकराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को एक आत्मघाती हमलावर ने सैन्य काफिले को निशाना बनाया। इसमें 13 सैनिक मारे गए। जबकि 10 सैनिक और 19 नागरिक घायल हो गए। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक हमलावर ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी सैन्य काफिले में घुसा दी थी।

खैबर पख्तूनख्वा में तैनात एक पुलिस अधिकारी ने एएफपी को बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि दो घरों की छतें गिर गईं, जिससे छह बच्चे घायल हो गए। इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी पाकिस्तान-तालिबान (टीटीपी) से जुड़े हाफिज गुल बहादुर ग्रुप ने ली है। खैबर प्रांत को टीटीपी का गढ़ माना जाता है। टीटीपी के हमले में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाले मोइज अब्बास की भी मौत हो गई। टीटीपी के हमले में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाले मोइज अब्बास की भी मौत हो गई। आतंकी संगठन टीटीपी ने 24 जून को दक्षिणी वजीरिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी पर हमला किया था, जिसमें 2 आर्मी अफसर मारे गए। इनमें से एक पाकिस्तानी कमांडर मोइज अब्बास भी था, जिसने भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को पकड़ा था। बालाकोट में एयर स्ट्राइक के अगले दिन 27 फरवरी को पाकिस्तानी वायुसेना ने भारतीय सीमा में दाखिल होने की को.शिश की थी। जवाब में भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन चलाया था। तब विंग कमांडर अभिनंदन ने मिग-21 बाइसन फाइटर जेट से पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मार गिराया था। हालांकि उनका विमान पाकिस्तानी सीमा में गिर गया था। पाकिस्तानी आर्मी ने अभिनंदन को कैद कर लिया था। वहीं पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में स्वात नदी में अचानक आई बाढ़ में 17 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग लापता है। मरने वालों में 9 लोग एक ही परिवार के थे। जिला प्रशासन के मुताबिक 17 लोगों का एक परिवार स्वात नदी के किनारे पिकनिक मनाने के लिए आया था। लोग नदी में तस्वीरें ले रहे थे, तभी अचानक बाढ़ आ गई। उनके रिश्तेदार बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वे भी बाढ़ में फंस गए।

- **पाकिस्तान में बाढ़ से 17 की मौत एक परिवार के नौ लोगों की जान गई**

# भारत की आपत्ति के बाद बैकफुट पर बांग्लादेश

**ढाका।** ढाका में एक मंदिर पर बुलडोजर एक्शन को लेकर भारत की आपत्ति के बाद बांग्लादेश बैकफुट पर आ गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मामले पर सफाई दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह सभी समुदायों के अधिकारों की रक्षा और पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन सार्वजनिक भूमि पर धार्मिक संरचनाओं का निर्माण स्वीकार नहीं है।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने दावा किया कि ढाका के खिलखेत क्षेत्र में स्थित मंदिर बांग्लादेश रेलवे की जमीन पर बनाया गया था और सार्वजनिक भूमि को पुन: प्राप्त करने के लिए उचित प्रक्रिया के तहत इसे हटाया गया। इसमें आरोप लगाया गया है कि मंदिर की शुरुआत एक अस्थाई मंडप के रूप में हुई थी। आयोजकों ने बार-बार याद दिलाने के बावजूद अस्थाई ढांचे को स्थाई बनाने का प्रयास किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि 26 जून को बांग्लादेश रेलवे ने खिलखेत क्षेत्र में रेल पटरी के किनारे बनी सभी अनधिकृत संरचनाओं को शांतिपूर्ण तरीके से हटा दिया। हालांकि देश के कानून सभी पूजा स्थलों को कानून के साथ किसी भी अंतर्निहित अनुरूपता के आधार पर भेदभाव किए बिना पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, लेकिन किसी भी परिस्थिति में किसी को भी सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करके कोई धार्मिक संरचना बनाने की अनुम.ति नहीं है। बांग्लादेश पूजा स्थलों की सुरक्षा सहित सभी समुदायों के अधिकारों की रक्षा के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। बांग्लादेश रेलवे प्रशासन ने गुरुवार को ढाका के खिलखेत इलाके में बने अस्थाई दुर्गा मंदिर को गिरा दिया था। प्रशासन का दावा था कि मंदिर रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था। मंदिर गिराने की यह कार्रवाई ऐसे वक्त हुई जब तीन दिन पहले ही भीड़ ने मंदिर हटाने की मांग की थी। दुर्गा मंदिर को ढहाने को लेकर भारत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हमें जानकारी मिली है।

- **मंदिर पर बुलडोजर एक्शन को लेकर यूनुस सरकार ने दी सफाई**

# मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था: रश्मिका मंदाना





**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना फिल्म मैसा में काम करती नजर आएंगी। रश्मिका मंदाना देशभर में जबरदस्त फैनबेस एन्जॉय करती हैं और फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं कि वो आगे क्या करने वाली हैं। कल रिलीज हुए दिलचस्प पोस्टर के बाद, रश्मिका मंदाना की अगली फिल्म मैसा का जोरदार लॉन्च हुआ। पुष्पा 2: द रूल के बाद रश्मिका एक और पैन इंडिया फिल्म मैसा के साथ तैयार हैं। अनुर्मूला फिल्म्स के बैनर तले बनी मैसा एक ऐसी कहानी लग रही है जिसमें एक महिला यौद्धा की हिम्मत और जज्बे को दिखाया गया है। फिल्म का पोस्टर वाकई अब तक कभी न देखा गया लुक देता है, जिसमें रश्मिका मंदाना के चेहरे का तेज और जज्बा साफ नजर आता है।

प्रोडक्शन हाउस ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा, हौसले में पली। इरादों में अडिग। वो दहाड़ती है। सुनने के लिए नहीं, डराने के लिए। पेश हैं/रश्मिका मंदाना अपने सबसे तीखे अवतार में मैसा में। रश्मिका मंदाना इस प्रोजेक्ट को लेकर खुद भी काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। उन्होंने फिल्म का टाइटल और लुक अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए एक खास कैप्शन लिखा, मैं हमेशा आपको कुछ नया, कुछ अलग, कुछ रोमांचक देने की कोशिश करती हूं और यह वैसा ही एक प्रोजेक्ट है। एक ऐसा किरदार जो मैंने पहले कभी नहीं निभाया। एक ऐसी दुनिया जहां मैं पहले कभी नहीं गई और मेरा ऐसा रूप जिसे मैंने खुद भी अब तक नहीं देखा था। यह गुस्से से भरा है। बहुत दमदार है और बिलकुल असली है। मैं थोड़ी घबराई हुई हूं लेकिन बहुत खुश भी हूं। मैं सच में इंतजार नहीं कर सकती कि आप सब देखें हम क्या बना रहे हैं और यह तो बस शुरुआत है। मैसा को लेकर बात करते हुए निर्देशक रविंद्र पुल्ले ने कहा, मैसा दो साल की मेहनत का नतीजा है। हम चाहते थे कि इस फिल्म की दुनिया, उसका लुक, किरदार और कहानी, हर एक चीज बिलकुल सही हो और अब हम यह कहानी दुनिया को सुनाने के लिए तैयार हैं।


## हर्ष और शिवांगी की जोड़ी के दीवाने हुए दर्शक



**मुंबई।** अभिनेत्री शिवांगी जोशी का कहना है कि हर्षद चोपड़ा का काम के प्रति समर्पण बेहद प्रेरणादायक है। लोकप्रिय टेलीविजन शो बड़े अच्छे लगते हैं का नया सीजन सिर्फ अपनी भावनात्मक कहानी के लिए ही नहीं, बल्कि अपने लीड पेयर हर्षद चोपड़ा यानि ऋषभ और शिवांगी जोशी यानि भाग्यश्री के बीच की लाजवाब रोमांटिक केमिस्ट्री के लिए भी दर्शकों के बीच खासा चर्चित हो रहा है, जहां दर्शक ऑन-स्क्रीन उनकी परफॉर्मेंस के दीवाने हैं, वहीं पर्दे के पीछे भी दोनों की आपसी सराहना देखने को मिल रही है।

हाल ही में शिवांगी जोशी ने हर्षद के साथ काम करने के अनुभव को लेकर अपने विचार साझा किए और अपने को-स्टार की सिर्फ तारीफ की। शिवांगी ने कहा, हर्षद सेट पर हर दिन एक अलग ही ऊर्जा लेकर आते हैं। उनका डेडिकेशन और टैलेंट वाकई प्रेरणादायक हैं। उनके अभिनय में एक सहजता है, जो हमारे सीन को और प्रभावशाली बना देती है। समय के साथ हमारे बीच एक खूबसूरत बॉन्ड बन गया है। हमारे बीच आपसी सम्मान और सहजता है, जो इमोशनल सीन को गहराई देने में बहुत मदद करती है। बड़े अच्छे लगते हैं का नया सीजन, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8:30 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनीलिव पर प्रसारित होता है।

## करण टैकर ने दुनिया के दूसरे सबसे ऊंचे मैन-हेड डैम पर किया था खतरनाक स्टंट



**मुंबई।** अभिनेता करण टैकर ने शो स्पेशल ऑप्स 2 में दुनिया के दूसरे सबसे उंचे मैन-मेड डैम पर खतरनाक स्टंट किया है। करण टैकर ने वर्ष 2020 में प्रदर्शित फिल्मकार नीरज पांडे की वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स में काम किया। इस सीरीज में करण ने खुफिया अधिकारी फारूक अली का किरदार निभाया था।

जिसे लोगो ने बेहद पसंद किया। करण टैकर अब स्पेशल ऑप्स 2 में नजर आएंगे। करण टैकर इस शो में दोबारा फ़ारूक़ अली की दमदार भूमिका में लौटे हैं और इस बार वो सिर्फ रॉ एजेंट नहीं, बल्कि एक इमोशनल योद्ध बनकर सामने आ रहे हैं। ओटीटी पर करण का ग्रैंड डेब्यू स्पेशल ऑप्स से ही हुआ था और फ़ारूक़ अली का किरदार उनके करियर का टर्निंग पॉइंट बना। जब शो के दूसरे सीजन का बज आसमान छू रहा है, तब करण टैकर ने एक हैरान कर देने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पहले स्पेशल ऑप्स सीजन एक के एक सीन के दौरान वो रो पड़े थे। करण टैकर ने बताया, पहले सीजन में एक सीन था, जहां मुझे 15-16 मंजिला बिल्डिंग की छत के किनारे खड़ा होना था।

जैसे ही मैं खड़ा हुआ, डर से कांपने लगा और बैठ गया। आंखों में आंसू आ गए। लेकिन फिर भी मैंने उस डर का सामना किया। करण टैकर ने बताया, लेकिन सीजन 2 में कहानी पलट गई। इस बार एक स्टंट था जिसे मैं खुद करना चाहता था। जब नीरज सर ने पूछा कि करना है या नहीं, तो मैंने लोकेशन देखना मांगा। और सामने निकला, दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा मैन-मेड डैम। मैंने खुद से कहा, अब तो करना ही है और जब किया, तो ऐसा सुकून मिला कि अब ऊंचाई से डर नहीं, एक्साइटमेंट होती है।

## सलमान खान ने अंग्रेजी लघु फिल्म इकोज ऑफ अस का टीजर शेयर किया

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अंग्रेजी लघु फिल्म इकोज ऑफ अस का टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। अंग्रेजी लघु फिल्म इकोज ऑफ अस से टेलीविजन प्रस्तुतकर्ता और गायिका यूलिया वंतूर अभिनय की दुनिया में कदम रख रही हैं। इस फिल्म का निर्माण पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर किया है। इस लघु फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। सलमान ने इंस्टाग्राम स्टोरी में इस फिल्म का टीजर शेयर किया है। टीजर में यूलिया वंतूर, दीपक तिजोरी और स्पेन की अभिनेत्री एलेजांड्रा वालन मरेडिज नजर आ रही हैं। सलमान ने फिल्म इकोज ऑफ अस का टीजर पनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया और लिखा, टीम को शुभकामनाएं। इस फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है। फिल्म कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल्स में धूम मचा रही है।

## फिर इतिहास लिखेगी हिरानी और आमिर खान की जोड़ी



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान तीसरी बार फिल्मकार राजकुमार हिरानी के साथ काम करने जा रहे हैं। राजकुमार हिरानी का नाम आते ही दिमाग में एक ही बात आती है, 100 प्रतिशत हिट्स देने वाला निर्देशक। हिरानी ऐसे फिल्ममेकर हैं जिनकी कहानियां लोगों के दिलों में उतरती हैं और हर बार हंसी और इमोशन का परफेक्ट बैलेंस लेकर आती हैं। अब जब उन्होंने दादा साहेब फाल्के की बायोपिक बनाने का एलान किया है, तो उससे भी बड़ी बात ए है कि इसमें आमिर खान उनके साथ फिर से जुड़ने जा रहे हैं। 3 इडियट्स और पीके जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की ऐतिहासिक कामयाबी के बाद आमिर और हिरानी तीसरी बार साथ आ रहे हैं। इन दोनों फिल्मों को उनकी शानदार स्क्रिप्ट, गहराई से भरे इमोशंस और दमदार कहानी के लिए खूब सराहा गया था, जो इस जोड़ी की पहचान बन चुकी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में जब आमिर से पूछा गया कि क्या फाल्के की बायोपिक में भी ह्यूमर देखने को मिलेगा, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि राजू और अभिजात (जोशी, राइटर) की कॉमेडी की तरफ एक खास रुचि है और मेरी भी। हम तीनों को ह्यूमर बहुत पसंद है और मुझे लगता है कि यही वो जॉनर है जिसमें राजू सबसे ज्यादा कंफर्टेबल हैं: ड्रामा जिसमें ह्यूमर भी हो। तो ए फिल्म भी शायद उसी स्पेस में होगी। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2025 से शुरू होगी। आमिर सितारे जमीन पर की रिलीज के बाद सीधे इसकी तैयारी में लग जाएंगे। फिल्म की कहानी जिस पुराने जमाने पर आधारित है, उसे असली जैसा दिखाने के लिए लॉस एंजेलेस की एक वीएफएक्स कंपनी ने एआई की मदद से सीन तैयार किए हैं।

## आमी डाकिनी ने मुझे सीमाओं से बाहर पहुंचाया: राची शर्मा

**मुंबई।** अभिनेत्री राची शर्मा का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो आमी डाकिनी के लिए उन्हें उनके किरदार के लिए अब तक जो प्रतिक्रिया मिली है वह अद्भुत है। शो आमी डाकिनी अपने गहन कथानक और रहस्यमई वातावरण के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रहा है।

इस कहानी के केंद्र में है डाकिनी, एक रहस्यमई पात्र, जिसकी खामोशी बहुत कुछ कहती है, नजरों से बेचैनी फैलती है और जिसकी मौजूदगी देर तक महसूस होती है। इस शो में मीरा का किरदार निभा रहीं राची शर्मा ने हाल ही में इस रोल के भावनात्मक और शारीरिक असर के बारे में खुलकर बात की।

अपने ग्रेस और प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली राची ने बताया कि आमी डाकिनी ने उन्हें ऐसी सीमा तक पहुंचाया जहां वो पहले कभी नहीं गई थीं। उन्होंने कहा, आमी डाकिनी अब तक के मेरे सभी प्रोजेक्ट्स से बिल्कुल अलग है।

यह पूरी प्रक्रिया बेहद तीव्र थी क्योंकि हर शॉट में हमसे बहुत ज्यादा भावनात्मक और शारीरिक भागीदारी की मांग थी। शूटिंग के दौरान मुझे कुछ छोटी-मोटी चोटें भी आईं, लेकिन सौभाग्य से कुछ गंभीर नहीं हुआ था। मुझे अपने निर्देशक का पूरा सहयोग मिला, जिसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। शो और मेरे किरदार के लिए अब तक मुझे जो प्रतिक्रिया मिली है।

वह वाकई अद्भुत है। आमी डाकिनी, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8:00 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनीलिव पर प्रसारित होता है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)